संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 28 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



नई दिल्ली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को वायनाड लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने पर मिठाई खिलाते हुए राहुल गांधी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 327 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# संसद में विपक्ष का जोरदार हंगामा

● लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित, राहुल ने सरकार पर लगाया अडाणी को बचाने का आरोप

**बरपा हंगामा**

⏩ लोकसभा में कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की। सपा ने नेताओं ने संभल में हुई हिंसा का मुद्दा भी उठाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: विपक्ष** के हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही सुचारु रुप से नहीं चल पा रही है। बुधवार को शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन जैसे ही लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष के भारी हंगामे के कारण कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। लोकसभा में चर्चा शुरू होते ही विपक्ष के सांसदों ने भारी हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। जैसे ही 12 बजे कार्यवाही



शुरू की गई विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही कल सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल, विपक्षी सांसद लोकसभा में यूपी के संभल में हुए उपद्रव और अडाणी से जुड़े मामले में चर्चा की मांग कर रहे हैं। विपक्ष की मांग पर लोकसभा स्पीकर ने कहा कि सदन चलने दें। हर मुद्दे पर चर्चा कराई जाएगी। लोकसभा के साथ राज्य सभा में भी विपक्ष का भारी हंगामा देखने को मिला। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही पहले सुबह 11.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई। इसके बाद कल तक के लिए राज्यसभा की कार्यवाही को स्थगित किया गया है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अडानी समूह उद्योगपति गौतम अडानी से जुड़े अमेरिकी अदालत द्वारा लगाए गए आरोपों से इनकार करेगा।

अडानी ग्रुप एनर्जी लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई सूचना में समूह के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी ग्रीन एनर्जी के एमडी और सीईओ विनीत जैन के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग द्वारा लगाए गए रिश्वतखोरी के आरोपों का खंडन किया।

## सुरजेवाला के नोटिस में क्या लिखा गया?

**कांग्रेस** सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा दिए गए नोटिस में लिखा गया था कि मैं राज्य सभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 267 के तहत 27 नवंबर, 2024 के लिए सूचीबद्ध कार्य के निलंबन के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव पेश करने के लिए नोटिस देता हूं। यह सदन अमेरिकी अदालत के अभियोग में गंभीर खुलासे पर चर्चा करने के लिए सभी निर्धारित कार्य स्थगित करता है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि अडानी समूह एसईसीएल निविदाओं के माध्यम से बिजली आपूर्ति समझौते हासिल करने के लिए राज्य के अधिकारियों को रिश्वत देने में शामिल था। उल्लेखनीय है कि विपक्ष अडाणी, संभल और मणिपुर को लेकर संसद के दोनों सदनों में चर्चा की मांग कर रहा है। इसी मांग को लेकर दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा देखने को मिला था।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा के प्रथम स्पीकर गणेश वासुदेव मावलंकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## केजरीवाल ने राजधानी की कानून व्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र को घेरा

**नई दिल्ली:** दिल्ली में बढ़ते आपराधिक मामलों पर केंद्र से सवाल करते हुए आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज कहा कि केंद्र सरकार ने राजधानी में कानून व्यवस्था का मजाक बना दिया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि दिल्ली में हर तरफ डर और असुरक्षा का माहौल है।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की असुरक्षा चिंता का विषय: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस पार्टी ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों में असुरक्षा के माहौल पर चिंता व्यक्त की है। पार्टी ने इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को इसका ताजा उदाहरण बताया है। पार्टी ने उम्मीद जताई है कि भारत सरकार बांग्लादेश सरकार से अल्पसंख्यकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को लेकर दबाव डालेगी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी एक एक्स पोस्ट में इस मुद्दे को उठाया है। इस्कॉन मंदिर के संत की गिरफ्तारी और अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा की खबरें अत्यंत चिंताजनक है।

## आरक्षण के लिए धर्म परिवर्तन संविधान से धोखा: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ आरक्षण का फायदा उठाने के लिए किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखा है।

अदालत ने यह फैसला 26 नवंबर को उस केस में सुनाया, जिसमें एक महिला ने क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था, लेकिन बाद में शेड्यूल कास्ट सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए दावा किया कि वो हिंदू है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता की अपील को ठुकरा दिया और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# सीएम सैनी बने स्वच्छता दूत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन के तहत विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प में राज्य को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वच्छता दूत के रूप में कुरुक्षेत्र में स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का महान संदेश दिया। मुख्यमंत्री की इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए इसे एक जन आंदोलन बनाना है, ताकि हरियाणा न केवल स्वच्छ बने बल्कि इसकी पहचान सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ राज्य के रूप में बने। मुख्यमंत्री ने आज श्रमदान करते हुए थानेसर शहर में



स्वच्छ कुरुक्षेत्र महासफाई अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता रथ गीता महोत्सव को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के लिए स्वच्छ कुरुक्षेत्र के बोर्ड पर अपने हस्ताक्षर भी किए। स्वच्छ कुरूक्षेत्र की इस पहल में मुख्यमंत्री के साथ

**अभियान**

⏩ कुरुक्षेत्र के एक-एक नागरिक को स्वच्छता अभियान के साथ जुड़ना चाहिए: सीएम सैनी

सैकड़ों लोगों ने भी करीब एक घंटा शेखचिल्ली मकबरे से लेकर ओपी जिंदल पार्क, ज्योतिबा भाई फूले व ताऊ देवीलाल चौक पर स्वच्छता अभियान में अपना श्रमदान दिया।

कुरुक्षेत्र के एक-एक नागरिक को स्वच्छता अभियान के साथ जुड़ना चाहिए।

# वल्गर कंटेंट रोकने के लिए कानून बने: अश्विनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट की रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाने की बात कही। वैष्णव ने कहा- जिन देशों से ऐसे कंटेंट आते हैं, उनकी संस्कृति हमसे काफी अलग है। वैष्णव ने कहा- वल्गर कंटेंट की रोकथाम के लिए पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी को इस विषय पर ध्यान देने और कानून को सख्त कानून की मांग की। वैष्णव ये बात बुधवार को संसद सत्र के दूसरे दिन लोकसभा सांसद अरुण गोविल



के पूछे गए सवाल के जवाब में कही। गोविल ने सोशल मीडिया पर वल्गर कंटेंट से युवाओं पर पड़ रहे असर और इसकी रोकथाम के लिए सरकार की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए थे। सांसद गोविल ने सदन में पूछा कि वल्गर कंटेंट को रोकने के लिए मौजूदा तंत्र क्या है? और क्या

**मांग**

⏩ जहां से ये कंटेंट आ रहा, वहां की और हमारी संस्कृति में बहुत अंतर: अश्विनी वैष्णव

सरकार इन कानूनों को और सख्त करने का प्रस्ताव कर रही है? इसके जवाब में वैष्णव ने कहा- सोशल मीडिया के युग में एडिटोरियल चेक होना समाप्त हो गया है।

## खनिजों की नीलामी का पहला दौर आज शुरू करेगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार अपतटीय क्षेत्रों में खनिज ब्लॉक की नीलामी का पहला दौर गुरुवार को शुरू करेगी। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे इस महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत करेंगे। खान मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 28 नवंबर को देश के अपतटीय क्षेत्रों में खनिज ब्लॉकों की नीलामी की पहली किश्त शुरू की जाएगी।

**रूख साफ किया** | पीएम मोदी और अमित शाह का फैसला मंजूर', एकनाथ शिंदे ने साफ किया रुख

# मुझे सीएम बनने की लालसा नहीं: एकनाथ शिंदे

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई: महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री और शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने बुधवार को सीएम पद को लेकर चल रही चर्चाओं को विराम दे दिया। उन्होंने कहा कि मेरे मन में सीएम बनने की लालसा नहीं है। पीएम मोदी और अमित शाह जो भी निर्णय लेंगे मुझे मंजूर होगा। सरकार बनाते समय मेरी तरफ से कोई अड़चन नहीं आएगी। मैं चट्टान की तरह साथ खड़ा हूं। भाजपा की बैठक में जो भी निर्णय लिया जाएगा, हमें मान्य होगा। भाजपा का सीएम मुझे मंजूर है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई साल में



पीएम मोदी और अमित शाह ने मेरा पूरा सहयोग किया। अमित शाह और पीएम मोदी ने बालासाहेब ठाकरे के एक आम शिवसैनिक को सीएम बनाने के सपने को पूरा किया है। वे हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने मुझ पर विश्वास किया। मुझे मुख्यमंत्री बनाया और बड़ी जिम्मेदारी दी। मैं रोने वालों और लड़ने वालों में से नहीं हूं। मैं भागने वाला नहीं समाधान करने वाला व्यक्ति हूं। हम मिलकर काम करने वाले लोग हैं। ढाई साल तक हमने खूब काम किया है। महाराष्ट्र में विकास की रफ्तार बढ़ी है। हमने हर वर्ग की भलाई के लिए काम किया। एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति को बहुमत मिला है। मैं जनता को धन्यवाद देता हूं। जनता ने महायुति पर विश्वास जताया है। विकास की योजनाओं को समर्थन मिला है। आम आदमी को कहां-कहां दिक्कत आती है, मैं समझता हूं। मैंने खुद को कभी मुख्यमंत्री नहीं समझा। मैंने आम आदमी की तरह काम किया। महाराष्ट्र की समस्याओं को दूर करने की कोशिश की है।



# अत्याचार की रोकथाम के लिए कमेटी की बैठक संपन्न



टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर:** अनुसूचित जातियों -जन जातियों के लोगों पर किसी भी प्रकार के कोई अत्याचार न हो इसके लिए गठित की गई उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन बुधवार को सचिवालय में किया गया। कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कमेटी के चेयरमैन एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक निर्मल नागर ने की। इस अवसर कमेटी के सदस्य सहायक पुलिस आयुक्त संदीप सिंह,नायब तहसीदार गजे सिंह छोक्कर,पूर्व पार्षद बीरमती,सुनील कुमार व रत्न सिंह,तहसील कल्याण अधिकारी शामिल हुए।कमेटी के चेयरमैन एसडीएम निर्मल नागर ने बताया की प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति -जन जातियों के सदस्यों पर किसी प्रकार के कोई अत्याचार न हो व जिनपर कोई अत्याचार हुए है उनकी निगरानी के लिए हरियाणा सरकार ने वर्ष 2014 में प्रदेश, जिला व उप मंडल स्तर पर कमेटियों का गठन किया गया था । उन्होंने बताया कि इसी संदर्भ में आज गन्नौर उप मंडल के सदस्यों उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि गन्नौर उप मंडल में अभी तक सात मामले सामने आए है,सभी आरोपितों के खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में मामले दर्ज करवाए जा चुके है। कमेटी के चेयरमैन ने बताया कि सरकार की योजनाओं के तहत जो राशि पीड़ित पक्ष को दी जानी थी उनमें से ज्यादातर लोगों को परसेंटेज के हिसाब से राशि भी दी जा चुकी है और जो बची हुई राशि है उनको लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम निर्मल नागर ने कमेटी के सदस्यों से अपील की कि वे इस प्रकार के मामलों की सूचना उन्हें या पुलिस अधिकारियों को तुरंत दें ताकि किसी को पीड़ित होने से बचा जा सकें।

## विभिन्न वार्ड में चलाया बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

**महेंद्रगढ़।** शहर के वार्ड-13,14 व 15 में बुधवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया गया। आंगनबाड़ी वर्कर आशारानी ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह प्रथा न केवल बच्चों के विकास में बाधा उत्पन्न करती है, बल्कि उन्हें उनके अधिकारों से भी वंचित कर देती है।

## 'केजरीवाल को आज कुछ हो गया तो…'

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली के नांगलोई जाट विधायक रघुविंदर शौकीन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बड़ा आरोप लगाया है। विधायक ने कहा है कि भाजपा के कहने पर गुंडों ने इलाके को घेर लिया जहां आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल आ रहे थे। रघुविंदर के मुताबिक अगर केजरीवाल को कुछ भी होता है तो उसके लिए दिल्ली पुलिस और भाजपा जिम्मेदार होगी।

## नागरिक अस्पताल में चलाया बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया गया। अभियान एसएमओ बाबुलाल के नेतृत्व में चलाया गया। एसएमओ बाबुलाल ने बताया कि ये अभियान 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। यह अभियान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की सफलता से प्रेरित है। यह अभियान देश को बाल विवाह मुक्त बनाने पर केंद्रित है। यह अभियान विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लड़कियों और महिलाओं के बीच शिक्षा, कौशल, उद्यम और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अनिवार्य साबित होगा। उन्होंने बताया कि देश में पिछले कुछ वर्षों में बाल मृत्यु दर, जन्म लिंग अनुपात कम करने और सभी स्तरों पर लड़कियों के नामांकन को बढ़ावा देने में सफलता मिली है। हालांकि, बाल विवाह की कुरीति अभी भी व्याप्त है। यह मानवाधिकार उल्लंघन का सबसे खराब स्वरूप है। ठोस प्रयासों के बावजूद आज भी लगभग पांच में से एक लड़की का विवाह विधि सम्मत आयु 18 वर्ष से पहले कर दिया जाता है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत की भविष्य दृष्टि से प्रेरित है।

एसएमओ ने नागरिक अस्पताल के समस्त स्टाफ को शपथ दिलाते हुए बताया कि बाल विवाह मुक्त अभियान देशभर में युवा लड़कियों के सशक्तिकरण के सरकार के प्रयासों का प्रमाण है।

## दिल्ली में 23 दानिक्स अफसरों के होंगे तबादले

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली में 23 दानिक्स अफसरों का तबादला होगा। राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) द्वारा 23 अफसरों के तबादले को सीएम आतिशी से मंजूरी मिल गई है। कुछ को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है और अंडमान निकोबार और लक्षदीप से आए सात दानिक्स अधिकारियों को दिल्ली सरकार के विभागों में पोस्टिंग मिलेगी।


### उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | कांप्रहेंसिव एन्युअल मेंटेनेन्स ऑफ Datalogger System ऑफ Efftronics मेक ऑफ दिल्ली डिवीज़न फॉर 03 ईयर्स। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 4,09,89,780/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 3,55,000/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 27.11.2024 / निविदा खुलने का दिनांक 19.12.2024 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558-सिगनल–16–एम–टेंडर–ए एम सी–088–2024–25 दिनांक : 27.11.2024
3662/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/आरएस(ई)/टीएम/3 नई दिल्ली, दिनांक 20.11.2024
**शुद्धिपत्र संख्या 1**
विषय:– 138 अदद् 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाईन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 28.11.2024 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–3.
1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 28.11.2024 (गुरुवार) से 10.11.2025 (शुक्रवार) बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।
निदेशक, रेल भंडार (एफ) (रेलवे बोर्ड)
3649/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रमेश पुत्र नट्टू भाई पता: घोडे वाले मंदिर के पास, रघुबीर नगर, ख्याला वेस्ट दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 616/2021 धारा 394/411 भा.द.स. के तहत** थाना: द्वारका नार्थ, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रमेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रमेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 616/2021 धारा 394/411 भा.द.स. के तहत थाना द्वारका नार्थ, दिल्ली के उक्त रमेश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
नीतिका कपूर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06
कमरा–514, पॉचवा तल
द्वारका जिला कोर्ट, नई दिल्ली
DP/15536/DW/2024

### उत्तर रेलवे
**ई–निविदा**
**खुली निविदा संख्या 45–अम्बाला/2024–25 दिनांक 26.11.2024**
वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/आरपीजे के अनुभाग में सीवरेज/ड्रेनेज सिस्टम (जीवीजी, केएनएन, आरपीजे, एसएमयू और अन्य रेलवे कॉलोनियों), पुल जलमार्ग की सफाई (बीआर नंबर 313, 325, 361–ए, 344, 331 और यूएमबी-एलडीएच खंड पर अन्य पुलों) की मरम्मत। | 41,16,791 | 82,300 | 06 महीने | 18.12.2024 |
| 2 | एडीईएन/आरपीजे अनुभाग में पुलों की विविध मरम्मत और विभिन्न एलएचएस की डीवाटरिंग। | 42,26,566 | 84,500 | 06 महीने | 18.12.2024 |
| 3 | एडीईएन/एसआईआर के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसआईआर और एनएलडीएम के अनुभाग में पुलों की विविध मरम्मत और विभिन्न एलएचएस से जल निकासी। | 45,33,563 | 90,700 | 06 महीने | 18.12.2024 |
| 4 | चंडीगढ़ में लाइन नंबर 5 और 6 (प्रत्येक 600 मीटर) पर गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान। | 8,90,71,752 | 5,95,400 | 12 महीने | 18.12.2024 |
| 5 | (सीटीआर 0.6 किमी) बठिंडा यार्ड में पीएफ लाइन नंबर 4 पर बैलास्टेड ट्रैक प्रदान करके मौजूदा क्षतिग्रस्त वॉशेबल एप्रन का प्रतिस्थापन। | 89,87,903 | 1,79,800 | 03 महीने | 18.12.2024 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।
3640/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
**नोटिस**
**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:**
**क) कुल सात (07) स्टॉल:** गाज़ियाबाद, दिल्ली शाहदरा, समालखा, सोनीपत, गन्नौर, मेरठ कैंट और बहादुरगढ़ स्टेशनों पर।
**ख) कुल अट्ठाईस (28) ट्राली:** जुलाना, सांपला, खेकड़ा, दिल्ली किशनगंज, नोली, ओखला, पालम, टपरी,बादली, फरीदाबाद, जींद, जाखल, मानसा, नरवाना, टोहाना, नरेला, तुगलकाबाद,शामली, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, खतौली, सकौती टांडा, आनंद विहार टर्मिनल और मोदीनगर स्टेशनों पर।
• गाज़ियाबाद, समालखा, सोनीपत, गन्नौर, मेरठ कैंट और बहादुरगढ़ स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में **90 दिन** होगी।
• उपरोक्त **(ख)** समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर **ट्राली** स्थापित करने की अवधि **30 दिन** होगी।
• **NSG1, 2, 3** और **4** स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क **2,000 रु.** की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और **NSG5** (जुलाना, सांपला, जींद, जाखल, मानसा, नरवाना, टोहाना, ओखला, टपरी, बादली, शामली, खेकड़ा, दिल्ली किशनगंज, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) **& NSG6** (परतारपुर और सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क **1,000 रु.** की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
• **प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:**
**क)** विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक। **ख)** भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम(एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार। **ग)** पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। **घ)** समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग। **ङ)** किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।
• आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
• आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद **02.12.2024,15:00 बजे** तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
• सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
• **'एक स्टेशन एक उत्पाद'** योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL:https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
• इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है।
3657/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
**निविदा सूचना**
(ई–टेंडरिंग द्वारा)
निविदा संख्या: 558-सिगनल-16-टेली-ओपन टेंडर-1010 दिनांक : 27.11.2024

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | आनंद विहार, दिल्ली डिवीजन में कोचिंग रखरखाव कॉम्प्लेक्स में हाई–स्पीड ट्रेन के रखरखाव की सुविधा के लिए वॉशिंग कम पिट–लाइनों पर कवर शेड के प्रावधान सहित रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन के लिए दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,17,62,158.51/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,58,800/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय 23.12.2024 15:00 बजे तक। |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

3659/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली
पेंशन अदालत **सूचना** पेंशन अदालत
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के कार्मिक विभाग में **दिनांक 16.12.2024 (सोमवार) को पेंशन अदालत** (आर.पी.एफ. व लेखा विभाग को छोडकर) आयोजित की जा रही है।
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली से सेवानिवृत्ति ऐसे कर्मचारा/अधिकारी जिन्हे समापन देयों के भुगतान से संबंधित कोई शिकायत है, तो पूरे विवरण सहित (अर्थात आवेदनकर्ता का पूरा नाम, कर्मचारी का अन्तिम पद, पी.पी.ओ. सं., कर्मचारी सं. सेवानिवृत्ति/मृत्यु की तिथि, शिकायत का विवरण, वर्तमान पूरा पता देते हुए) दो प्रतियों में आवेदन पत्र बंद लिफाफा जिस पर **"पेंशन अदालत-2024 के लिए"** लिखा हो, **दिनांक 10.12.2024** तक निम्न पते पर भेजें :-
**"सहायक कार्मिक अधिकारी/वेतन**
**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली लालगंज, जिला: रायबरेली (उ.प्र.) पिनकोड : 229120"**
नोटः उपरोक्त विज्ञप्ति एमसीएफ रायबरेली की वेबसाईट https://mcf.indianrailways.gov.in Employee's corner Pension Adalat पर उपलब्ध है।
No. MCF/FS/Pension Adalat/2017
Dated: 20.11.2024
सहायक कार्मिक अधिकारी/वेतन
कृते महाप्रबंधक (कार्मिक)

### उत्तर मध्य रेलवे
**निविदा सूचना सं0:** 11920242025 **दिनांक:** 25.11.2024
**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**
मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 18.12.2024 को 13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.:** 247 | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 14921610.74 |
| **कार्यों का विवरण:** सहायक मंडल अभियंता/अलीगढ़ के अधीन दनकौर और आसपास के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की भारी मरम्मत का कार्य। | |
| **बयाने की रकम (रू) :** ₹ 224600.00 | **कार्य समापन की अवधि :** 08 महीने |
| **निविदा खुलने की तिथि : 18.12.2024** | |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार :** सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य। | |

**बिड कैपेसिटी की आवश्यकता नहीं है। नोटः- (1)** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। **(2)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि **दिनांक 18.12.2024 समय 13:30 बजे** तक उपलब्ध है। **(3)** उपर्युक्त निविदा मे ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(4)** निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा पत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **(5)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(6)** निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अन्यथा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी।
**2036/24 (A)**
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर रेलवे
**ई–निविदा सूचना**
वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कमिंस के सी–चेक और डी–चेक शेड्यूल सी एंड डी चेक के लिए सी चेक और सशर्त सामग्री के अनिवार्य के साथ अन्य संबंधित गतिविधियों के साथ उच्च क्षमता पावर कारों के 500 केवीए डीजल इंजन बनाते हैं। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 18.12.2024 प्रात: 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 25.11.2024 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | ₹7,92,44,582.36 सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | ₹5,46,200/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | NIL (अप्रैल 2022 के भाग-I खण्ड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 24 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 04.12.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 18.12.2024 प्रात: 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उदघाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/24–25/टी/12/आरटी/सी–चेक और डी–चेक
3650/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे
**ई निविदा**
**खुली निविदा संख्या–06–जीएस–इंजी–अंबाला/2024–25 दिनांक 26.11.2024**
उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति/उ.रे./अंबाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडरिंग द्वारा इच्छुक ठेकेदारों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो कार्य के सामने दी गई तिथि **19.12.2024 को समय 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को निविदा दस्तावेज़ के लिए अनदेखा कर दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के विरुद्ध निविदा दस्तावेज की लागत और बयाना राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध भुगतान मोड जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीद, एफडीआर आदि के माध्यम से मैन्युअल भुगतान की अनुमति नहीं है। अधिक जानकारी के लिए **www.ireps.gov.in** पर लॉगऑन करें।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| ओपन | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| **निविदाएं अपलोड करने की तिथि** | **बोली प्रारंभ तिथि** | **बोली बंद होने की तिथि/समय** |
| 26.11.2024 | 05.12.2024 | 19.12.2024 (15:00 बजे) |

| निविदा संख्या | निविदा का विवरण |
|---|---|
| 06–जीएस–इंजी–अंबाला/2024–25 | आरओएच डिपो/खानआलमपुरा में मौजूदा सिकलाइन शेड के विस्तार और ऊंचाई को बढ़ाकर वैगन रखरखाव के बुनियादी ढांचे में सुधार कार्य |

| विज्ञापित मूल्य (रु.) | अग्रिम राशि (रुपये) | ऑफर की वैधता | पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 6,03,56,030.42 | 4,51,800/- | 60 दिन | 09 महीने |

**समान प्रकृति कार्य:** "स्टील संरचना या एफ.ओ.बी. की संरचना और स्थापन या पीएफ शेल्टर या औद्योगिक शेड या स्टील/कम्पोजिट गर्डर ब्रिज या चैनल स्लीपर्स के माइक्रोवेव/एच.टी. टावर के निर्माण का कोई भी कार्य।"
**ध्यान दें:** बोली लगाने से पहले, बोली लगाने वाले को यह जांचना होगा कि निविदा के विरुद्ध कोई शुद्धिपत्र जारी किया गया है या नहीं।
3652/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिजीत राणा पुत्र नरेश कुमार निवासी 52-सी, डीडीए फ्लैट्स, अशोक विहार फेस-3, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **511/2021, अंतर्गत धारा 420/34 आईपीसी, थाना जनक पुरी, जिला पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिजीत राणा** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिजीत राणा** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **511/2021, अंतर्गत धारा 420/34 आईपीसी, थाना जनक पुरी, जिला पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अभिजीत राणा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 04.01.2025 को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
**श्री हरजोत सिंह औंजला**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-11
दक्षिण-पश्चिम जिला, कमरा नं. 15
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली
DP/15561/WD/2024
(Court Matter)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जोगिंदर उर्फ सुमित,** पुत्र: **कैलाश चौहान,** पता: **सी–343 गली नं. 02 मूवी मैजिक गुरुद्वारा रोड लोनी गाजियाबाद के सामने, उ0प्र0** ने **E-FIR No. 36848/23, U/s: 411/34 IPC, पुलिस थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जोगिंदर उर्फ सुमित** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **जोगिंदर उर्फ सुमित** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 36848/23, U/s: 411/34 IPC, पुलिस थाना करावल नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **जोगिंदर उर्फ सुमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2025** या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार,
सुश्री ईशा जैदी,
जेएमएफसी–04, उत्तर पूर्वी जिला, कमरा नंबर 64
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/15527/NE/2024

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया
मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना
**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना
**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना
**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना
मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया
मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दहशत में पूरी दिल्ली: अरविंद केजरीवाल

## केजरीवाल का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बड़ा हमला; कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि दिल्ली में हर तरफ डर और असुरक्षा का माहौल है। गली-मोहल्लों में गोलियां चल रही हैं, व्यापारियों को धमकियां दी जा रही हैं, सरेआम हत्याएं हो रही हैं। केजरीवाल ने लिखा कि अमित शाह ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था का मजाक बनाकर रख दिया है। केजरीवाल ने कहा कि नांगलोई में ऐसे दो परिवारों से मिलने जा रहा हूं। एक परिवार की दुकान पर दिनदहाड़े गोलियां चली थीं। दूसरे परिवार से फोन पर करोड़ों रुपये की फिरौती मांगी गई और ये सब पूरी दिल्ली में हो रहा है। उन्होंने लिखा कि ये सब अमित शाह के घर के कुछ किलोमीटर दूर ही हो रहा है। दिल्ली के लोग दहशत में जी रहे हैं और ये लोग हाथ पर हाथ रखे बैठे हैं।

**उठाए सवाल**

**▶▶ दिल्ली में हर तरफ डर, असुरक्षा का माहौल है। मोहल्लों में गोलियां चल रही हैं**

**केजरीवाल ने केंद्र से चिन्मय कृष्ण दास मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की**

बांग्लादेश में संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी का भारत में भी विरोध हो रहा है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रतिष्ठित संत और बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सम्मान के लिए सक्रिय रूप से आवाज उठाने वाले चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने केंद्र सरकार से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं केंद्र सरकार से अपील करता हूं कि इस मामले में हस्तक्षेप करके चिन्मयदास को जल्द से जल्द मुक्त कराएं।

### अब सभी थानों का होगा ऑडिट, 5 तक देनी होगी रिपोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गृह मंत्री अमित शाह की मीटिंग के बाद दिल्ली पुलिस मुख्यालय में हलचल तेज हो गई है। दिल्ली के सभी 227 थानों का ऑडिट करने के आदेश दिए गए हैं। स्पेशल सीपी से लेकर अडिशनल डीसीपी तक के अधिकारी थानों का निरीक्षण करेंगे और 5 दिसंबर तक रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद बड़े फेरबदल की संभावना है। गृह मंत्री अमित शाह के साथ शुक्रवार को हुई मीटिंग के बाद से दिल्ली पुलिस हेडक्वॉर्टर में हलचल तेज हो गई है। कानून-व्यवस्था को लेकर होम मिनिस्टर की नाराजगी के बाद से महकमे में ऊपर से लेकर नीचे तक ओवरहॉलिंग की चर्चा चरम पर है। शुरूआत थाना लेवल से की जा रही है। दिल्ली के सभी 227 पुलिस स्टेशन के ऑडिट के ऑर्डर हो चुके हैं। स्पेशल सीपी से लेकर अडिशनल डीसीपी तक के अफसर थानों में जाकर इंस्पेक्शन करेंगे। सभी को एक बुकलेट दी गई है, जिसमें दिए बिंदुओं में पुलिस स्टेशन को चेक करना है। इसकी रिपोर्ट 5 दिसंबर तक सौंपने को कहा गया है। पुलिस कमिश्नर के बाद नंबर-2 का ओहदा स्पेशल सीपी रैंक के अफसरों का होता है। इसके बाद जॉइंट सीपी, अडिशनल सीपी, डीसीपी और अडिशनल डीसीपी आते हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन सभी रैंक के अफसरों को दिल्ली के थानों के इंस्पेक्शन की जिम्मेदारी दी गई है। जिलों, बटालियन और अलग-अलग यूनिट्स में तैनात सभी अफसर अलग-अलग सब डिविजन में जाएंगे। एक सब डिविजन में तीन या दो थाने होते हैं। एक अफसर को एक सब डिविजन में जाकर निरीक्षण करने को कहा गया है। लॉ एंड ऑर्डर के लिहाज से दिल्ली के 15 जिलों को 70 सब-डिविजन में बांटा गया है, जिसका प्रमुख एसीपी होता है। ऑडिट करने वाले अफसरों को एक बुकलेट सौंपी गई है। इसमें बिंदुवार बताया गया है कि थाने में जाकर क्या-क्या चेक करना है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस दौरान 1 जनवरी 2023 से लेकर 15 नवंबर 2024 का पूरा लेखा-जोखा चेक किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री ने युवाओं से विकसित भारत प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का आग्रह किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले विकसित भारत युवा नेता संवाद से जुड़ी प्रश्नोत्तरी में भाग लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने में उनका अमिट योगदान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मेरे युवा मित्रों, एक दिलचस्प प्रश्नोत्तरी है, जो सुनिश्चित करेगी कि आप 12 जनवरी, 2025 को ऐतिहासिक विकसित भारत युवा नेता संवाद का हिस्सा बन सकें। उन्होंने कहा कि यह आपके अभिनव विचारों को सरकार के शीर्ष स्तर तक पहुंचाने का एक बहुत ही खास अवसर है। यह हमारे विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में आपका अमिट योगदान होगा।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025 के तहत विकसित भारत युवा नेता संवाद 11 और 12 जनवरी को नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। विकसित भारत युवा नेता संवाद के लिए 25 नवंबर से पंजीकरण शुरू हो गया है, जिससे युवाओं को विकसित भारत के लिए अपने विचार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। 5 दिसंबर तक मेरा युवा भारत (एमवाई भारत) प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराने वाले युवक-युवतियां डिजिटल प्रश्नोत्तरी के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।

डिजिटल प्रश्नोत्तरी में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकते हैं। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी।


**प्रश्नोत्तरी**

**▶▶ दिलचस्प प्रश्नोत्तरी है, आप 12 जनवरी, को ऐतिहासिक विकसित भारत युवा नेता संवाद का हिस्सा बन सकें**

## दिल्ली में मर्डर, चाकू से शरीर पर किए वार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में शालीमार बाग इलाके में एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। कई बदमाशों ने रामलीला मैदान में नाबालिग को चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। पीड़ित परिवार की माने तो नाबालिग के शरीर पर चाकू से 10-15 बार वार किए गए।

# प्रदूषण की अनसुलझी शिकायत में दिल्ली अव्वल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: राजधानी** दिल्ली समेत एनसीआर में बीते एक महीने से प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक बना हुआ है। देश में सबसे ज्यादा प्रदूषण इस क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। इस बीच वायु प्रदूषण की अनसुलझी शिकायतों के मामले में राजधानी दिल्ली पहले स्थान पर नजर आ रही है। समीर ऐप से दिल्ली में 15 अक्टूबर, 2021 से 19 नवंबर, 2024 तक कुल 6,170 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से अभी भी 2,333 शिकायतें लंबित हैं। वहीं दूसरी तरफ राजस्थान में कई लंबित शिकायतें हैं। यह लंबित मामलों के प्रतिशत के मामले में दिल्ली से भी आगे है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों में भिवाड़ी और अलवर की शिकायतें भी शामिल हैं। अलवर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव का संसदीय क्षेत्र है। दिल्ली में वायु प्रदूषण की शिकायतों का समाधान करने के मामले से सबसे खराब प्रदर्शन करने वालों में दिल्ली जल बोर्ड और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) थे। दिल्ली जल बोर्ड को 188 शिकायतें मिली थीं और वह इसमें से 64 फीसदी का समाधान करने में विफल था। इसी तरह, एमसीडी को 4,353 शिकायतें मिली थीं और 47 फीसदी शिकायतें हल नहीं हुई थीं।

दरअसल, सरकार ने समीर ऐप, वायु प्रदूषण से जुड़ी जानकारी देने और शिकायत करने के लिए बनाया गया है। यह ऐप, राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक की जानकारी देता है। यह जानकारी हर घंटे अपडेट होती है। यह ऐप, वायु गुणवत्ता सूचकांक से जुड़ी जानकारी को आसान तरीके से समझने में मदद करता है।

**प्रदूषण स्तर**

**▶▶ सरकार ने समीर ऐप, वायु प्रदूषण से जुड़ी जानकारी देने और शिकायत करने के लिए बनाया गया है**

# सनातन धर्म रक्षा बोर्ड के गठन की याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन धर्म रक्षा बोर्ड के गठन का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अदालत के पास नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। याचिका में कहा गया था कि सनातन धर्म के अधिकारों और रीति-रिवाजों की सुरक्षा के लिए कोई बोर्ड नहीं है। याचिका सनातन हिन्दू सेवा संघ ट्रस्ट ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि सनातन धर्म मानने वालों पर दूसरे धर्मावलंबियों की ओर से हमले किए जाते हैं। सनातन धर्म के अधिकारों, उसकी परंपरा और रीति-रिवाजों की रक्षा के लिए कोई धार्मिक संस्था नहीं है। ऐसी स्थिति में सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन धर्म रक्षा बोर्ड के गठन की जरूरत है। याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता ने सरकार से सनातन धर्म रक्षा बोर्ड के गठन के लिए प्रतिवेदन भी दिया था लेकिन इसका कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी।

# दिल्ली में बड़ा 'खेल' उजागर, दो अधिकारी बर्खास्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के स्कूलों में एक बड़े खेल का मामला उजागर हुआ है। जांच में सामने आया कि अधिकारियों करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति से ब्याज कमाया है। अब इस मामले में कड़ा एक्शन लिया गया है। दिल्ली में निगम स्कूलों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों को मिलने वाली राशि के दुरुपयोग पर निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने सख्त कार्रवाई है।

इसमें निगम के शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जबरन रिटायर किया गया है तो कुछ कर्मचारियों का डिमोशन किया गया है। मामला पूर्वकालिक दक्षिण दिल्ली नगर निगम के मध्य जोन का है, जहां पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मिलीभगत करके अनुसूचित जाति और जनजाति के साथ ही अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली राशि का दुरुपयोग किया।

**अधिकारियों ने ऐसे किया बड़ा खेल**

निगम की ऑडिट रिपोर्ट में यहां मामला उजागर हुआ था, जहां जोन में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को दी जाने वाली राशि को अपने या अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर खाते खुलवाकर ट्रांसफर किया और फिर उस राशि से आने वाली ब्याज से मुनाफा कमाया। इस मामले की जांच चल रही थी। जांच के बाद निगम आयुक्त अश्वनी कुमार ने निगम के शिक्षा विभाग में कार्यरत सहायक निरीक्षक प्रमोद व मंसाब जोशी को बर्खास्त किया गया है।

**सख्त कार्रवाई**

**▶▶ जांच में सामने आया कि अधिकारियों करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति से ब्याज कमाया है**

# पूर्व मंत्री कैलाश गहोलत ने विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी के बाद दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को अपना इस्तीफा भेजा है। कैलाश गहलोत ने हाल ही में आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया और बीजेपी में शामिल हो गए. बीते 18 नवंबर को नजफगढ़ से विधायक और दिल्ली सरकार में मंत्री रहे कैलाश गहलोत आम आदमी पार्टी (आप) को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता दिलाई थी। इस दौरान कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने आजतक किसी के दवाब में कोई काम नहीं किया है। जितनी भी ऐसी बातें सुनने में आ रही है कि मैंने ये सीबीआई के दवाब में ऐसा किया या किसी और दवाब में किया ये गलत है। यह निर्णय एक दिन का नहीं है। हजारों लोग अन्ना के आंदोलन के बाद एक विचारधारा से जुड़े, मेरा राजनीति में आने का मकसद लोगों की सेवा करना है।

# काला जठेड़ी और अनिल छेपी गैंग के 6 बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: द्वारका** जिले के जाफरपुर कला थाना पुलिस टीम ने काला जठेड़ी और अनिल छेपी गैंग के छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन पर जबरन घर पर कब्जा करने का आरोप है। इनमें से गिरफ्तार मोहित पहले से हत्या, डकैती और लूट इत्यादि के 13 मामलों में शामिल है। इसका साथी योगेश भी हत्या के मामलों में संलिप्त रहा है। बाकी आरोपितों में से दीपक हत्या के मामले में शामिल रहा है। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें बताया गया कि चार-पांच लोग उसके प्लॉट का ताला तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायत करने वाले मनीष ने पूरी जानकारी पुलिस को दी। उसके बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसएचओ अशोक गिरी की देखरेख में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। मामले में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला। फुटेज में गाड़ी का पता लगाया, जिससे आरोपित पहुंचे थे। पुलिस ने एक-एक कर सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनके पास से तीन हथियार 11 जिंदा कारतूस बरामद किए गए और जाफरपुर कला थाने में मामला दर्ज किया गया। आगे की पूछताछ हुई तो पता चला कि जिस प्लॉट पर ये लोग ताला तोड़ने आए थे, उसका विवाद चल रहा था।

पहली पार्टी नरेश और दूसरी पार्टी परविंदर के बीच यह विवाद था। विकास भी इस प्लॉट को लेकर दावा कर रहा था।

**काबू**

**▶▶ पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायत करने वाले मनीष ने पूरी जानकारी पुलिस को दी**

# सांसों के लिए संसद चलो

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में बीते एक महीने से प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक बना हुआ है। साफ हवा को लेकर अब संसद चलो का नारा दिया जा रहा है। दिल्ली के लोगों ने संसद भवन के पास वायु प्रदूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने हिस्सा लिया। इनकी मांग है कि सरकार हवा को सुधारने के लिए नीति बनाए। दिल्ली में जहरीली धुंध का असर जारी है। वायु प्रदूषण खराब स्तर पर बना हुआ है। बीती रात तेज हवा चलने से प्रदूषण के स्तर में गिरावट देखने को मिली। सीपीसीबी के अनुसार, बुधवार सुबह सात बजे आनंद विहार में 311, बवाना में 341, जहांगीरपुरी में 330, पंजाबी बाग में 326 और नजफगढ़ में 295 एक्यूआई दर्ज हुआ है। मौसम साथ न देने से दिल्ली की हवाएं बेहद खराब स्थिति में है। सुबह दिल्ली के कई इलाकों में स्मॉग की चादर छाई रही। दिन में मामूली सुधार के बाद शाम को दोबारा हवाओं की चाल चार किमी प्रति घंटा पर ठहर गई। इससे वायु गुणवत्ता सूचकांक में सिर्फ छह अंकों का सुधार हुआ। 24 घंटों

**प्रदर्शन**

**▶▶ दिल्ली के लोगों ने संसद भवन के पास वायु प्रदूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया**




राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में बीते एक महीने से प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक बना हुआ है। साफ हवा को लेकर अब संसद चलो का नारा दिया जा रहा है। दिल्ली के लोगों ने संसद भवन के पास वायु प्रदूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# दिल्ली आने वाली फ्लाइट में चूक, ब्रेक लगाना भूला पायलट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सिंगापुर से दिल्ली आए विमान में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पार्किंग वे पर खड़ा विमान धीरे-धीरे कर के पीछे जाने लगा। यह देखते ही पायलट को अचानक ध्यान आया कि वह ब्रेक लगाना ही भूल गया।

**पायलट ने तुरंत दी जानकारी**

इसके बाद सिंगापुर एयरलाइंस के पायलट ने तुरंत ब्रेक लगाई। फिर मामले की जानकारी आनन-फानन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल और ग्राउंड स्टाफ को दी।

**आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 की है घटना**

यह घटना 25 नवंबर को आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 रात करीबन आठ बजकर 14 मिनट की है। इस दौरान विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

विमान में तैनात क्रू के एक सदस्य को जांघ पर हल्की सी चोट आई है, जिसका इलाज कर उन्हें ड्यूटी पर वापस भेजने की अनुमति दे दी गई है।

**बड़ा हादसा होने से बचा**

वहीं, गनीमत रही कि विमान के आसपास कोई वाहन या अन्य विमान नहीं खड़ा था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं इस घटना पर सिंगापुर एयरलाइंस ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी है।

# शाहदरा के नत्थू कालोनी चौक फ्लाईओवर के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार के भ्रष्टाचार के कारण दिल्ली में वाहन चालकों को अपनी जान खतरे में डालकर फ्लाईओवर से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने आज क्षेत्रीय भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन के साथ नत्थू कॉलोनी चौक, शाहदरा पर बने इस फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार की भ्रष्टाचार में संलिप्तता के कारण आज वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर इस फ्लाईओवर के ऊपर से गुजरने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि 2017 में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा बनाया गया यह फ्लाईओवर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। भ्रष्टाचार के कारण फ्लाईओवर के निर्माण की क्वालिटी से समझौता कर लोगों की जान को खतरे में डाल दिया गया। गुप्ता ने बताया कि इस फ्लाईओवर का निर्माण दिल्ली सरकार के पीडब्ल्यूडी और दिल्ली टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीटीडीसी) द्वारा 2017 में किया गया था और लोगों को समर्पित कर दिया गया था। हालांकि, कुछ समय बाद ही निर्माण में खामियों के कारण इस पर दरारें आ गई और स्लैब्स गिरने लगे। नतीजतन, इस पर से भारी वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आज इस प्रतिबंध को सात साल हो चुके हैं और अब इसे हटाने के लिए और इसके निर्माण में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन द्वारा इसकी जांच करवाने के लिए हाई कोर्ट में दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को दिल्ली सरकार को फटकार लगानी पड़ी। गुप्ता ने कहा कि इससे बड़ी शर्म की बात क्या हो सकती है कि आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार पर परोक्ष रूप से हाई कोर्ट ने टिप्पणी की है । गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के ढुलमुल रवैये के कारण तीन साल पहले पुल के निर्माण में तकनीकी खामियों का पता लगाने के लिए सरकार द्वारा नियुक्त किए गए तकनीकी सलाहकार ने अपनी रिपोर्ट तक नहीं दी है। उन्होंने सवाल किया कि अगर यह फ्लाईओवर भारी वाहनों के लायक नहीं था तो इसको बनाने का फायदा ही क्या? यदि यह निर्धारित नियमों और क्वालिटी के हिसाब से नहीं बना तो इसके लिए कंपलीशन सर्टिफिकेट कैसे जारी कर दिया गया। अगर इसमें खामियां थीं तो इसकी जांच का आदेश क्यों नहीं दिया गया। गुप्ता ने कहा कि फ्लाईओवर हमेशा क्षेत्र के यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से बनाए जाते हैं और सभी वाहनों को इन पर से गुजार जाता है। लेकिन नत्थू कॉलोनी का यह फ्लाईओवर सीमेंट और कंक्रीट से बनने की बजाय भ्रष्टाचार की नींव पर बनाया गया और आज इसका इस्तेमाल केवल दोपहिया वाहन चालक या साइकिल वाले ही कर पा रहे हैं। गुप्ता ने आरोप लगाया कि फ्लाईओवर के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए करने के बावजूद जनता को इसका फायदा नहीं मिल पाया। गुप्ता ने कहा कि आप नेताओं के भ्रष्टाचारी दृष्टिकोण के कारण दिल्ली सरकार के सभी विभागों में जमकर लूट हुई है।

**प्रतिबंध**

**▶▶ आप नेताओं के भ्रष्टाचारी दृष्टिकोण के कारण दिल्ली सरकार के सभी विभागों में जमकर लूट हुई है**

# सीएम नायब सिंह सैनी बने स्वच्छता दूत

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/कुरूक्षेत्रः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन के तहत विकसित हरियाणा बनाने के संकल्प में राज्य को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज स्वच्छता दूत के रूप में कुरुक्षेत्र में स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का महान संदेश दिया। मुख्यमंत्री की इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए इसे एक जन आंदोलन बनाना है, ताकि हरियाणा न केवल स्वच्छ बने बल्कि इसकी पहचान सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ राज्य के रूप में बने। मुख्यमंत्री ने आज श्रमदान करते हुए थानेसर शहर में स्वच्छ कुरुक्षेत्र महासफाई अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता रथ गीता महोत्सव को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के लिए स्वच्छ कुरुक्षेत्र के






बोर्ड पर अपने हस्ताक्षर भी किए। स्वच्छ कुरूक्षेत्र की इस पहल में मुख्यमंत्री के साथ सैकड़ों लोगों ने भी करीब एक घंटा शेखचिल्ली मकबरे से लेकर ओपी जिंदल पार्क, ज्योतिबा भाई फूले व ताऊ देवीलाल चौक पर स्वच्छता अभियान में अपना श्रमदान दिया। मुख्यमंत्री ने शेखचिल्ली मकबरे से कुरुक्षेत्र के 18 जोन में स्वच्छता अभियान का आगाज करने के साथ-साथ स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के एक-एक नागरिक को स्वच्छता अभियान के साथ जुड़ना चाहिए। इस दौरान एक कार्यक्रम में नागरिकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश विदेश से लाखों लोग धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में पहुंचेगे। इसलिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र को स्वच्छ और सुन्दर बनाना पहली जिम्मेदारी है, ताकि पूरी दुनिया में कुरुक्षेत्र की स्वच्छता और सुंदरता में विशेष पहचान बने।

**सबसे पहला लक्ष्य हरियाणा को पूर्णतः: स्वच्छ बनाना**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में स्वच्छता अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस देश में जब पूर्णतः स्वच्छता का वातावरण होगा तो निश्चित ही लोगों को बीमारियों से छुटकारा मिलेगा और जब सभी नागरिक स्वस्थ होगें तो देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा। प्रदेश अब तीन गुणा गति से तरक्की करेगा। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश का विकास योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा। विकसित हरियाणा बनाने की दिशा में सबसे पहला लक्ष्य हरियाणा को पूर्णतः स्वच्छ बनाना है। सभी स्थानीय निकायों में कर्मचारियों की कमी को दूर किया जा रहा है और संसाधनों की भी कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 775810 व्यक्तिगत शौचालयों व 6 हजार से अधिक सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया गया हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 17 शहरी स्थानीय निकायों को ओडीएफ, 59 निकायों को ओडीएफ प्लस तथा 2 निकायों को वॉटर प्लस के रूप में प्रमाणित किया गया हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 100 से कम शहरी निकायों वाले राज्यों की श्रेणी में हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर पर 14वां स्थान प्राप्त किया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद में 1200-1200 क्षमता के 2 प्लांट लगाएं जाएगें। निश्चित रूप से इन प्रयासों से हरियाणा स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। साथ ही कुरुक्षेत्र स्वच्छ मुहिम को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अभियान को सख्ती से लागू किया जाएगा।

**स्वछता का संदेश**

**कुरूक्षेत्र में स्वच्छता महाअभियान की शुरूआत कर हरियाणा को स्वच्छ और सुंदर बनाने का दिया संदेश**

# डलेवाल का डीएमसी अस्पताल में अनशन शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: पंजाब-हरियाणा** की सीमा पर स्थित खनौरी बॉर्डर से पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल डीएमसी अस्पताल में मरणव्रत शुरू कर दिया है। यहां पुलिस ने किसान नेता को तीन स्तरीय सुरक्षा में रखा है। डलेवाल से किसी को मिलने नहीं दिया जा रहा।

दूसरे दिन बुधवार को भी जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कुछ भी नहीं खाया। मंगलवार को भी डॉक्टरों के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारी उन्हें खाने के लिए मनाते रहे, लेकिन किसान नेता ने कुछ भी खाने से मना कर दिया। मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों और डॉक्टरों के दबाव के चलते उन्होंने सिर्फ पानी पिया था, लेकिन कुछ भी खाने के लिए साफ तौर पर मना कर दिया। उधर, मंगलवार की देर रात को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से फरीदकोट के निर्दलीय सांसद सरबजीत सिंह खालसा मिलने के लिए पहुंचे, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें किसान नेता से मिलने की इजाजत नहीं दी। इसके बाद वह कुछ समय तक अस्पताल के बाहर ही रुके रहे और फिर वापस लौट गए। खनौरी बॉर्डर से मंगलवार तड़के हिरासत में लिए गए जगजीत सिंह डल्लेवाल को प्रशासनिक अधिकारी डीएमसी अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां भारतीय किसान यूनियन आजाद के राज्य प्रधान अमरजीत सिंह और गुरनाम सिंह जहानपुर सहित अन्य लोग मिलने के लिए पहुंचे थे। प्रशासनिक अधिकारियों ने

**विरोध**

**डीएमसी अस्पताल में मरणव्रत शुरू कर दिया है। पुलिस ने किसान नेता को सुरक्षा में रखा है**

## न्यूज फ्लैश

### परिवार गया था शादी में, चोर उड़ा ले गए घर से लाखों की नगदी और गहने

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** यमुनानगर शहर के मॉडल टाऊन क्षेत्र में दशहरा मैदान के पास एक घर में लाखों की नगदी और सोने के जेवरात की चोरी का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को भी जांच के लिए मौके पर बुलाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार को यह जानकारी देते हुए घर के मालिक नवीन ने बताया कि उनका पोल्ट्री का व्यापार है। और वें अपने परिवार के साथ रविवार को अपनी भांजी की शादी में अंबाला गए हुए थे। आज दोपहर बाद जब घर आने पर देखा तो घर में सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। अलमारी में रखे लगभग सात लाख रुपए नगद, सोने के गहने और एक लैपटॉप चोरी हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी 2018 में इनके घर पर चोरी हुई थी। जिसमें भारी नुकसान हुआ था। अभी तक उस मामले में भी पुलिस की और से कोई चोर नहीं पकड़ा गया। शहर यमुनानगर पुलिस के जांच अधिकारी प्रदीप ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर जांच के लिए बुलाया गया है। परिजन के बयान के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कच्ची शराब बनाकर सप्लाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** कच्ची शराब बनाकर सप्लाई करने वाले आरोपी को पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बीस लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पुलिस चौकी नवीन नगर की टीम गस्त के लिए चौकी क्षेत्र में मौजूद थी जो टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि ललन मुखिया कच्ची शराब बनाता है और.शराब को सप्लाई करने के लिए आए गा। जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने कच्चा चुंगी रोड़ फरीदाबाद पर नाका बंदी की जहां पर आरोपी गोबिन्दा काबू 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। जिस पर आरोपी के खिलाफ थाना पल्ला में शराब तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मजदूरी का काम करता है। आरोपी के साथ पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना ही सरकार की प्राथमिकता- शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि पंचकूला सेक्टर-12 ए स्थित सार्थक राजकीय समेकित आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रदेश के सरकारी स्कूलों के लिए रोल मॉडल से कम नहीं है। सभी स्कूलों के मुखियाओं को इसका अनुसरण करना चाहिए और अपने स्कूल में इसी प्रकार के माडल तैयार करने की रूपरेखा पर कार्य करना चाहिए, तभी नई शिक्षा नीति 2020 के सार्थक परिणाम आ सकते हैं और विद्यार्थियों की आज के युग की शिक्षा की मांग के अनुरूप मजबूत नींव रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना ही राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा आज पंचकूला के सेक्टर-12 ए स्थित सार्थक राजकीय समेकित आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कार्यप्रणाली का निरीक्षण करने स्कूल प्रांगण पहुंचे थे । मंत्री ने सुबह की पाली वाले अध्यापकों का हाजिरी रजिस्टर भी चेक किया और पाया कि सभी 50 टीजीटी व पीजीटी शिक्षक उपस्थित थे। सुबह की पाली में कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं लगती हैं और दोपहर की पाली में कक्षा 1 से 5 तक की कक्षाएं लगती हैं। शिक्षा मंत्री ने निरीक्षण के दौरान क्लास रूम में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था देखकर प्रबंधन की प्रशंसा की और विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे लगन से पढ़ाई करके माता-पिता व प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने साइंस लैब का भी अवलोकन किया और यहां पर प्रोजेक्ट पर काम कर रही छात्राओं को आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने आर्ट गैलरी के अलावा खेल के मैदान का भी जायजा लिया। वहां खेल रहे विद्यार्थियों का हौसला भी बढ़ाया। स्कूल के प्रिंसिपल डा. पवन कुमार गुप्ता ने मंत्री को अवगत कराया है कि पंचकूला व उसके आस-पास क्षेत्र की हर अभिभावक की इच्छा रहती है कि उनके बेटा-बेटी पंचकूला के सेक्टर 12 ए स्थित सार्थक स्कूल में पढ़ें।

# जर्मनी भेजने का झांसा दे ठगे नौ लाख

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने विदेश भेजने का झांसा देकर नौ लाख रुपये ठगने पर बाप व बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव खेड़ी दमकन सोनीपत निवासी अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात एक जानकार की मार्फत गांव जामनी निवासी विकास तथा उसके पिता सतप्रकाश से छोटे भाई मनीष को वर्क वीजा पर विदेश भेजने को लेकर मुलाकात हुई। सतप्रकाश ने बताया कि उसका बेटा विकास चंडीगढ़ में विदेश भेजने का कार्यालय चलाता है। मनीष को जर्मनी भेजने के लिए 14 लाख रुपये की डिमांड की गई। 29 सितंबर 2023 से छह अक्टूबर 2023 तक आरोपितों को नौ लाख रुपये दे दिए। आठ अक्टूबर 2023 को उसके भाई मनीष को दुबई भेज दिया गया। जहां से फर्जी कागजातों पर आर्मेनिया भेज दिया गया। फिर आरोपितों ने उससे दस लाख रुपये की और डिमांड की गई। किसी तरह उसने अपने जानकार की सहायता से उसके भाई का अर्मेनिया से निकाला। घर पहुंचने पर उसके भाई ने वहां हुए बुरे सलूक के बारे में बताया। जिस पर उसने सतप्रकाश तथा उसके बेटे से रुपये वापस मांगे।

# डेंगू का कहर ले रही है लोगों की जानः हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश मे डेंगू के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि डेंगू का सरकारी आंकड़ा करीब 6000 पर पहुंच गया है। लेकिन हकीकत में मामले इससे कई गुना ज्यादा हैं। अस्पतालों की ऐसी हालत है कि मरीज को भर्ती करने के लिए बेड तक मुहैया नहीं हो रहे हैं और ना ही उनका उचित इलाज हो पा रहा है। लगातार बीमारी लोगों की जान ले रही है लेकिन सरकार कुंभकरनी नींद में सो रही है। डेंगू का कहर और सरकारी अनदेखी लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि डेंगू ऐसी बीमारी है, अगर वक्त रहते




इसकी रोकथाम की जाए तो इससे बचा जा सकता है। लेकिन बीजेपी ने वक्त रहते ना फॉगिंग करवाई और ना ही स्वास्थ्य विभाग में डेंगू के लार्वा को खत्म करने के लिए किसी तरह की सक्रियता दिखाई। बीजेपी नई सरकार के जश्न में डूबी रही और लोगों की जान जाती रही। अब भी सरकार की तरफ से ऐसे कोई कदम नहीं उठाए जा रहे, जिससे बीमारी कम हो। जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने की बजाय एक के बाद एक घोटाले को अंजाम देने का काम किया है।ऐसा करके ना सिर्फ सरकार ने जनता का करोड़ों रुपया लूटा है, बल्कि लोगों की जिंदगी से भी खिलवाड़ किया है। ये खुलासा खुद कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की ताजा रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट से स्पष्ट है कि नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं और डॉक्टर मुहैया करवाने की बजाय सरकार करोड़ों रुपए के घोटालों को अंजाम देने में लगी हुई है। रिपोर्ट ने बताया है कि मात्र 42 से 209 किलोमीटर का सफर, कई एंबुलेंस ने 1,05,000 से लेकर 5 लाख रुपए में तय किया।

**सरकार को घेरा**

**डेंगू का सरकारी आंकड़ा करीब 6000 पर पहुंच गया है। लेकिन हकीकत में मामले इससे कई गुना ज्यादा हैं**

# प्रदेश में दो लाख गरीब लोगों का जल्द होगा अपना घरः कृष्ण लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार कम आय वाले लोगों को घर बनाने में मदद करने के लिए 100 वर्ग गज के प्लॉट उपलब्ध कराने की योजना का खाका तैयार कर रही है और जल्द ही हरियाणा में दो लाख गरीब लोगों का अपना घर होने का सपना जल्द ही साकार होने वाला है। श्री पंवार आज इसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव अटावला , डूमियाना , उरलाना कलां , अहर , खलीला , परढ़ाणा , कारद तथा जोंधन कलां में ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने लोगों को आश्वासन दिया कि जिन पात्र गरीब लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट आवंटित किए जाएंगे, उनके क्षेत्र में पक्की सड़कें, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्क और खुले हरे भरे स्थान जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अलग-अलग चरणों में 100 वर्ग गज के प्लॉट तो मिलेंगे ही , साथ-साथ उनको इन प्लॉटों पर मकान बनाने में लाभार्थियों की सहायता करने का प्रावधान किया है।

**रोडमैप**

**लोगों को घर बनाने में मदद करने के लिए 100 वर्ग गज के प्लॉट उपलब्ध कराने की योजना का खाका हो रहा तैयार**

## बजरंग पूनिया ने उठाए सवाल, सरकार और नाडा पर गंभीर आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राष्ट्रीय डोपिंग** रोधी एजेंसी द्वारा पहलवान बजरंग पूनिया को डोप टेस्ट न देने के मामले में चार साल के लिए निलंबित कर दिया है। इस कदम पर बजरंग ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे एक साजिश करार दिया है। बुधवार को प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि इस मामले में पहले ही कोर्ट में केस किया हुआ है। बजरंग पूनिया ने आरोप लगाया कि सरकार और नाडा उन्हें दबाव में लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया गया था।

# तीन प्रमुख वैश्विक शक्तियां होंगी : डॉ. अरविंद विरमानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से विकसित भारत@2047: राज्य स्तरीय अर्थव्यवस्थाओं में रणनीतियक विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन-सह-पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन 2047 तक एक विकसित भारत की दिशा में चर्चा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिष्ठित विद्वानों, नीति निमाताओं व उद्योग जगत के नेताओं को राज्य स्तरीय अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाया गया। नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी मुख्य अतिथि के रूप में व ई-ग्रो फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. चरन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की।डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा कि नौकरियां जनसंख्या दर से तेजी से बढ़ रही हैं और आकस्मिक श्रम वास्तविक मजदूरी के संदर्भ में सबसे तेजी से बढ़ते श्रम में से एक है। उन्होंने सलाह दी कि ह्यअवसर उपलब्ध हैं, हमें उन्हें पकड़ना होगाह्व। उन्होंने कहा कि चीन, जापान आदि जैसी अर्थव्यवस्थाएं जो लगातार ऊपर जा रही हैं, बाजार अर्थव्यवस्थाएं नहीं हैं, बल्कि समाजवादी बाजार अर्थव्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को किसी विशेष पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद उस पाठ्यक्रम के अनुसार कुशल व पुनः कुशल होने की आवश्यकता है।

**चर्चा**

**अर्थव्यवस्थाओं में रणनीतियक विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन-सह-पैनल चर्चा का आयोजन किया गया**

# निकाय मंत्री ने ली जिला नगर आयुक्त व नगर परिषदों के चेयरमैन की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि विकास परियोजनाओं के कार्य में निर्माण सामग्री गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा और ठेकेदारों की निविदा लेते समय एकाधिकार नहीं चलने दिया जाएगा। नेगोशिएशन के माध्यम से पारदर्शी व स्पष्ट तरीके से कार्य आबंटित किए जाएंगे। श्री विपुल गोयल आज यहां नगर परिषद नरवाना, जींद, मंडी डबवाली, थानेसर व रतिया में आबंटित किए जाने वाले निविदाओं के हरियाणा रेट्स के अनुमोदन के संबंध में बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारी तथा जींद, सिरसा तथा कुरुक्षेत्र के जिला नगर आयुक्त तथा इन उक्त नगर परिषदों के चेयरमैन भी उपस्थित थे। जींद नगर परिषद की चेयरपर्सन द्वारा टेंडर आबंटन में तकनीकी विंग द्वारा अनावश्यक विलंब के संबंध में उठाए गई मांग पर मंत्री ने जिला नगर आयुक्त को एक महीने के अंदर-अंदर जांच के आदेश दिए और कहा कि यह ध्यान में रखा जाए कि जिस एजेंसी को कार्य आबंटित किया जा रहा है उस एजेंसी के पिछले कार्य रिकार्ड को भी देखा जाए कि उसकी कार्य गुणवत्ता मानदंडों के अनुरूप है या नहीं। इसके अलावा टेंडर प्रक्रिया एक महीने के अंदर-अंदर पूरी होनी चाहिए। स्थानीय निकायों में कर्मचारियों की कमी पर मंत्री ने कहा कि सभी नगर परिषदों व नगर पालिकाओं की आवश्यकता पर रिपोर्ट मांगी गई है।

**रिपोर्ट तलब**

**मंत्री ने कहा कि सभी नगर परिषदों व नगर पालिकाओं की आवश्यकता पर रिपोर्ट मांगी गई है**

# चलती बस का गियर फंसा, चालक की सूझबूझ से हादसा टला

**टीम एक्शन इंडिया**
**रेवाड़ी:** हरियाणा रोडवेज की चलती बस का बुधवार को अचानक गियर फंस गया। साथ ही बस के ब्रेक भी डाउन हो गए। इस बस में उस समय करीब 50 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। बस के चालक व परिचालक की सूझबूझ ने इस हादसे को होने से टाल दिया। बस के चालक ने धीरे-धीरे ब्रेक लिए और बस को कंट्रोल कर किनारे पर लगा दिया। बस की जांच की गई तो पता चला कि पिछले पहिए का एक्सल निकल गया था। बताया जा रहा है कि यह किलोमीटर स्कीम की बस थी। बस के कंडक्टर ऋषिराज ने बताया है कि किलोमीटर स्कीम की बस बुधवार सुबह रेवाड़ी बस स्टैंड से चंडीगढ़ के लिए निकली थी। बस को रोहतक होते हुए चंडीगढ़ जाना था। बस में तकरीबन 50 यात्री थे। बस जब डीघल से निकलते ही कारौथा गांव के पास पहुंची तो पहले अचानक गियर लगने बंद हो गए। इसके बाद बस के ब्रेक डाउन हुए। बस करीब 80 किमी की स्पीड से दौड़ रही थी इसलिए थोड़ी घबराहट हुई लेकिन राहत थी की ब्रेक थोड़े-थोड़े लग रहे थे। इसलिए ड्राइवर ने अपनी सूझबूझ से बस को कंट्रोल किया। हल्की ब्रेक लेकर स्पीड कम की और बस को किनारे लगा दिया। इसके बाद यात्रियों को बस से उतारा गया।

**बाल-बाल बचे**

**बस के चालक व परिचालक की सूझबूझ ने इस हादसे को होने से टाल दिया। चालक ने धीरे-धीरे ब्रेक लिए**

# हनीट्रैप में फंसाकर पैसे ऐंठने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
फरीदाबादः हनीट्रैप में फंसाकर लोगों से पैसे ऐंठने वाले गिरोह के दो सदस्यों को अपराध शाखा सेक्टर 56 टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता आरिफ वासी गांव खरकजलालपुर तावडू नूंह मेवात के द्वारा दी गई शिकायत पर धोज थाने में साजिश, एक्सटॉर्शन, स्नैचिंग, अपहरण इत्यादि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों ने आरिफ निवासी नूंह के साथ इस प्रकार की वारदात को अंजाम दिया। सानिया ने फरवरी 2024 में आरिफ को फोन करके अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। 23 फरवरी 2024 को सानिया ने आरिफ को बताया कि



उसका पति उसके साथ मारपीट करता है इसलिए उसने आरिफ को अपनी जान बचाने के लिए बुलाया। आरिफ ने यह बात अपने दोस्त काले उर्फ मुबारिक को बताई तो वह सानिया को बचाने के लिए आरिफ के साथ चल दिया। रात नौ बजे आरिफ गाड़ी लेकर बल्लभगढ़ तेवतिया फार्म के पास पहुंचा जहां उसे सानिया मिली और वह उसे लेकर नेकपुर गांव पहुंचे। नेकपुर गांव में पहुंचते ही सानिया ने आरिफ को बातों में फसा लिया और उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए उकसाने लगी। योजना के अनुसार इतनी देर में ही सानिया का पति सलीम व अन्य साथी मौके पर पहुंच गए। सानिया के साथी आरिफ को धमकाने लगे कि वह सानिया के साथ गलत काम करने की कोशिश कर रहा था और उसे ब्लैकमेल करने लगे। आरोपियों ने आरिफ से 10 लाख रुपए मांगे। आरिफ ने बेज्जती के डर से इधर-उधर से पैसे इक्कठे करके कुल 3.51 लाख रुपए उनको दे दिए। आरिफ को बाद में पता चला कि उसका दोस्त काले उर्फ मुबारिक इसी गैंग का सदस्य है और उसी ने सानिया को उसका नंबर दिया था। पीड़ित ने बताया कि सानिया और उसके साथियों ने पहले भी इस प्रकार की वारदातों को अंजाम दिया है और इन्होंने थाना मुजेसर, एनआईटी, राजस्थान के कोर्ट काशिम तथा उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में बलात्कार के मुकदमे दर्ज करा रखे हैं और मुकदमा की सुनवाई में मुकरने के लिए पैसे लेते हैं जिनकी पुलिस द्वारा पड़ताल की जा रही है। अपराध शाखा टीम ने कार्रवाई करते हुए सलीम और गौरव को शामिल तफ्तीश किया है। दोनों आरोपी फतेहपुर तगा के रहने वाले है। पूछताछ में आरोपी सलीम से वारदात में शामिल मोटरसाइकिल व पांच हजार रुपये नगद बरामद किए गए है तथा आरोपी गौरव से निशानदेही कराई गई है।

**वारदात**

**आरोपियों ने आरिफ निवासी नूंह के साथ इस प्रकार की वारदात को अंजाम दिया**

# स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप रैंकिंग हासिल करने के लिए निगम मजबूत इरादों के साथ जुटा

## वाटर प्लस और 5 स्टार रेटिंग हासिल करने पर रहेगा जोर : डॉ. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में टॉप रैंकिंग हासिल करने के लिए नगर निगम मजबूत इरादों के साथ तैयारियों में लगा है। बुधवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सफाई शाखा के तमाम जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों के साथ जरूरी बैठक कर उन्हें लक्ष्य देकर जुट जाने के निर्देश दिए। खास बात यह है कि उन्होंने बैठक में एक-एक अधिकारी व कर्मचारी का प्रदर्शन और परिणाम खुद चैक करने की बात कही। 9500 अंकों का होगा स्वच्छ सर्वेक्षण- बैठक में निगमायुक्त ने जानकारी दी कि इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 9500 अंको का रहेगा। इसमें 5705 अंक



सेवा स्तर प्रगति के, 2500 प्रमाणीकरण तथा 1295 अंक जन अंदोलन के निर्धारित किए गए हैं। सेवा स्तर प्रगति में गीले व सूखे कचरे का अलग-अलग एकत्रीकरण, ठोस अपशिष्ट्द की प्रोसेसिंग व निस्तारण तथा स्थायी स्वच्छता और सफाई मित्र सुरक्षा जैसे बिन्दू शामिल हैं। प्रमाणीकरण में गारबेज फ्री सिटी और ओडीएफ, ओडीएफ-प्लस, ओडीएफ-प्लस प्लस तथा वाटर प्लस को शामिल गया है, जबकि जन अंदोलन में स्वच्छता को लेकर नागरिकों की फीडबैक, लोकल ब्रांड एम्बेसडर की सहभागिता, एकल प्रयोग प्लास्टिक बैन, स्वच्छता एप पर आई शिकायतों का निवारण तथा स्वच्छ वार्ड रैंकिंग जैसे बिन्दू लिए गए हैं। वाटर प्लस व 5 स्टार रेटिंग पर दिया जोर- उन्होंने

**तैयारियां**

**सफाई कताओं को स्किल डव्लपमेंट ट्रैनिंग और हैल्थ चैकअप कैम्प जैसी गतिविधियां निगम द्वारा की जा चुकी हैं**

बताया कि नगर निगम ने पूर्व में गारबेज फ्री सिटी व ओडीएफ प्लस जैसे विभिन्न पैरामीटर्स पर काम करते हुए 3 स्टार रेटिंग हासिल की थी। चालू सर्वेक्षण में निगम गारबेज फ्री में 5 स्टार रेटिंग तथा वाटर प्लस के लिए आवेदन कर रहा है। गारबेज फ्री सिटी में डोर टू डोर पृथक कूड़ा एकत्रीकरण, रिहायशी व वाणिज्यिक क्षेत्रों में गहन सफाई जैसे बिन्दू शामिल हैं। वाटर प्लस के तहत ट्रीटिड वाटर का कम से कम 20 प्रतिशत प्रयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे पानी से बागवानी, सिंचाई, औद्योगिक जरूरतें, निर्माण कार्य व सडकों की सफाई की जा रही है। सफाई मित्र सुरक्षा पर रहेगा जोर- उन्होंने बताया कि शहर की साफ-सफाई करने वालों को सुरक्षा उपकरण मुहैया हों, यह सुनिश्चित रहेगा। सफाई कताओं को स्किल डव्लपमेंट ट्रैनिंग और हैल्थ चैकअप कैम्प जैसी गतिविधियां निगम द्वारा की जा चुकी हैं। ऐसे कर्मचारियों को सरकारी स्कीमों का लाभ दिलावाया जा रहा है। कूड़ा बीनने वालों को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# मोबाइल शॉप पर पुलिस का छापा, ब्रांडेड कंपनी की डुप्लीकेट एक्सेसरी बेचने का आरोप

**रेड**

**'पनी अथॉरिटी की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल शॉप पर छापा मारा और सामान की चेकिंग शुरू की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पुराने बस स्टैंड के नजदीक मोबाइल शॉप पर पुलिस की रेड पड़ी। आरोप है कि दुकानदार द्वारा किसी ब्रांडेड कंपनी का नकली मोबाइल कवर व अन्य एक्सेसरी बेची जा रही है। कंपनी अथॉरिटी की शिकायत पर पुलिस ने मोबाइल शॉप पर छापा मारा और सामान की चेकिंग शुरू की। बताया जा रहा है कि कल ही दुकानदार ने मोबाइल एक्सेसरी का सामान मंगवाया था। दुकानदार की माने तो उसकी दुकान पर कोई ऐसा सामान नहीं है, जो ब्रांडेड कंपनी का हो। किसी ने साजिश रची है। दुकान के सामान की जांच की जा रही है। अचानक बाजार में पुलिस की छापेमारी से पूरी मार्किट में हडकंप मच गया। दूसरे दुकानदार भी अपनी-अपनी दुकानों के शटर डाउन कर दिए। मार्केट के अन्य दुकानदार भी मौके पर एकत्रित हो गए। दुकानदारों का कहना है कि दुकानदार अपनी रोजी रोटी कमाने के लिए बैठे हैं, लेकिन इन पर भी छापेमारी की जा रही है। अगर किसी कंपनी का डूप्लीकेट सामान भी है तो दुकानदार पर छापेमारी की अपेक्षा जो लोग नकली सामान बनाकर बेच रहे हैं, उन पर छापेमारी की जाएए यह छापेमारी गलत है। इतना ही नहीं मीडिया के कैमरे देख पुलिस ने दुकान का शटर ही बंद कर दिया गया है, ताकि कोई सवाल न कर सके। मोबाइल शॉप के दुकानदार ने बताया कि उसने कल मोबाइल एक्सेसरी का सामान मंगवाया था। आज अचानक उसकी दुकान पर रेड पड़ गई। उसकी दुकान पर ऐसा कोई सामान नहीं है, जो कॉपीराइट की कैटेगरी में आता हो। मोबाइल एक्सेसरी जरूर है, लेकिन वह एपल की नहीं है। अभी कंपनी वाले पुलिस की मौजूदगी में सामान का मिलान कर रहे हैं।

# 11 साल बाद परिवार से मिली बेट, दिल्ली से हुई थी गायब



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा की स्टेट क्राइम ब्रांच एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट ने 11 साल से लापता बच्ची को उसके परिवार से मिलवाया है। बच्ची 6 साल की उम्र में दिल्ली के नरेला से लापता हुई थी, उस समय परिवार दिल्ली में ही रहता था। परिवार ने अपनी बच्ची को ढूंढा, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिवार करनाल आ गया था। क्राइम ब्रांच ने बच्ची परिवार को सौंपी तो परिवार की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। बच्ची अपने परिवार से मिलकर भावुक हो गई। पूरा परिवार आज क्राइम ब्रांच का आभार जताया रहा है। बच्ची की मां ने बताया कि उसकी बच्ची 28 अप्रैल 2013 को नरेला से अपने 8 साल के भाई के साथ खेलते हुए लापता हो गई थी। बच्ची उस वक्त छह साल की थी। दोनों बच्चों को ढूंढा, लेकिन

**ढूंढ निकाला**

**बच्ची 6 साल की उम्र में दिल्ली के नरेला से लापता हुई थी, उस समय परिवार दिल्ली में ही रहता था।**

नहीं मिले। पुलिस को भी शिकायत दी गई थी। हम दिल्ली से करनाल शिफ्ट हो गए थे। हम सारी उम्मीद खो चुके थे कि बच्ची कभी मिल भी पाएगी, लेकिन कहीं न कहीं एक छोटी सी आस जरूर थी कि बेटी हमें मिलेगी। एएसआई राजेश कुमार ने बच्ची को ढूंढा। इनका किन शब्दों में धन्यवाद करूं। बच्ची ने बताया कि उसे कोई बाल ग्राम आश्रम सोनीपत में छोड़ गया था। वह काफी छोटी थी और सिर्फ अपना, अपने पिता व अपने दादा का नाम ही जानती थी। आश्रम में ही मेरा पालन पोषण हुआ।

# बाल विवाह मुक्त भारतः जागरूकता शिविर आयोजित

**शिविर**

**23 प्रतिशत लड़कियों का बाल विवाह होता है, जो न सिर्फ जीवन साथी चुनने के उनके अधिकार का हनन है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत कैंपेन के तहत बुधवार को प्रताप पब्लिक स्कूल और डीपीएस स्कूल करनाल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बाल विवाह, बाल सुरक्षा, स्वास्थ्य



व विकास के मुद्दों को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। इसी के तहत आज आयोजित जागरूकता शिविर में हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य डॉ. मांगे राम व जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उमेश कुमार चानना ने स्कूली बच्चों व शिक्षकों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है और कानून का उल्लंघन है जो कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। इसलिए बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह मुक्त भारत के नाम से कैंपेन चलाया जा रहा है। हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग सदस्य डॉ.मांगे राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाल विवाह के खात्मे के लिए महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किया गया अभियान इस बात का सबूत है कि सरकार इस सामाजिक बुराई की गंभीरता से अवगत है। आज भी देश में 23 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियों का बाल विवाह होता है, जो न सिर्फ जीवन साथी चुनने के उनके अधिकार का हनन है।

# श्रीराम फाइनेंस ने राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर शुरू किया प्रेरक कैंपेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः देश की** प्रमुख वित्तीय सेवा प्रदाताओं में से एक, श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस ने टुगेदर, वी सोअर शिर्षित, एक बेहद प्रेरक ब्रांड कैंपेन प्रारंभ किया है। यह कैंपेन, परस्पर संबंध और एकता की ताकत पर प्रकाश डालते हुए, श्रीराम फाइनेंस की भारत की उम्मीदों के साथ साझेदारी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस कैंपेन का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन के एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में दशार्ना है। संदेश स्पष्ट है, ह्वटुगेदर, वी सोअरह्व अपने ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत बनाकर, हम उन्हें अपनी शक्ति को पहचान कर, अपने सपनों को हासिल करने में उनकी मदद करते हैं। कैंपेन में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हैं, जो टीमवर्क और दृढ़ता के मूल्यों को दशार्ते हैं, जिसका श्रीराम फाइनेंस भी समर्थन करता है। उनकी उपस्थिति, विकास को प्रेरित करने वाली साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

# बीपीएल परिवारों को दिया जा रहा ऋणः उत्तम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो। ऐसे परिवार को



बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि

**उपलब्ध**

**शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो**

के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है।

# चोरी की स्कूटी सहीत आरोपी काबू, बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था

**पकड़ा गया**

**पुलिस टीम को देखकर एकदम से स्कूटी को वापिस मोड़कर भगाने का प्रयास करने लगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन )**

**सीआईए** वन प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार को देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान रिफाइनरी रोड पर मौजूद थी। टीम को इसी दौरान पेप्सी पुल की और से संदिग्ध किस्म का एक युवक बगैर नंबर की स्कूटी पर आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से स्कूटी को वापिस मोड़कर भगाने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर



युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सोमदत पुत्र सतबीर निवासी महादेव कॉलोनी के रूप में बताई। स्कूटी के कागजात दिखाने के लिए कहा तो युवक बहाने बाजी करने लगा। पुलिस टीम ने स्कूटी के इंजन व चैसिस नंबर के आधार पर ऑनलाइन चेक किया तो स्कूटी हिसार के थाना अर्बन एस्टेट क्षेत्र से गत अगस्त महीने में चोरी होनी पाई गई। उक्त स्कूटी चोरी की वारदात बारे हिसार के थाना अर्बन एस्टेट में अभियोग दर्ज है। प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया उसने शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए उक्त स्कूटी करीब 15 दिन पहले लौहारू निवासी राज से 10 हजार रुपए में उधार में खरीदी थी। स्कूटी के पैसे आगे बेचने के बाद देने थे। मंगलवार को आरोपी चोरीशुदा स्कूटी को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहा था। प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा स्कूटी बरामद कर थाना सदर में बीएनएस की धारा 305(अ), 317(2) के तहत अभियोग दर्ज कर बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने शहीदी स्मारक का किया अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडकें) के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल ने अम्बाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अम्बाला छावनी में 22 एकड़ में बनाए जा रहे आजादी की पहली लड़ाई के शहीदी स्मारक स्थल का अवलोकन करते हुए यहां पर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। यहां पहुंचने पर शहीदी स्मारक के निदेशक डा0 कुलदीप सैनी व लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता नवनीत नैन ने मुख्य सचिव को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिंनदन किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग



अग्रवाल ने बैठक से पूर्व शहीदी स्मारक का अवलोकन किया और शहीदी स्मारक में बन रहे म्यूजियम गैलरी, मैमोरियल टावर, ऑडिटोरियम, ओपन एयर थियेटर के साथ-साथ गैलरियों के द्दष्टिगत जो कार्य हो रहे हैं व अन्य इत्यादि कार्यों की सूक्ष्म जानकारी ली। शहीदी स्मारक के निदेशक डा. कुलदीप सैनी व लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों ने शहीदी स्मारक से सम्बन्धित जो कार्य किए जा रहे हैं उसकी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि वे बेहतर समन्वय बनाकर सभी कार्यों में तेजी लाएं ताकि शहीदी स्मारक की सौगात जल्द से जल्द लोगों को

**विकास कार्य**

**शहीदी स्मारक स्थल का अवलोकन करते हुए यहां पर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया**

समर्पित की जा सके। ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से डीएफआई से रितिका ने कार्यों की रूपरेखा बारे भी जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने इस दौरान शहीदी स्मारक से सम्बन्धित चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित से अब तक कितना कार्य हो चुका है, कितना बाकी है, किस कार्य के लिए अप्रूवल ली जानी हैं, उसकी विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि हमें सभी कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ करवाना सुनिश्चित करना है। यहां बता दें कि आर्ट वर्क से सम्बन्धित यहां पर 21 गैलरियां बनाई जा रही हैं। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के इंजिनियर इन चीफ अनिल दहिया, शहीदी स्मारक के निदेशक डा0 कुलदीप सैनी, चीफ इंजिनियर अरूण जग्गा, चीफ इलैक्ट्रीकल राजेश आहुजा, अधीक्षक अभियंता नवनीत कुमार नैन, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, आर्किटैक्कर रेनू, एमडी अभिमन्यु गुप्ता के साथ-साथ डीएफआई के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सेवा के प्रतीक पूर्व विधायक गुलजार सिंह मान नहीं रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा में सेवा और स्वच्छ राजनीति के प्रतीक पूर्व विधायक गुलजार सिंह मान का आज निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उन्हें शहर के सभी वर्ग के लोगों ने भावभीनी अंतिम विदाई दी। उनका नश्वर शरीर जुंडला गेट स्थित शिवपुरी में पंचतत्व में विलीन हो गया। उनको मुखाग्नि उनके बेटे रविन्द्र मान एडवोकेट ने दी। गुलजार सिंह मान 1977 में राजौंद हलके से जनता पार्टी के विधायक के रूप में निर्वाचित हुए थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह और पूर्व उपप्रधान मंत्री देवीलाल के राजनीतिक तौर पर शिष्य थे।

# पार्क से सटा मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** काछवा नहर पुल के नजदीक पार्क की दीवार के पास संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक के चेहरे व शरीर पर चोटों के निशान बताए जा रहे हैं। मृतक के साथ मारपीट कर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए शवगृह करनाल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक सुबह पार्क में घूमने आए लोगों ने करीब 35 वर्षीय एक व्यक्ति का शव पार्क में पड़ा होने की जानकारी दी। मृतक



पार्क की दीवार से सटा हुआ था और औंधे मुंह पड़ा हुआ था। सिर पर भी चोट है और मुंह पर भी चोट है। उसके कपड़े भी फटे हुए हैं। दीवार व जमीन पर भी खून के निशान पा गए है। मृतक की चप्पल भी दूर पड़ी हुई मिली। ऐसा लग रहा है कि व्यक्ति के साथ पहले मारपीट की गई और मारपीट के कारण उसकी मौत हुई है। मृतक के कपड़ों की तलाशी ली गई, लेकिन ऐसा कोई डॉक्यूमेंट नहीं मिल पाया, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। थाना एसएचओ संदीप कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति को देखते हुए एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव को शवगृह में 72 घंटे के लिए रखवा दिया।

# अनियमितता पाए जाने पर स्कूल बसों का किया गया जा रहा चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉ. मांगे राम और मीना कुमारी की अध्यक्षता में सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत बुधवार को बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश चानना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, आरटीए विभाग से सुरेंद्र सैनी, फायर ब्रिगेड विभाग से रवि, यातायात पुलिस, खण्ड शिक्षा अधिकारी करनाल के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत करनाल ब्लॉक के दो स्कूलों प्रताप पब्लिक स्कूल व डीपीएस की बसों का निरीक्षण किया गया। बता दें कि पंजाब एवं



हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पूरी तरह से लागू करवाने के प्रयास निरंतर जारी हैं। डा.मांगे राम ने बताया कि करनाल ब्लॉक के प्रताप पब्लिक स्कूल व डीपीएस का टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्कूलों की 45 बसों की जांच की गई, जिसमें वाहन फिटनेस, रूट प्लेट व टाइमिंग, बीमा ड्राइविंग लाइसेंस, फर्स्ट एड बॉक्स तथा सीसीटीवी कैमरा, अग्निशामक उपकरण, आवश्यक हेल्पलाइन नम्बर, चालक और परिचालक ड्रेस और आई कार्ड आदि की जांच की गई। जांच के दौरान अनियमितता पाए जाने पर सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत छह बसों का चालान किया गया। उन्होंने बताया कि पॉलिसी के तहत प्रत्येक बस में एक लेडी अटेंडेंट का होना अति अनिवार्य है। एक बस में लेडी अटेंडेंट न होने, पांच बसों में अग्निशामक यंत्र खराब पाये जाने तथा एक बस में फर्स्ट एड बॉक्स न होने पर चालान किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | **30-Elect-56-T-2024-25-E3** गणतंत्र दिवस 2025 और स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर और अन्य आधिकारिक समारोहों के लिए दिल्ली मंडल के एचएनजेडएम स्टेशन, एएनवीटी स्टेशन, डीआरएम कार्यालय नई दिल्ली और अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों डीईसी, जीजीएन, केडीई, केयूएन, एनआरडीएच, आरसीटी डीएलआई और एनआरसीएच पर गतिशील मुखौटा प्रकाश व्यवस्था के साथ कार्यालय भवन की रोशनी के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.160.27 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 230100.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 20.12.2024, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 20.12.2024 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | **www.ireps.gov.in** व वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

3653/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# धर्मनिरपेक्षता भारत के लोकतंत्र की बुनियादी अधोसंरचना

**धर्मनिरपेक्षता** लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत है' धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है' जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है' धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है' इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है।इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है' भारतीय धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है' पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं' धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है'

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है।इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है' प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है' भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है' भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है। सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें' भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है' धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है' भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है' हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों, मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, सरदार के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था' स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।

# डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

> "डायबिटीज के प्रबंधन में टीम के प्रयास की आवश्यकता होती है-आप चाहेंगे कि चिकित्सा पेशेवर, मित्र और परिवार आपके साथ हों। यदि आपको मदद की आवश्यकता हो तो उनसे संपर्क करने में संकोच न करें। भारत ने डायबिटीज को लेकर कई कदम उठाए हैं, चुनौती की गंभीरता को देखते हुए गहन और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। निदान को बढ़ाना, प्राथमिक स्तर पर व्यापक देखभाल को एकीकृत करना और जीवनशैली और व्यवहार सम्बंधी कारकों, विशेष रूप से तंबाकू के उपयोग को सम्बोधित करना, 2030 के डब्ल्यूएचओ लक्ष्यों को पूरा करने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं"

**डायबिटीज** वैश्विक स्तर पर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभरा है। भारत अब इसकी बढ़ती संख्या और निदान न किए गए मामले, दोनों में सबसे आगे है। भारत में 212 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोग उपचार के बिना रह रहे हैं। जीवनशैली में बदलाव, आहार पैटर्न और तंबाकू के उपयोग कारण भारत में डायबिटीज के मामलों में वृद्धि, विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्त्वपूर्ण बाधाएँ खड़ी करती है, यह सुनिश्चित करना कि डायबिटीज से पीड़ित 80% लोगों का निदान हो और उनमें से 80% ग्लाइसेमिक नियंत्रण प्राप्त करें। डायबिटीज ऐसी स्थिति है जो तब होती है जब आपका रक्त शर्करा (ग्लूकोज) बहुत अधिक होता है। यह तब विकसित होता है जब आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता है या बिल्कुल भी नहीं बनाता है, या जब आपका शरीर इंसुलिन के प्रभावों पर ठीक से प्रतिक्रिया नहीं करता है। डायबिटीज सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। डायबिटीज के अधिकांश रूप जीर्ण (जीवन भर चलने वाले) होते हैं और इसके सभी रूपों को दवाओं और जीवनशैली में बदलाव के साथ नियंत्रित किया जा सकता है। ग्लूकोज (चीनी) मुख्य रूप से आपके भोजन और पेय पदार्थों में मौजूद कार्बोहाइड्रेट से आता है। यह आपके शरीर की ऊर्जा का मुख्य स्रोत है। आपका रक्त ऊर्जा के लिए उपयोग किए जाने वाले ग्लूकोज को आपके शरीर की सभी कोशिकाओं तक पहुँचाता है। जब ग्लूकोज आपके रक्त प्रवाह में होता है, तो उसे अपने अंतिम गंतव्य तक पहुँचने के लिए मदद की जरूरत होती है-यह कुंजी इंसुलिन (एक हार्मोन) है। यदि आपका अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन नहीं बना रहा है या आपका शरीर इसका सही तरीके से उपयोग नहीं कर रहा है, तो आपके रक्त प्रवाह में ग्लूकोज जमा हो जाता है, जिससे उच्च रक्त शर्करा (हाइपरग्लाइसेमिया) होता है। समय के साथ, लगातार उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जैसे हृदय रोग, तंत्रिका क्षति



### टेली मेडिसिन सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ कम सेवा वाले क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए तेजी से तैनात की जा रही हैं, डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म का एकीकरण रोगी ट्रैकिंग और फॉलो-अप का समर्थन करता है। राष्ट्रीय अभियान डायबिटीज के जोखिम कारकों को कम करने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि जैसे जीवनशैली में बदलावों को उजागर करते हैं

और आंखों की समस्याएँ। डायबिटीज का तकनीकी नाम डायबिटीज मेलिटस है। एक अन्य "डायबिटीज" है- डायबिटीज इन्सिपिडस-लेकिन वे अलग-अलग हैं। वे "डायबिटीज" नाम साझा करते हैं क्योंकि वे दोनों अधिक प्यास और बार-बार पेशाब का कारण बनते हैं। डायबिटीज इन्सिपिडस डायबिटीज मेलिटस की तुलना में बहुत दुर्लभ है। हाल ही में किए गए अध्ययनों में उपवास प्लाज्मा ग्लूकोज के स्तर को शामिल करते हुए डायबिटीज के प्रसार का अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रदान किया गया है। यह विशेष रूप से दक्षिण एशिया जैसे उच्च बोझ वाले क्षेत्रों में निदान न किए गए मामलों की पहचान करने में मदद करता है। कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत पहल का उद्देश्य निःशुल्क जांच और प्रबंधन सेवाएँ प्रदान करना है। निदान तक पहुँच का विस्तार करने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का उपयोग किया जा रहा है।

टेली मेडिसिन सेवाएँ और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयाँ कम सेवा वाले क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए तेजी से तैनात की जा रही हैं। डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म का एकीकरण रोगी ट्रैकिंग और फॉलो-अप का समर्थन करता है। राष्ट्रीय अभियान डायबिटीज के जोखिम कारकों को कम करने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि जैसे जीवनशैली में बदलावों को उजागर करते हैं। 30 वर्ष से अधिक आयु के 133 मिलियन लोगों में निदान नहीं होने के कारण, प्रारंभिक पहचान में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है।

कई व्यक्ति अपनी स्थिति के बारे में लक्षणहीन या अनजान रहते हैं, विशेष रूप से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में। कार्बोहाइड्रेट और संतृप्त वसा से भरपूर अस्वास्थ्यकर आहार, गतिहीन जीवन शैली और डायबिटीज के जोखिम कारक के रूप में तम्बाकू के उपयोग पर अपर्याप्त सार्वजनिक ध्यान समस्या को बढ़ाता है। तम्बाकू के उपयोग से डायबिटीज का खतरा 30-40% बढ़ जाता है, फिर भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों में डायबिटीज से इसके सम्बंध को कम महत्त्व दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नैदानिक? ?सुविधाओं और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की महत्त्वपूर्ण कमी है। मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में गर्भावधि डायबिटीज प्रबंधन का खराब एकीकरण माताओं और बच्चों के लिए दीर्घकालिक जोखिम को बढ़ाता है। डायबिटीज देखभाल के लिए उच्च आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च कई व्यक्तियों को समय पर निदान और उपचार लेने से रोकता है। समन्वित कार्यवाही का अभावः निदान सेवाओं, उपचार सुविधाओं और समुदाय-आधारित हस्तक्षेपों के बीच कमजोर सम्बंध व्यापक डायबिटीज प्रबंधन में बाधा डालते हैं। डायबिटीज का निदान जीवन बदलने वाली घटना है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप एक खुशहाल और स्वस्थ जीवन नहीं जी सकते। डायबिटीज का प्रबंधन करने के लिए निरंतर देखभाल और परिश्रम की आवश्यकता होती है। हालाँकि यह शुरू में बहुत भारी लग सकता है लेकिन समय के साथ आप इस स्थिति का प्रबंधन करने और अपने शरीर के साथ तालमेल बिठाने में बेहतर समझ हासिल कर लेंगे। अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से नियमित रूप से मिलते रहें। डायबिटीज के प्रबंधन में टीम के प्रयास की आवश्यकता होती है-आप चाहेंगे कि चिकित्सा पेशेवर, मित्र और परिवार आपके साथ हों। यदि आपको मदद की आवश्यकता हो तो उनसे संपर्क करने में संकोच न करें। भारत ने डायबिटीज को लेकर कई कदम उठाए हैं, चुनौती की गंभीरता को देखते हुए गहन और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। निदान को बढ़ाना, प्राथमिक स्तर पर व्यापक देखभाल को एकीकृत करना और जीवनशैली और व्यवहार सम्बंधी कारकों, विशेष रूप से तंबाकू के उपयोग को सम्बोधित करना, 2030 के डब्ल्यूएचओ लक्ष्यों को पूरा करने के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

## कविता

### क्योंकि आज उसने खाना नहीं खाया

क्योंकि आज हरिया ने खाना नहीं खाया,
हथौड़े की तेज आवाज से भी तेज,
मस्तिष्क के तंतु कहीं तेजी से
शून्य में विलीन हो जाते,
फिर तैरकर,
वापसी की प्रतीक्षा किए बिना,
आकर वापस बैठ जाते,
किसी अलग जगह में
जो पुरानी नहीं होती,
लेकिन वह
कबाड़ में हथोड़ा चलाकर
वापस आए उन विचारों का
विरोध खुलकर करना चाह रहा था,
जिसकी उसे आजादी थी,
पर इतनी ऊर्जा,ताकत
और चाहत नहीं थी,
जो बेवजह उसकी अपनी जिंदगी में,
अन्चाहों की तरह
आकर, दिमाग में चक्कर लगाते,
हथोड़ा और जंग लगा लोहा
आपस में जुगलबंदी कर
कोई मधुर गीत नहीं गा सकते थे
कोई आशा का संकेत नहीं दे सकते थे
कि आने वाला कल
खुशहाली, हरीतिमा का होगा,
किसी को शायद मालूम न था
कि उसने
हथोड़ा चलाने से पहले
और बहुत पहले और
बहुत बाद तक खाना नहीं खाया।

संजीव

## तो यह है भारत में इंसानी जान की कीमत ?

**निर्मल रानी**

**सत्ता,** गोदी मीडिया व 'अंधभक्तों' की जमाअत संयुक्त रूप से भारत को विश्वगुरु साबित करने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगाये हुये है। 7 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'ज्ञान' व उसकी विचारधारा को भारतीय शिक्षा से जोड़ने का अथक प्रयास करने वाले,शिक्षा बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक दीनानाथ बत्रा का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे एक राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था विद्या भारती के महासचिव भी थे। बत्रा ने अपना सारा जीवन इसी तरह की बातों को सही साबित करने की कोशिशों में खपा दिया कि हवाई जहाज का अविष्कार राइट ब्रदर्स ने नहीं किया बल्कि यह भारतीय पौराणिक काल की उपलब्धि थी। इसी तरह टेलीविजन के अविष्कार को वे वर्तमान आधुनिक विज्ञान की देन नहीं मानते थे बल्कि इसे महाभारतकाल के पहले की भारतीय खोज बताते थे। ऐसे सैकड़ों विज्ञान सम्मत बातों पर उनके निजी विचार भले ही विश्व स्वीकार्य हों या न हों परन्तु भारत को कथित तौर से 'विश्वगुरु' साबित करने के दिशा में ही एक उठाये गये कदम थे। परन्तु भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में विश्व में स्थापित करने की इन्हीं कोशिशों के बीच शायद हम यह भूल जाते हैं कि विश्व का नेतृत्व करने की आकांक्षा रखने वाले हमारे देश के अपने नागरिकों की जान माल आखिर कितनी सुरक्षित है ? और दशकों से इंसानी जान से खिलवाड़ करने वाली ऐसी कमजोर कड़ियों से निपटने का हमने अब तक क्या उपाय किया है ? कोई उपाय किया भी है या नहीं ? या सत्ता इस बात को ही अंगीकार कर चुकी है कि बिना सुरक्षित उपायों के ही जब जनता को आसानी से मूर्ख बनाया जा सके तो ऐसे किसी उपायों की जरुरत ही क्या है ? मिसाल के तौर पर बोरवेल में बच्चों के गिरने की देश में कितनी घटनाएं हो चुकीं। कहीं जांबाज सहायता कर्मियों ने अपने अथक प्रयासों से बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाल कर उन्हें बचाया तो कई जगह बच्चों को बचा पाना संभव नहीं हो सका। परन्तु ऐसे खबरों का सिलसिला आज भी थमा नहीं है।

कहीं मेन होल टूटने या उसका ढक्कन न होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं के कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है तो कभी इसी मेन होल की सफाई करते समय कोई सफाई कर्मचारी जहरीली गैस के कारण अपनी जान से हाथ धो बैठता है। जगह जगह सड़कों पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। सांड़,गाय व आवारा कुत्ते तो देश के किसी न किसी भाग में रोजाना राहगीरों की जान लेते ही रहते हैं। इन्हीं आवारा पशुओं के कारण अनेक दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कभी कभी तो ट्रेन हादसों की भी झड़ी सी लग जाती है। कभी 30 अक्टूबर 2022 की गुजरात के मोरबी नामक शहर के मच्छु नदी में बने मोरबी पुल टूटने जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित होती है जिसमें 141 लोगों की नदी मन बह जाने से मौत हो जाती है। तो कभी अस्पतालों में यहाँ तक कि बच्चों के अस्पतालों में आग लग जाती है जिसमें जीवित शिशु झुलस कर मर जाते हैं। ऑक्सीजन की कमी या अभाव से भी लोगों के मरने की खबरें आती ही रही हैं।

## विचार

# पूजा स्थलों के लिए झगड़े

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

संभल में दायर याचिका वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा के शाही ईदगाह के लिए दायर याचिकाओं की तरह ही है। मुख्य मुद्दा यह है कि कानून-'पूजा स्थल अधिनियम, 1991' को कैसे समझा जाता है। संभल की ज़िला अदालत ने शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने का आदेश एक याचिका के आधार पर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि यह हिंदू मंदिर स्थल पर बनी है। इस आदेश के कारण स्थानीय मुस्लिम निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिन्होंने इसे अपने धार्मिक अधिकारों और विरासत पर हमला माना। जब सर्वेक्षण का विरोध करने के लिए बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई तो विरोध प्रदर्शन हिंसा में बदल गया। रिपोर्ट बताती हैं कि प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई, जिसके परिणामस्वरूप प्रदर्शनकारियों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों दोनों को चोटें आईं और मौतें हुईं। भारत में धार्मिक स्थलों पर चल रहे विवाद, विशेष रूप से ऐतिहासिक धर्मांतरण के दावों से जुड़े विवादों ने सांप्रदायिक संवेदनशीलता को बढ़ा दिया है। वाराणसी और मथुरा में इसी तरह के मामलों ने ऐसे उदाहरण स्थापित किए हैं जो धार्मिक स्थलों की यथास्थिति को खतरे में डालने वाले सर्वेक्षणों या कानूनी कार्रवाइयों के रूप में देखे जाने पर सार्वजनिक अशांति में योगदान करते हैं। संभल की जामा मस्जिद का विवाद अयोध्या, काशी और मथुरा में चल रहे मामलों के बीच बढ़ा है। हिंदू पक्ष दावा करता है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर जामा मस्जिद बनाई गई थी। मुस्लिम पक्ष जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष की दावों को खारिज करता है। हालिया लड़ाई कानूनन लड़ी जा रही है, जिसमें अदालत की ओर से आए मस्जिद के सर्वे ऑर्डर पर काम हो रहा है।

संभल के सिविल जज की अदालत में विष्णु शंकर जैन की ओर से जामा मस्जिद को लेकर वाद दायर किया गया। सुप्रीम कोर्ट के वकील हरिशंकर जैन और केला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज गिरि समेत 8 वादी हैं। वादियों ने भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और संभल जामा मस्जिद समिति को विवाद में पार्टी बनाया है। याचिका में कहा गया-'मस्जिद मूल रूप से एक हरिहर मंदिर था, जिसे 1529 में मस्जिद में बदल दिया गया। मंदिर को मुगल सम्राट बाबर ने 1529 में ध्वस्त कराया था। बाबरनामा और आइन-ए-अकबरी किताब में इस बात का उल्लेख है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद बनी है, वहाँ कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था।' मुस्लिम पक्ष भी मानता है कि जामा मस्जिद बाबर ने बनवाई थी और आज तक मुसलमान इसमें नमाज पढ़ते आ रहे हैं। हालांकि मुस्लिम पक्ष कानूनी विवाद में सुप्रीम कोर्ट के 1991 के उस ऑर्डर को आधार बनाकर अपना विरोध दर्ज कराता है, जिसमें अदालत ने कहा था कि 15 अगस्त 1947 से जो भी धार्मिक स्थल जिस भी स्थिति में हैं, वह अपने स्थान पर बने रहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या पर फैसले के समय भी इस पर जोर दिया था। इसके जरिए मुस्लिम पक्ष संभल की जामा मस्जिद पर हक जताता है और हिंदू पक्ष के दावे, किसी अन्य न्यायिक कार्यवाही को कानून की अवहेलना बताया है। याचिकाकताओं के दावे के बारे में कानून क्या कहता है? याचिकाकताओं ने मस्जिद स्थल पर अपना दावा स्थापित करने के लिए एक दीवानी मुकदमा दायर किया। दीवानी मुकदमों में, प्रारंभिक दावों को आम तौर पर अंकित मूल्य (प्रथम दृष्टया) पर स्वीकार कर लिया जाता है, अगर मुकदमा विचारणीय माना जाता है तो बाद में और सबूत पेश किए जा सकते हैं। हालाँकि, कोई भी दावा जो पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बदलने की कोशिश करता है, उसे पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत वर्जित किया जाता है।

इस अधिनियम का उद्देश्य धार्मिक स्थलों की यथास्थिति को बनाए रखना है जैसा कि वे 15 अगस्त, 1947 को मौजूद थे। पूजा स्थल अधिनियम, 1991 क्या कहता है? अधिनियम पूजा स्थलों के किसी भी रूपांतरण पर रोक लगाता है और यह अनिवार्य करता है कि उनका धार्मिक चरित्र वैसा ही रहना चाहिए जैसा वह 15 अगस्त, 1947 को था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बालों को स्वच्छ , रेशमी और आकर्षक बनाता है सही शैम्पू

**डॉ फौज़िया**

**प्राचीन** समय में महिलाएं बालों को साफ करने के लिए मुल्तानी मिट्टी, काली मिट्टी, आंवला , शिकाकाई , रीठा ,साबुन ,बेसन आदि प्रयोग करती थी जबकि वर्तमान आधुनिक युग में शैंपू से बालों को धोना आम है। ये सही है कि बालों को स्वस्थ रखने के लिए बालों का स्वच्छ होना बहुत आवश्यक है लेकिन इसके लिए शैंपू का ही प्रयोग किया जाए ये आवश्यक नहीं है । यह बात भी अपनी जगह सही है कि शैंपू बालों की गंदगी को बालों से अच्छे से निकलने में सहायक होता है ,वहीं ये । बालों के स्वास्थ्य और सौंदर्य के लिए बालों की ठीक से सफाई आवश्यक है।

बालों से संबंधित अनेक समस्याएं जैसे रूसी, बालों का झड़ना ,टूटना व उनका दो मुहें होना आदि उत्पन्न हो जाती है बालों के स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त शैंपू का चयन बहुत आवश्यक है शैंपू का प्रयोग हमेशा अपने बालों की प्रकृति के अनुरूप करें कोई भी शैंपू हर प्रकार के बालों के लिए नहीं होता है ।

**शैंपू से पहले ध्यान रखें**

बालों के प्रकार (सामान्य ,शुष्क या तैलीय),बालों की स्थिति( रसायनों द्वारा उपचार किए हुए या प्राकृतिक ),रूसी एवं सामान्य शुष्क बालों के लिए के लिए अपनी प्रकृति के अनुरूप शैम्पू का चयन करना चाहिए।

**हर्बल शैंपू**

ये जड़ी बूटियों से बना होता है और बालों के स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन होता है ।

**लेमन शैंपू**

ऐसा शैम्पू ऑयली बालों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए बहुत उपयोगी होता हैं इनके प्रयोग से बाल स्वस्थ ,चमकदार और आकर्षक भी हो जाते हैं ।

**प्रोटीन शैंपू**

क्षतिग्रस्त बालों की रिपेयर करके उन्हें स्वस्थ , मजबूत और आकर्षक बनाता है।

**सावधानियां**

बालों पर शैंपू लगाने से पूर्व त्वचा और बालों के प्रकार को अवश्य चैक करे। शैंपू करने से पूर्व कंघी से बालों को भली-भांति साफ कर लें। जहाँ तक हो केमिकल फ्री शैंपू का प्रयोग करें। आवलां,रीठा,शिकाकाई या फिर मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग भी बालों को साफ करने के लिए कर सकती है।

## पॉलिटिक्स पंडित

**डॉ. सुरेश कुमार**

**रविवार** की सुबह थी और पार्क मानो किसी तीर्थस्थल का रूप ले चुका था। एक ओर महिलाएँ योग की विभिन्न मुद्राओं में जैसे आध्यात्मिक शांति खोज रही थीं, दूसरी ओर पुरुष मंडली हफ्ते भर की कसरत के नाम पर "पॉलिटिक्स पंडित" बने बैठे थे। यह वही मंडली थी, जो हफ्ते भर अपने घरों में चुप रहते हैं और रविवार को पार्क में सारे ब्रह्माण्ड का ज्ञान बिखेर देते हैं। तभी एक सज्जन चाय के कुल्हड़ के साथ, मानो किसी अनुष्ठान का हिस्सा बनने आए, मंडली में आ बैठे। उन्हें देखते ही बाकियों ने अपनी कुर्सियाँ एक सजीव सर्कल में जमा दीं। अब ज्ञानवर्धक गोष्ठी का आगाज हुआ। पहले सज्जन बोले, "भाई, ये सरकार बिल्कुल निकम्मी हो गई है। रोज पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं। अब हम तो साइकिल चलाने की सोच रहे हैं।" उनके इस ऐतिहासिक विचार पर बाकी लोग इतनी सशंकित मुद्रा में हामी भर रहे थे जैसे साइकिल क्रांति बस उनकी ही सोच से आएगी। दूसरे सज्जन, जो योगा मैट पर बैठे-बैठे कुंडली मारने में व्यस्त थे, बोले, "अरे भाई, ये तो सब राजनीति है। असली समस्या तो हमारी शिक्षा व्यवस्था है। बच्चों को क्या सिखाया जा रहा है? अरे वो जो पुराना पाठ्यक्रम था, वही बेहतर था।" मानो वे खुद उस समय में पैदा हुए थे जब तक्षशिला विश्वविद्यालय फल-फूल रहा था। तीसरे सज्जन ने अपनी मूंछें ऐंठते हुए कहा, "देखो भाई, सब दोष सिनेमा का है। ये जो नए-नए हीरो आ रहे हैं, बस बच्चों को बर्बाद कर रहे हैं। जमाना था जब हम केवल रामायण-महाभारत देखते थे और तब का युवा संस्कारी था।" उनकी इस बात पर सबकी आंखों में सहमति झलक रही थी। सबको ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो रामायण-महाभारत ही असली जीवन का सार है, बाकी सब तो पाखंड है। तभी एक सज्जन जो काफी देर से खामोश थे, अचानक बोले, "अरे ये सब छोड़ो, असली मुद्दा तो ये है कि हमारा पार्क कितना गंदा हो गया है। ये नगर निगम क्या कर रहा है? मैंने तो दो बार शिकायत भी की, पर किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।"

## न्यूज फ्लैश

### मुरलीधर डीएवी स्कूल की एकम कौर ने वुशू चैंपियनशिप में रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** बटाला (गुरदासपुर) झ आर.डी. खोसला डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बटाला में आयोजित 26वीं सब-जूनियर पंजाब स्टेट वुशू (बालक एवं बालिका) चैंपियनशिप 2024 में डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी की छात्रा एकम कौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 56 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। इस सफलता के साथ ही एकम का चयन नेशनल वुशू चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 1 दिसंबर से 6 दिसंबर 2024 तक तरणतारण में आयोजित होगी। एकम कौर की इस उपलब्धि में उनकी कोच नीलम का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने उनकी प्रतिभा को निखारने और कुशल मार्गदर्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डीएवी पब्लिक स्कूल, अंबाला सिटी के प्राचार्य राधा रमन सूरी ने एकम की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "एकम की उपलब्धि से स्कूल परिवार गर्व महसूस कर रहा है। हमें विश्वास है कि वह नेशनल लेवल पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।" आर.डी. खोसला डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बटाला ने इस चैंपियनशिप का आयोजन करते हुए प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया। एकम कौर की यह उपलब्धि डीएवी स्कूल के खेल प्रोत्साहन के प्रयासों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एकम की सफलता ने न केवल उनके परिवार और स्कूल बल्कि पूरे अंबाला शहर को गौरवान्वित किया है। अब उनकी निगाहें नेशनल चैंपियनशिप पर टिकी हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हमारी शुभकामनाएं उनके उज्जवल भविष्य के साथ हैं।

### पिछड़ा वर्ग मंत्री शिकायतों को सुनेंगे

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
शुक्रवार 29 नवम्बर को दोपहर बाद 2 बजे लघु सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और पटल पर रखी जाने वाली शिकायतों को सुनेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने दी।

### कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन आज

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मिनू ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व ब्रेक थ्रू संस्था के तत्वावधान में विधान से समाधान कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन 28 नवम्बर वीरवार को प्रातः 10.30 बजे स्थानीय स्काईलार्क में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सम्बंधित विभाग भाग लेंगे।

### ट्रेन से कटकर व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव भैणी खुर्द के पास बीती रात रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की लाश मिली। आशंका है कि युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दी है। हादसा इतना जबरदस्त था कि मृतक के शरीर के कई हिस्से हो गए। व्यक्ति के शरीर से गर्दन और पैर कटकर अलग हो गया। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है, इसका पता नहीं चल पाया है। जीआरपी करनाल मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। शव को 72 घंटे के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवाया गया है। शिनाख्त न होने पर शव का दाह संस्कार करवा दिया जाएगा। जीआरपी ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 साल हो सकती है। मृतक के हाथ पर अंग्रेजी में एसआर लिखा हुआ है। मृतक के पास ओप्पो का मोबाइल पड़ा मिला है। नीले रंग की हाफ बाजू की टी शर्ट पहनी हुई है और काले रंग का लोअर डाला हुआ है। भूरे रंग के जूते है। मृतक के पास एक पैन कार्ड भी मिला है। जीआरपी एसएचओ ओमप्रकाश ने बताया कि रात को भैणी खुर्द के पास से सुसाइड की मिमो मिली थी। पैट्रोलिंग स्टाफ ने शव ट्रैक पर देखा है। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पर शव की गर्दन अलग थी और टांग अलग पड़ी थी, जिनको एक साथ जोड़ा गया और शव को मोर्चरी हाउस में रखवाया। प्राथमिक दृष्टि से लगता है कि व्यक्ति ने ट्रेन के आगे लेटकर सुसाइड किया है। 72 घंटे में शिनाख्त नहीं होती है तो शव का दाह संस्कार करवा दिया जाएगा।

# संविधान की बदौलत ही मोदी पीएम और सैनी सीएम और मैं गवर्नर: आर्लेकर

## मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा में पहुंचने पर किया गवर्नर का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** बिहार प्रदेश के गवर्नर राजेंद्र आर्लेकर ने कहा है कि भारतीय संविधान की बदौलत है कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हैं, पहले रानी के पेट से ही राजा पैदा होता था भारतीय संविधान से हम लोगों को मतदान का अधिकार मिला अब जनमानस स्वयं राजा बनता और चुनता है। उन्होंने कहा है कि बाबा साहब द्वारा रचित भारतीय संविधान का पूरी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ संविधान है।

बिहार के गवर्नर आज मथाना गांव स्थित डॉ. अंबेडकर फामेर्सी कॉलेज के चेयरमैन सूरजभान कटारिया के द्वारा संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राजेंद्र



आर्लेकर ने कहा डॉ अंबेडकर ने सभी जाति,धर्म व वर्गों के लिए भारतीय संविधान में अधिकारों को सुरक्षित किया है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय संविधान के माध्यम से ही भारतवर्ष को विश्व में सशक्त कर रहे हैं। इससे पूर्व ही बिहार गवर्नर आर्लेकर का लाडवा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने पिपली पेंराकीट टूरिज्म परिसर में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व प्रत्याशी डीडी शर्मा, सूरजभान कटारिया तथा भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राणा के साथ स्वागत किया। डॉ आंबेडकर फार्मेसी कॉलेज, मथाना के शुभारंभ होने पर गवर्नर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें महापुरुषों के नाम पर शिक्षण

**सशक्त**
▶▶ शिक्षण संस्थानों को आरंभ करना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी उनसे अपना आदर्श ग्रहण कर सके: गवर्नर राजेंद्र

संस्थानों को आरंभ करना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी उनसे अपना आदर्श ग्रहण कर सके इसके साथ ही गवर्नर राजेंद्र आर्लेकर ने पूर्व मंत्री डॉ. बनवारी लाल, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, तथा कॉलेज के चेयरमैन सूरजभान कटारिया के द्वारा 21 लाख रुपए की राशि डॉ. अंबेडकर फामेर्सी कॉलेज में बनने वाली लाइब्रेरी (जोकि ई-लाइब्रेरी भी होगी) मे देने के अनुरोध पर अपने बिहार एच्छिक कोष से जारी करने की घोषणा की।

### दो दिवसीय जागरूकता अभियान उझा पानीपत मेंआयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**चौधरी** चरणसिंह कृषि विश्वविधालय के कृषि विज्ञानं केंद्र उझा पानीपत के दुवारा प्राकृर्तिक खेती का दो दिवसीय जागरूकता अभियान कृषि विज्ञानं केंद्र उझा पानीपत आयोजित किया। इस कार्यक्रम पर डाक्टर सतपाल सिंह ने किसानो को प्राकर्तिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें कार्यक्रम में 40 किसानो ने भाग लिया प्राकृतिक खेती का मुख्य आधार देशी गाय है। प्राकृतिक खेतीकृषि की प्राचीन पद्धति है। यह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती है।, इस में किसानो को बीजामृत बनाने की विधि के बारे में बताया बीजामृत को बनाने के लिए देशी गाय का गोबर 5 किलोग्राम , गाय कामूत्र 5 लीटर , चूना या कली 250 ग्राम , पानी 20 लीटर और इस में खेत की मिटटी मुठी भर इन सभी पदार्थो को पानी में घोलकर 24 घंटेतकरखे। दिन में दो तीन बार लकड़ी की सहायता से इसे हिलना हैं। इसके बाद बीजो के ऊपर बीजामृत डालकर उन्हें शुद करना हैं। इसके बाद छाया में सुखाकर फिर बुआई करनी हैं। बीजामृत दुवारा शुद हुए बीज जल्दी और ज्यादा मात्रा में उगते हैं। जड़े तेजी से बढ़ती हैं।

### फुटबाल: ट्रायल आयोजित करवाये जा रहे

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**जिला खेल** अधिकारी धुरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताय कि ऑल इंडिया सिविल सर्विसिज फुटबाल प्रतियोगिता 2024-25 में फुटबाल टीम का चयन करने हेतु वीरवार 28 नवम्बर को सिवाह के राजकीय सीनियर सेकैण्डरी स्कूल में चयन ट्रायल आयोजित करवाये जा रहे है। उन्होंने बताया कि ट्रायल में केवल सरकारी कर्मचारियों द्वारा ही भाग लिया जाना है तथा सरकारी बोर्ड, कोपोर्रेशन आदि द्वारा भाग नही लिया जाएगा। इसमें भाग लेने हेतु अधिकारी/कर्मचारी द्वारा अपने विभाग का आई.डी. कार्ड, अपने विभाग से प्रमाण पत्र, अपने दो पासपोर्ट साईज फोटो लेकन आना अनिवार्य है।

# स्वयं सेवकों ने चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी के 130 कैडेट्स, एनएसएस के 30 स्वयंसेवकों और स्वच्छता व उद्यान विभाग के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य परिसर को स्वच्छ और पर्यावरणीय रूप से स्थायी बनाना था।
सफाई अभियान की शुरूआत जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय के आसपास के क्षेत्रों की सफाई से की गई। प्रतिभागियों ने परिसर के मुख्य स्थलों पर सफाई करते हुए रोज



गार्डन और विश्वविद्यालय के दूसरे गेट तक का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने न केवल कूड़ा-करकट हटाया, बल्कि आसपास के इलाकों को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने का भी प्रयास किया।
सफाई अभियान के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डी.एस. राणा ने कहा स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। यह न केवल पर्यावरण को बेहतर बनाएगा,

**बदलाव**
▶▶ संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है

बल्कि हमारे जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार करेगा। प्रोफेसर रीटा दलाल ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान न केवल परिसर को स्वच्छ बनाते हैं।

### 9 से 11 दिसम्बर तक भव्य तरीके से मनाया जाएगा गीता महोत्सव

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में गीता महोत्सव की तैयारियों व प्रबंधों के लिए विभिन्न सरकारी संगठनों व अधिकारियों की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि गीता महोत्सव आगामी 9 से 11 दिसम्बर के बीच जिला स्तर पर स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन केवल सरकारी स्तर तक सीमित न रहे बल्कि जिला के विभिन्न गैर सरकारी संगठन, सामाजिक-धार्मिक संस्थान तथा समाज के हर वर्ग की भागीदारी इसमें सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जहां कुरुक्षेत्र में अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है वहीं सभी जिलों में गीता महोत्सव समारोह आयोजित किए जाएंगे। पानीपत में 9 से 11 दिसम्बर के बीच गीता महोत्सव समारोह का आयोजन शिवाजी स्टेडियम में किया जाएगा। इसके तहत प्रदर्शनी, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नगर शोभा यात्रा, ग्लोबल चैंटिंग व पारितोषिक वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त ने समारोह स्थल पर सफाई, बिजली, पानी व शौचालयों आदि की समुचित व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को पर्याप्त तैयारी करने के निर्देश दिए।

# बॉयलर में आई कमी के चलते नहीं सुबह नहीं चला पेराई सत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: दी सोनीपत** सहकारिता चीनी मिल का पेराई सत्र मंगलवार सुबह तक नहीं चल पाया। बॉयलर में आई कमी के चलते पेराई सत्र को चलाने पर परेशानी हुई। देर शाम को जाकर कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के बाद कमी को दूर कर पेराई सत्र को चलाया गया। जिसके बाद पेराई सत्र धीमी रफ्तार से चल पाया। देर शाम सात बजे तक पेराई सत्र में करीब ढाई हजार क्विंटल गन्ने की पेराई की गई। वहीं मिल प्रबंधन की तरफ से 20 हजार क्विंटल की पर्चियां जारी की गई है। सोमवार को पेराई सत्र का शुभारंभ सहकारिता मंत्री डा?. अरविंद शर्मा द्वारा किया गया था। बता दें कि कैबिनेट मंत्री डा?. अरविंद शर्मा ने सोमवार को दी सोनीपत सहकारी चीनी मिल सोनीपत के वर्ष 2024-25 पेराई सत्र का विधिवत तरीके से यज्ञ में आहुति डालकर व पेराई मिल पर गन्ना डालते हुए आगाज किया था। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा था कि सहकारी चीनी मिल और किसान के बीच एक आत्मीय संबंध होता है। मिल प्रबंधन को किसानों को आने वाली चुनौतियों को समझ कर पाबंद समय पर उनका समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोनीपत चीनी मिल किसानों की शान है, क्योंकि आपने हमेशा अपना साथ दिया है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर आगे भी सोनीपत चीनी मिल की शान को बढ़ाना है। शर्मा ने मिल प्रबंधन को निर्देश दिए थे कि किसानों को आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता पर निदान किया जाए। सोमवार को सुबह शुरू हुआ पेराई सत्र मंगलवार सुबह तक नहीं चल पाया। बॉयलर में आई कमी के चलते पेराई सत्र देर शाम को जाकर शुरू हो पाया। जब तक यार्ड में करीब छह हजार क्विंटल गन्ना व खेतों में करीब 21 हजार क्विंटल गन्ना खड़ा हो गया। मिल प्रबंधन की तरफ से पेराई सत्र को चलाने का प्रयास किया जा रहा है। शुरूआती दौर में आने वाले खामियों को समय रहते दूर किया जा रहा है। पेराई सत्र को शुरू करने के लिए मिल प्रबंधन की तरफ से 60 हजार क्विंटल गन्ने की पर्चियां जारी की गई थी। बॉयलर में आई खराबी के चलते मंगलवार देर शाम को जाकर पेराई सत्र चल पाया। जल्द से जल्द पूरी गति व क्षमता के हिसाब से पेराई सत्र को चलाने का काम किया जायेगा। वहीं प्रबंधन की तरफ से 20 हजार क्विंटल गन्ने की पर्चियां जारी की गई है।

**मिल पेराई सत्र**
▶▶ जल्द से जल्द पूरी गति व क्षमता के हिसाब से पेराई सत्र को चलाने का काम किया जायेगा

# श्री दिगम्बर जैन सभा ने विज को पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से उनके आवास पर श्री दिगम्बर जैन सभा अम्बाला छावनी की नवनियुक्त ईकाई ने मुलाकात की और उन्हें शॉल एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान अशोक जैन, ऑडिटर डॉ. राजीव जैन एवं अन्य पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज से मुलाकात की तथा सभा द्वारा समाज सेवा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। कैबिनेट



मंत्री अनिल विज ने जैन सभा की नवनियुक्त टीम को बधाई दी और समाज हित में सभा द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने सभा सदस्यों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि गत दिनों श्री दिगम्बर जैन सभा के चुनाव हुए थे जिसमें नए पदाधिकारियों का चयन किया गया था।

### अवैध असला सप्लायर को अनाज मंडी गेट के पास से गिरफ्तार किया

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**सीआईए** टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने बीते 12 नवम्बर को नूरवाला 22 फुटा रोड गीता कॉलोनी मोड़ पर आरोपी दीपक निवासी न्यू दिनानाथ कॉलोनी को अवैध एक देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने उक्त देसी पिस्तौल दोस्तों में रौब दिखाने के लिए इकराम पुत्र इकबाल निवासी सुभाष बाजार से करीब 2 साल पहले 1500 रुपए में खरीदने बारे स्वीकारा था। पूछताछ के बाद आरोपी दीपक को न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद आरोपी असला सप्लायर इकराम की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

# लाडवा में पहली बार होगा जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** 27 नवंबर अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि लाडवा उपमंडल में पहली बार जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का आगाज होगा। इस वर्ष प्रदेश सरकार के आदेशानुसार पिहोवा के साथ-साथ लाडवा में भी 9 से 11 दिसंबर 2024 तक जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित उपमंडल के एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।
एडीसी सोनू भट्ट बुधवार को लघु सचिवालय एडीसी कार्यालय में जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे।



एडीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का आयोजन जिला कुरुक्षेत्र में भी किया जा रहा है। लेकिन इस बार पिहोवा के साथ-साथ लाडवा उपमंडल में भी जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का आयोजन 9 से 11 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा। इस महोत्सव को लेकर प्रदेश सरकार की तरफ से उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में एडीसी, नगराधीश, लेखा अधिकारी आडिट, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सदस्य सचिव और दो-तीन संस्थाओं के प्रतिनिधि सदस्य के रुप में शामिल किए गए है। इसके अलावा पिहोवा और लाडवा में संबंधित एसडीएम को उपायुक्त के आदेशानुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि लाडवा और पिहोवा के जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह में आम नागरिकों और समाजसेवी व धार्मिक संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। इसलिए अधिक से अधिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और आमजन इस महोत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके अलावा ग्राम पंचायतों से पंच-सरपंच और अन्य प्रतिनिधि भी महोत्सव में पहुंचने का प्रयास करें। गीता हवन एवं पाठ, स्कूली छात्रों द्वारा पेंटिंग व अन्य शैक्षणिक प्रतियोगिताएं, गीता एवं महाभारत पर आधारित प्रदर्शनी, संस्थाओं के सहयोग से नगर शोभा यात्रा, श्रीमद भगवद गीता, महाभारत एवं भगवान श्रीकृष्ण बहुआयामी व्यक्तित्व पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# परिचालकों की समस्याओं को लेकर जीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजिस्टर्ड नंबर 2089 द्वारा अम्बाला डिपो महा-प्रबन्धक के साथ हुई। जिसका संचालन डिपो सचिव सुनिल वर्मा ने किया और अध्यक्षता डिपो प्रधान नवीन यादव व चैयरमैन दयानंद यादव ने की। मीटिंग में चालक परिचालको की समस्याओ के लेकर महा-प्रबंधक के साथ सौहार्दपूर्ण से बातचीत हुई । जीएम के समक्ष चालक परिचालको की निम्नलिखित समस्याए जैसे चालक परिचालको के लिए बडा विश्राम रूम हाल , आवरटाईम व यात्री भत्ता का जल्द भुगतान, सभी चालक परिचालक से समान आवरटाईम लगवाना, जूनियर की जगह सीनियर्स को लगाना ,



ड्यूटी सेक्शन क्लर्क बदलना , परिचालक की खुले सिक्के की समस्या आदि कई अन्य डिपो लेवल की समस्याओ को रखा हुई जिनको महा-प्रबंधक द्वारा 15 दिन मे पुरा करने का आश्वासन दिया । इस मौके पर डिपो चैयरमैन दयानंद यादव, उप-प्रधान प्रवीण शर्मा, कैशियर राकेश यादव,प्रेस सचिव सन्नी कुमार सह सचिव रविन्द्र ढ़ाणा,सम्पादक संजय शर्मा ,प्रेस प्रवक्ता चन्द्रहास ,मुख्य सलाहकार नरेश कुमार सह संपादक राजेश कुमार,कप्तान सिंह, अमनदीप, अजमेर सिंह, प्रेम कुमार व अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

हरियाणा रोडवेज जागृति मंच रजिस्टर्ड नंबर 2089 द्वारा अम्बाला डिपो महा-प्रबन्धक के साथ हुई । जिसका संचालन डिपो सचिव सुनिल वर्मा ने किया और अध्यक्षता डिपो प्रधान नवीन यादव व चैयरमैन दयानंद यादव ने की । आज की मीटिंग में चालक परिचालको की समस्याओ के लेकर महा-प्रबंधक के साथ सौहार्दपूर्ण से बातचीत हुई । जीएम साहब के समक्ष चालक परिचालको की निम्नलिखित समस्याए जैसे चालक परिचालको के लिए बडा विश्राम रूम हाल , आवरटाईम व यात्री भत्ता का जल्द भुगतान, सभी चालक परिचालक से समान आवरटाईम लगवाना, जूनियर की जगह सीनियर्स को लगाना , ड्यूटी सेक्शन क्लर्क बदलना , परिचालक की खुले सिक्के की समस्या आदि कई अन्य डिपो लेवल की समस्याओ को रखा हुई जिनको महा-प्रबंधक द्वारा 15 दिन मे पुरा करने का आश्वासन दिया । इस मौके पर डिपो चैयरमैन दयानंद यादव, उप-प्रधान प्रवीण शर्मा, कैशियर राकेश यादव,प्रेस सचिव सन्नी कुमार सह सचिव रविन्द्र ढ़ाणा,सम्पादक संजय शर्मा ,प्रेस प्रवक्ता चन्द्रहास ,मुख्य सलाहकार नरेश कुमार सह संपादक राजेश कुमार,कप्तान सिंह, अमनदीप, अजमेर सिंह, प्रेम कुमार व अन्य कर्मचारी साथी मौजूद रहे।

**मांग**
▶▶ परिचालक की खुले सिक्के की समस्या आदि कई अन्य डिपो लेवल की समस्याओ को रखी गई

# बसों से बैट्रियां चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र में फिलिंग स्टेशन पर खड़ी बसों से बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शहजाद निवासी बैंयापुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। श्याम नगर निवासी सुशील ने गत 24 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बस गोहाना से सोनीपत व दुसरी बस उसके भाई की रोहतक से सोनीपत से चलती है। बसों को रात के समय उमा फिलिंग स्टेशन पर खड़ी करते है। रात को बसों को फिलिंग स्टेशन पर खड़ा कर दिया। सुबह जब बसों को रूट पर ले जाने के लिए पहुंचे। गाड़ी स्टार्ट नहीं हो सकी। जब चेक किया तो बसों से बैटरी गायब मिली। फिलिंग स्टेशन पर लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग जांची। जिसमें दो आदमी ऑटो में बैटरी लेकर जाते हुए दिखाई दिए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी एसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सीसीटीवी को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। जिसमें चोर ऑटो में बैटरी चोरी करके लेकर जाते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई करते आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से तीन बैटरी व वारदात में प्रयुक्त ऑटो को बरामद कर लिया है।

**बरामद**
▶▶ आरोपित के पास से तीन बैटरी व वारदात में प्रयुक्त ऑटो को बरामद कर लिया है।

## न्यूज फ्लैश

### कैंट सिविल अस्पताल में परिवार नियोजन को लेकर नाटक आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में परिवार नियोजन को लेकर चल रहे पखवाड़े के अंतर्गत जनता को नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक किया गया। यह नुक्कड़ नाटक रामचंद्र रोहिला एंड पार्टी जींद द्वारा परिवार नियोजन से जुड़ी तमाम जानकारी दी गई। यह इस अवसर पर मुख्य रूप से पीएमओ डॉक्टर रेनू बेरी पजनी मौजूद रही उनके साथ प्रसूति विभाग से डॉक्टर रचना बंसल डॉक्टर मंजू धीमान डीएमएस डॉक्टर विनय गोयल नोडल ऑफिसर डॉक्टर चित्रा शर्मा व अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा। पीएमओ डॉक्टर रेनू बेरी पजनी ने जींद से आई नुक्कड़ नाटक की टीम की प्रशंसा करी और उनके द्वारा दिखाए गए नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा परिवार नियोजन को लेकर जो यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है उसके अंतर्गत नुक्कड़ नाटक जैसी प्रतिदिन एक्टिविटी करवाई जा रही है इसमें यूपीएसएसी स्तर पर विभिन्न जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का मुख्य मकसद लोगों में जागरूकता लाना है और सरकार की परिवार नियोजन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाना है उन्होंने बताया कि अंबाला नागरिक अस्पताल में 30 नवम्बर शनिवार को नसबंदी कैम्प लगाया जा रहा है। इसके बाद से प्रत्येक सप्ताह में शुक्रवार को परिवार नियोजन के लिए एनएसवी कैम्प आयोजित किए जाते रहेंगे।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना से आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं : उत्तम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है।
उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को प्रदान किया जाता है जिनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो। इसके अतिरिक्त पात्र महिला पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफॉल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला को हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।
उन्होंने बताया की योजना के माध्यम से महिलाओं को 3 लाख रुपये तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलायें स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी।

# गीता महोत्सव में लाखों लोग धर्मक्षेत्र में पहुंचेंगे: सीएम

**मुख्यमंत्री ने स्वयं झाडू, कस्सी से कचरे को उठाकर डस्टबिन में डाला और ज्योतिबा भाई फूले व ताउ देवीलाल चौक पर हाथों से पॉलिथीन व अन्य प्लास्टिक का सामान उठाकर डस्टबिन में डाला**

**महोत्सव**

**पावन गीता स्थली पर आने वाले लोग स्वच्छता और सुंदरता की यादों को साथ लेकर जाएंगे**





टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में देश विदेश से लाखों लोग धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में पहुंचेंगे। इस पावन गीता स्थली पर आने वाले लोग स्वच्छता और सुंदरता की यादों को साथ लेकर जाएंगें। इसी लक्ष्य को जहन में रखकर गीता स्थली कुरुक्षेत्र को स्वच्छ और सुन्दर बनाना हैं, ताकि पूरी दुनिया में कुरुक्षेत्र की स्वच्छता और सुन्दरता में विशेष पहचान बने।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को थानेसर शहर में शेखचिल्ली मकबरे के प्रांगण में प्रशासन और नगर परिषद की तरफ से आयोजित स्वच्छ कुरुक्षेत्र अभियान के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, उपायुक्त नेहा सिंह, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी चेयरमेन सुभाष चन्द्र, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, प्रदेश सचिव राहुल राणा ने विधिवत रूप से स्वच्छ कुरुक्षेत्र महा सफाई का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वच्छता रथ गीता महोत्सव को हरी झंडी देकर रवाना किया और स्वच्छ कुरुक्षेत्र के बोर्ड पर अपने हस्ताक्षर भी किए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सैकड़ों लोगों के साथ करीब एक घंटा शेखचिल्ली मकबरे से लेकर ओपी जिन्दल पार्क, ज्योतिबा भाई फूले व ताउ देवीलाल चौक पर स्वच्छता अभियान में अपना श्रमदान दिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं झाडू, कस्सी से कचरे को उठाकर डस्टबिन में डाला और ज्योतिबा भाई फू ले व ताउ देवीलाल चौक पर अपने हाथों से पॉलिथीन व अन्य प्लास्टिक का सामान उठाकर डस्टबिन में डाला। मुख्यमंत्री ने शेखचिल्ली मकबरे से कुरुक्षेत्र के 18 जोनों में स्वच्छता अभियान का आगाज करने के साथ-साथ स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के एक-एक नागरिक को स्वच्छता अभियान के साथ जुड़ ने चाहिए। जब कुरुक्षेत्र के नागरिक अपनी मानसिकता में बदलाव लाकर स्वच्छ कुरुक्षेत्र की तस्वीर को अपने जहन में देखेंगे तो निश्चित ही कुरुक्षेत्र स्वच्छ और सुन्दर नजर आएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में स्वच्छता अभियान के तहत जुड़ ने का आह्वान किया। इस दिन में जब पूर्णतः स्वच्छता का वातावरण होगा तो निश्चित ही लोगों को बीमारियों से छुटकारा मिलेगा और जब सभी नागरिक स्वस्थ होंगे तो देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा। यह प्रदेश अब तीन गुणा गति से तरक्की करेगा। इस प्रदेश का विकास योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा। सबसे पहले हरियाणा को पूर्णतः स्वच्छ बनाना है। सभी यूएलबी में कर्मचारियों की कमी को दूर किया जा रहा है और संसाधनों की भी कोई कमी नहीं रहने दी जा रही। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 775810 व्यक्तिगत शौचालयों व 6 हजार से अधिक सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण किया गया है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 17 शहरी स्थानीय निकायों को ओडीएफ, 59 निकायों को ओडीएफ प्लस तथा 2 निकायों को वॉटर प्लस के रूप में प्रमाणित किया गया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 100 से कम शहरी निकायों वाले राज्यों की श्रेणी में हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर पर 14 स्थान प्राप्त किया है। गुरुग्राम, फरीदाबाद में 1200-1200 क्षमता के 2 प्लांट लगाए जाएगें। इन तमाम प्रयासों से हरियाणावासी स्वच्छता के इस अभियान को निरंतर जारी रखेंगें और अगले सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग होगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस शहर के लिए, जो भी संसाधन होंगे उन सबको सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र स्वच्छ मुहिम को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अभियान को सख्ती से लिया जाएगा। इस अभियान पर उपायुक्त निरन्तर नजर रखेगी, ताकि कहीं भी कोई कमी न रह जाए।
पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव से पहले ही स्वच्छ कुरुक्षेत्र स्वच्छता महाअभियान को शुरू किया गया हैं। इसके लिए, प्रशासन की तरफ से थानेसर को 18 जोन में विभाजित किया गया हैं और हजारों लोगों ने कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया हैं। इस अभियान के साथ सभी नागरिकों को जुड़ ने की जरूरत हैं। जब सभी नागरिक अभियान के साथ जुड़ेगें तभी स्वच्छ कुरुक्षेत्र के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा।

## समाधान शिविरों में अपनी समस्याओं का समाधान करवाकर उठाए लाभः डीसी



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसर प्रयास रहें, यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त पार्थ गुप्ता अपने कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहें थे। इससे पहले उन्होंने समाधान शिविर मे आए लोगों की समस्याओं को सुना।

## मुख्यमंत्री सैनी करेंगे ऑनलाइन समाधान शिविरों की निगरानी

**समाधान**

**सरकार की नई पहल के तहत बुधवार को जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर का आयोजन किया**



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
**हरियाणा** सरकार की नई पहल के तहत बुधवार को जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि ये शिविर पहले शिविरों की अपेक्षा थोड़े से भिन्न है लेकिन उद्देश्य दोनों का एक जैसा है। जनता की समस्याओं के समाधान पर मुख्य रूप से फोक्स करना है। इन शिविरों की मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। इसको लेकर सचिवालय में ऑनलाइन सिस्टम भी लगाया गया है जिसमें पूरे शिविर की कार्यवाही लगातार 2 घंटे मुख्यमंत्री देख सकते है व अधिकारियों और शिकायतकर्ताओं से जुडकर उनकी समस्या और समाधान पर बात कर सकते है। उपायुक्त ने अधिकारियों को चेताया कि वे समय पर शिविर में पहुंचे व समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें। सभी अधिकारियों को इन शिविरों को गंभीरता से लेना होगा व जनता की समस्याओं का निदान करना होगा। उपायुक्त ने हैफड के अधिकारियों को फटकार लगाई कि वे अपने कार्य के प्रति और गंभीर हो व उन्होंने मंडियों की स्थिति भी जानी व कितनी पैडी पहुंची है व उठान की क्या स्थिति है इस पर जानकारी ली। उपायुक्त ने अधिकारियों से 9 दिसम्बर के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की व सैक्टर 18 में हैलीपैड के निर्माण की क्या स्थिति है पर भी अपडेट लिया। नागरिकों की समस्या की सुनवाई करते हुए एक दिव्यांग महेंद्र की पैंशन बनवाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए व कहा कि जो भी पात्र है उनकी पैंशन बिना किसी विलंब के बननी चाहिए व इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बरदाश्त नहीं की जाएगी। शिविर में शिकायतकर्ता सुभाष ने उपायुक्त से अपील की कि उनकी मजदूरी दिलवाने का कष्ट करें। इस पर उपायुक्त ने अधिकारियों को संज्ञान लेने के निर्देश दिए।

## प्रदेश में दो लाख गरीब लोगों का जल्द होगा अपना घरः कृष्ण



कृष्ण लाल पंवार आज इसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव अटावला, डुमियाना, उरलाना कलां, अहर, खलीला, परढ़ाणा, कारद तथा जोंधन कलां में ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद सम्बोधित कर रहे थे।

**मिलेगी सौगात**

**साथ-साथ उनको इन प्लॉटों पर मकान बनाने में लाभार्थियों की सहायता करने का प्रावधान किया है**

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
**हरियाणा** के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार कम आय वाले लोगों को घर बनाने में मदद करने के लिए 100 वर्ग गज के प्लॉट उपलब्ध कराने की योजना का खाका तैयार कर रही है और जल्द ही हरियाणा में दो लाख गरीब लोगों का अपना घर होने का सपना जल्द ही साकार होने वाला है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने लोगों को आश्वासन दिया कि जिन पात्र गरीब लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट आवंटित किए जाएंगे, उनके क्षेत्र में पक्की सड़कें, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्क और खुले हरे भरे स्थान जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं भी सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अलग-अलग चरणों में 100 वर्ग गज के प्लॉट तो मिलेंगे ही, साथ-साथ उनको इन प्लॉटों पर मकान बनाने में लाभार्थियों की सहायता करने का प्रावधान किया है।

## हुड्डा ने पुलिस बल के साथ सेक्टर से अतिक्रमण हटाया



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** अंबाला शहर के सेक्टर 9 और सेक्टर 7 में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई इस दौरान भारी पुलिस बल भी मौजूद था आज कुछ लोगों का कहना था कि हुडा नियमित रूप से ये कार्यवाही जारी रखे , अक्सर देखने में आता है कि कार्यवाही के बाद अतिक्रमण फिर से लोग कर देते है। गुरनाम सिंह जेई ने बताया कि हमें बार बार शिकायतें मिल रही थी कि इस क्षेत्र में अतिक्रमण बढ़ गया है जिससे को आने जाने में दिखता आ रही है उसी पर आज हमने ये कार्यवाही की है उन्होंने बताया कि आगे भी ये कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि लोग अतिक्रमण न करे । उन्होंने कहा कि लोगों को शिकायत मिलती थी कि अतिक्रमण के कारण यहा से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है पैसे में हमने यहां बार यहां दुकानदारों को चेतावनी भी दी और उन्हें नोटिस भी दिए गए । लेकिन लोग नहीं माने इसके बाद आज हमें कार्यवाही के लिए आना पड़ा।

## 14 दिसम्बर को किया जाएगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय, करनाल की सभी अदालतों में 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई व्यक्ति अदालत मे लंबित मुकदमे रखकर उनका फैसला करवा सकता है।

## सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाएंगे कदमः वीरेंद्र



**निर्देश**

**सर्दी के मौसम में ट्रैफिक संचालकों को फंड से अच्छी क्वालिटी की 150 गर्म जैकेट जिस पर रिफलैक्टर टेप लगी होगी**

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
प्रशासन ने सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मजबूती से कार्य करने का फैसला किया है। शहर में किसी भी तरह की सडक दुर्घटना न हों इसका असर बहुत शीघ्र नागरिकों को दिखाई देने लगेगा। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सडक सुरक्षा समिति एवं सुरक्षा स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में ट्रैफिक संचालकों को फंड से अच्छी क्वालिटी की 150 गर्म जैकेट जिस पर रिफलैक्टर टेप लगी होगी व एक आधुनिक टॉर्च भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जहां जहां रोड़ टूटे हुए है उनकी मुरम्मत करवाई जाएगी। रोड़ के गढ्ढों को भरा जाएगा। 15 वर्ष पूरा कर चुके डीजल के वाहनों को इम्पाउंड न करके उन्हें स्क्रैप सैंटर भेजा जाएगा। अधिकारी यह सुनिश्चित करले इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरतें। ड्राइवरों के लीकर टैस्ट होंगे व जो जो एंबुलैंस विभिन्न जगहों पर स्थित है सभी में जीपीएस की सुविधा प्रदान की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मार्गो पर सफेद पटटी के अलावा अन्य सरकारी व संस्थानों की बिल्डिंगो के सिंबल भी रोड़ पर लगाना सुनिश्चित करें।
उपायुक्त ने बताया कि सर्दी के मौसम में सडक दुर्घटना का शिकार आम नागरिक न हो इसको लेकर बॉडी कैमरे भी खरीदना अधिकारी सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कम से कम 10 कैमरे खरीदने के अलावा केन, रिकवरी वैन और चालान के लिए बोस मशीने खरीदने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने सभी पैड पार्किंग संचालकों को निर्देश दिए कि वे रिफलैक्टर टेप लगवाने के लिए वाहन चालकों को जागरूक करें।

## बाल विवाह मुक्त अभियान को एमडीडी ऑफ इंडिया ने दिया समर्थन



**जागरुक किया**

**बल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है और यह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, चुनाव के मूलभूत अधिकारों के हनन करता है**

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत , ( कमाल हुसैन ) आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पानीपत के खण्ड शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा ने पानीपत को बाल विवाह मुक्त बनाने का दिलाया संकल्प एमडीडी ऑफ इंडिया बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के देशव्यापी गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। भारत सरकार के नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्घाटन के मौके पर जिला प्रशासन ने पानीपत में बाल विवाह के खिलाफ काम कर रहे गैरसरकारी संगठन एमडीडी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। एमडीडी ऑफ इंडिया बच्चों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश के 400 से भी ज्यादा जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी सदस्य है। इस मौके पर आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल जीटी रोड पानीपत में हुए समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी ने स्कूली छात्रों, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर्स और कार्यकर्ताओं, महिलाओं और पंचायत प्रतिनिधियों व अन्य को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। जिले में जगह-जगह हुए कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, बाल विवाह निषेध अधिकारी (सीएमपीओ) के अलावा बाल विवाह पीड़िताओं ने भी भागीदारी की और बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली। यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान के समर्थन में किया गया, जिसका उद्घाटन 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। दौरान उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उम्मीद की जा रही है कि जल्दी ही शपथ लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर बाल विवाहों की सूचना व शिकायत के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल भी शुरू किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा जी ने कहा कि बल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है और यह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, चुनाव के मूलभूत अधिकारों के हनन के साथ ही उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है।

## कल्पना चावला पॉलीटेक्निक में संविधान दिवस समारोह आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक फॉर वुमेन, अम्बाला शहर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रिंसिपल डॉ लाभ सिंह नैन ने बच्चों को भारतीय संविधान से अवगत करवाया और संविधान का महत्व बताया। इसके साथ ही बच्चों को संविधान के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर सरला, सुरेश, डॉ अश्विनी भारद्वाज, कृष्णा, पूनम जैन, बाबू राम आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।
इस अवसर पर बताया गया कि भारत में सामाजिक व आर्थिक विकास संविधान के आधार पर हुआ है और इसी के आधार पर 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र होगा और यह भी बताया कि आज भारत के संविधान के आदर्शों एवं मूल्यों को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है। 26 नवम्बर 1949 को राष्ट्र को संविधान समर्पित किया गया था और अधिकारिक रूप से इसे 1950 में लागू किया गया था। संविधान के नवनिर्माण में डा. भीमराव अम्बेडकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संविधान को मनाने में दो साल 11 महीने, 18 दिन का समय लगा और लगभग 389 सदस्यों ने इसे बनाने में अपना योगदान दिया है।

# 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, कैडेट्स को किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा 10 हरियाणा बटालियन एन.सी.सी. ने देश के वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र में स्थित शहीद समारक में किया गया। जिसमें एन.सी.सी. के अधिकारियों कैडेट्स और गण्यमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना और शहीदों के बलिदान को याद करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट



कर्नल नितीश कुमार प्रशासनिक अधिकारी 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी ने की। उनके साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट वीरेंद्र पाल सूबेदार मेजर विनोद कुमार सूबेदार सरजीत सिंह हवलदार, अमनदीप, बलजिंद्र सिंह, जगमिंद्र सिंह, और देवेंद्र पाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों की याद में मौन रखकर और पुष्प अर्पित करके की गई। इसके बाद कैडेट्स और अधिकारियों ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। लेफ्टिनेंट कर्नल नितीश कुमार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान से हमें यह सीख मिलती है कि देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का भाव रखना चाहिए। यह हर देशवासी का नैतिक कर्त्तव्य है कि वह शहीदों के योगदान का सम्मान करे। इसके बाद लेफ्टिनेंट वीरेंद्र पाल ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए उन्हें आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा एनसीसी केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह कैडेट्स को देशभक्ति अनुशासन और नेतृत्व कौशल से लैस करने का एक सशक्त माध्यम है। आप सभी को देश के सामने आने वाली किसी भी आपदा या चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा। एनसीसी का हर सदस्य देश का एक मजबूत स्तंभ है।

**देश सेवा**

**आप सभी को देश के सामने आने वाली किसी भी आपदा या चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।**

# समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा 15वां अंगदान दिवस मनाया

**कदम**

**हर वर्ष 5 लाख लोग मारे जाते हैं मानव अंगों के ना मिलने के कारण,हमारा अंगदान करना महत्वपूर्ण है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**समाज कल्याण** शिक्षा समिति द्वारा 15वां अंगदान दिवस मनाया गया इस दौरान 16 लोगों ने पूर्ण शरीर दान के फार्म भरे एवं 17 लोगों ने अंगदान के फॉर्म भरे इस दौरान प्रधान आनंद कुमार ने अंगदान के फायदे के बारे में बताया कि हर वर्ष 5 लाख लोग मारे जाते हैं मानव अंगों के ना मिलने के कारण को जिनको बचाने के लिए हमारा अंगदान करना बहुत महत्वपूर्ण ह ईस अवसर पर सब इंस्पेक्टर जगत सिंह के द्वारा



बताया गया कि कैसे मरने के बाद भी हमारा शरीर लोगों के काम आ सकता है इस अवसर पर संथा के सचिव राहुल गुलिया ने बताया की 15 वा भारतीय अंग दान दिवस ह मगर हमारी संथा यह 16 वा अंगदान दिवस मना रही ह संस्था की जागरुकता को ध्यान मे रखते हुए अब तक 26 लोगो के सरीर दान भिन्न-भिन्न मेडिकल कालेजो मे करवाए जा चुके ह ईस अवसर पर सुपरीडेनट सिवानी सरोहा नर्सिंग ऑफिसर सुमीत बूरा राहुल दहिया राजेश कुमार ममता सरोहा निकीता बनटी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### 25 किलोग्राम चुरापोस्त/डोडा पोस्त के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने 25 किलोग्राम चुरापोस्त/डोडा पोस्त के साथ दो आरोपिये को किया काबू। जिला कुरुक्षेत्र की एंटी नारकोटिक सैल ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप ईन्द्रजीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वा बेअन्त पुत्र विचित्र सिंह वासियान नाभा पंजाब को काबू करके उसके कब्जे से 25 किलोग्राम डोडा/चुरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता मनजीत पांचाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के मार्ग निर्देश में जिला कुरूक्षेत्र को नशा मुक्त बनाने की मुहिम मे नशीले प्रदार्थ की रोक थाम में एंटी नारकोटिक सैलकी टीम दिनांक 26.11.2024 को समय करीब 10.30 सुबह स030नि0 सुशील कुमार, जोगिन्द्र सिंह, मु.सि. नसीब सिंह, एसपीओ सुरेन्द्र और चालक सिपाही जसवन्त सिंह गस्त पडताल के सम्बन्ध मे बस अड्डा गाँव मुस्तापुर पर मौजुद थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि ईन्द्रजीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वा बेअन्त पुत्र विचित्र सिंह वासियान नाभा पंजाब ट्रक न. पीबी-11-सीजे-8045 पंजाब से माल लोढ करके राज्यस्थान व मध्यप्रदेश जाते है । वापिस आते समय भारी मात्रा में डोडा/चुरापोस्त लेकर पंजाब जाते है । अगर एनएच-152-डी पुल के उपर गांव मुर्तजापुर पर नाका बंदी करके ट्रक की तलाशी ली जाए तो भारी मात्रा मे डोडा/चुरापोस्त बरामद हो सकता है। जिसकी सुचना पुलिस ने उच्च अधिकारियो को दी और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एनएच-152-डी पुल के उपर गांव मुर्तजापुर पर नाका बंदी शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस ने एक ट्रक पीबी-11-सीजे-8045 को सामने की तरफ से आते हुए दिखाई दिया। जिसको शक के आधार पर रोक कर ड्राईवर वा कन्डेक्टर का नाम पता पुछा तो उन्होने अपना नाम ईन्द्रजीत सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वा बेअन्त पुत्र विचित्र सिंह वासियान नाभा पंजाब बताया। ट्रक की तलाशी लेने पर ट्रक से डोडा/चुरा पोस्त बरामद हुआ। चुरापोस्त/डोडा पोस्त का वजन करने पर वजन 25 किलोग्राम हुआ। पुलिस ने दोनो आरोपियो को काबु करके उनको खिलाफ थाना सदर पेहवा नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके दोनो आरोपियो के गिरफतार कर लिया है। दोनो आरिपियो को माननीय अदालत मे पेश किया जाएगा।

### जिले में डेंगू के सात नए मरीज मिले, आंकड़ा 472 पर पहुंचा

**सोनीपत**

**जिले में** डेंगू, वायरल बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में डेंगू के सात नए मरीज मिले है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में डेंगू के सात मरीजों के मिलने की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है। अब जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 472 हो गई है। मलेरिया के मरीजों की जिले में संख्या 36 है। साथ ही एक मरीज चिकनगुनिया का सामने आ चुका है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमों की ओर से घर-घर जाकर बर्तनों में भरे पानी में मच्छरों का लारवा की जांच की जा रही है। साथ ही लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र से ज्यादा मरीज सामने आ रहे है। बता दें कि मौजूदा समय में वायरल बुखार के मरीज काफी संख्या में मिल रहे है। डेंगू, मलेरिया भी अपना प्रकोप दिखा रहा है। विभाग की टीम घर-घर जाकर मलेरिया जांच के लिए मरीजों के रक्त के नमूने लेकर प्रयोगशाला में भेज रही है। साथ ही मरीजों को डेंगू की जांच के लिए उन्हें नागरिक अस्पताल व महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही डेंगू लैब में रक्त के नमूने देने देने की सलाह दी जा रही है। उन्हें डेंगू व मलेरिया से बचाव की जानकारी दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मंगलवार को जारी की रिपोर्ट में 13 नए मरीज डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की रिपोर्ट दी है। डेंगू का आंकड़ा चार सौ पार होते हुए 472 हो गया है। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में जटवाड़ा, विशाल नगर, राम नगर, गढ़ी ब्राह्मण, मयूर विहार, मुरथल में नए केस आने की पुष्टि विभाग की तरफ से की गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। क्वाइल, क्रीम या तेल का उपयोग करना चाहिए। यदि कोई लक्षण मिलते हैं तो चिकित्सक को जरूर दिखाएं। मंगलवार को लैब से मिली रिपोर्ट में आठ केस डेंगू बुखार सामने आए है। स्वास्थ्य विभाग की 168 टीमें घर-घर जाकर पानी में लारवा की जांच कर रही है। अब डेंगू बुखार से ग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़कर 472 हो गई है। अस्पताल में कंट्रोल रूम भी बना रखा है।

# कुरूक्षेत्र रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प !

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र** : सांसद नवीन जिन्दल ने नई दिल्ली में रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे मंत्रालय के आला अधिकारियों से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से जुड़ी रेलवे परियोजनाओं पर विचार विमर्श किया। उन्होनें कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विकास और विशेष रूप से रेलवे से जुड़ी सुविधाओं और आवश्यकताओं पर विशेष चर्चा की। इस महत्वपूर्ण बैठक में सांसद नवीन जिन्दल ने धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की भी बात रखी। सांसद नवीन जिन्दल ने श्री अश्विनी वैष्णव से कुरूक्षेत्र रेलवे स्टेशन के विकास के लिए



इसे अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की भी मांग की। इस संबंध में सांसद नवीन जिन्दल की उपलब्धि यह है कि रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इस संबंध में अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और कुरूक्षेत्र रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित कराने का भी भरोसा दिलाया है। इस बैठक के बाद सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि कुरूक्षेत्र रेलवे स्टेशन के अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल होने पर क्षेत्र वासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। यहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं दिलाने के लिए मैं पूर्ण रूप से प्रयासरत हूं। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल, कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का सर्वांगीण करने के प्रति गंभीरतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

**विचार विमर्श**

**जिन्दल ने कुरूक्षेत्र रेलवे स्टेशन के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करने की भी मांग की**

# कार चालक को धक्का मारकर गिराया, गाड़ी लेकर फरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में शराब की दुकान के बाहर कार चालक को धक्का मारकर गिराने व उसकी कार को छीनकर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर चार अज्ञात युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव जगतपुर गली नंबर-3 बुराड़ी दिल्ली निवासी तरुण डेढा ने बताया कि वह पान का काम करता है। वह गांव से मुरथल ढाबे पर खाना-खाने के लिए आ रहा था। रात करीब 11.44 बजे वह कुंडली के पास पहुंचा। जहां गाड़ी को शराब की दुकान के बाहर खड़ा कर दिया। उसी दौरान तीन-चार लड़के आए। उन्होंने उसे धक्का मारकर नीचे गिरा दिया। उसके बाद उसकी कार को लेकर फरार हो गए। युवक कार को पानीपत की तरफ लेकर भागे थे। अपने स्तर पर उनको पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सिगरेट व नकदी से भरा बैग लेकर फरार हुए युवक

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सेक्टर-27** शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-15 में पान की दुकान के बाहर सप्लायर की बाइक से युवक सिगरेट व नकदी से भरा बैग चोरी कर भाग गया। बैग में करीब 57 हजार रुपये की सिगरेट व 22 हजार रुपये की नकदी थी। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव जटवाड़ा क्षेत्र में गोशाला के पास रहने वाले नवरत्न ने बताया कि बाइक पर सामान की आपूर्ति करते है। वह सोमवार को भी सामान की आपूर्ति करने गए थे। वह सेक्टर-15 में गए तो वहां कैलाश की पान की दुकान के बाहर बाइक खड़ी कर दी। वह दुकान में सामान देने लगे। इसी दौरान एक युवक ने बाइक से सिगरेट से भरा बैग उठा लिया और भाग गया। बैग में करीब 57 हजार रुपये की सिगरेट व 22 हजार रुपये की नकदी थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है।

उन्होंने रुपये उधार व ब्याज पर लेकर अपना काम शुरू किया था। चोरी की घटना से पूरा परिवार दुखी है। मामले में सेक्टर-27 थाना पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई संतोष ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# महंत प्रभात पुरी माध्यमिक विद्यालय में पी. टी. एम. बैठक का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एक पी. टी. एम. बैठक का आयोजन हुआ। विशेष अतिथि विधालय प्रबंधक सुनील सचदेवा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य भजन राठोर ने की। सचदेवा ने अपनें संबोधन में माता पिता को बच्चों को अच्छे संस्कार देने को कहा। बच्चों में अच्छे संस्कार का अर्थ है कि उनका, आपका व देश का भविष्य सुरक्षित है। प्राचार्य राठोर ने बताया कि बैठक में एजेंडा अनुसार अभिभावकों व अध्यापिकाओं के बीच चर्चा हुई। बच्चों की ताकत व कमजोरीयों बारे व्यक्तिगत चर्चाएँ भी हुई।



हाल ही में संपन्न ईकाई परीक्षाओं के अंक भी अभिभावकों को बताए गए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के शारिरिक, सामाजिक, मानसिक व शैक्षिक विकास हेतु अभिभावकों का सहयोग अनिवार्य है इस अवसर पर उपप्रबंधक रमेश सचदेवा, उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, रीटा रानी,सरिता शर्मा, ज्या वत्स, डा संतोष शर्मा, मोनिका माटा, कुसुम शर्मा, ज्योति रानी, रेखा रानी, मोनिका,हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, सुमन धीमान, बिंदु, अनिता वालिया, पिंकी रानी,आलिषा अरोड़ा,सीमा शर्मा,अनूप शर्मा, मधु, मनप्रीत वर्मा व महेंद्र सैनी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पंजाब का युवक हेरोइन समेत गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एसपी आस्था मोदी के दिशा-निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम ने बुधवार को भूना क्षेत्र से पंजाब के युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई है। गिरफ्तार युवक की पहचान पंजाब प्रान्त के रहने वाले के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई मेजर सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर भूना क्षेत्र में गश्त पर थी। टीम जब रतिया से भूना रोड पर जा रही थी।

# मातृभूमि सेवा राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :आध्यत्म प्रेरित सेवा संस्थान मातृभूमि सेवा मिशन के सेवा कार्यो का अवलोकन करते हुए सांसद एवं प्रसिद्ध उद्योगपति नवीन जिंदल के लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस अधिकारी ने कहा समाज के जसरूरतमंदो की सेवा से बड़ा कोई कोई कार्य नही है। मातृभूमि सेवा मिशन समाज के असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों के सवार्गीण विकास में समर्पित है और उन्हे राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए प्रयासरत है। अंतराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह - 2024 के अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओ में



विद्यार्थियों एवं युवा पीढ़ी के मध्य गीता का किया जा हूँ व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार समाज में गीता के प्रति रुचि पैदा कर रहा है। मातृभूमि सेवा मिशन वास्तविक रूपसे समाज एवं राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित है। आश्रम परिसर पहुँचने पर धर्मवीर सिंह का मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र सांसद नवीन जिंदल द्वारा समाज की भलाई के लिए निःस्वार्थ भाव से किये जा रहे सामाजिक कार्यो ओर प्रसंशा करते हुए कहा सेवा का भाव व्यक्ति को जीवन में सर्वाधिक आत्म संतोष प्रदान करने के साथ साथ आत्म प्रेरणा का भाव जागृत भी करता है। सेवा का भाव व्यक्ति को नेतृत्व करने की क्षमता प्रदान करता है। सेवा भाव से प्रेरित व्यक्ति अच्छे लोकोपयोगी व्यक्ति बन कर सामने आते हैं और समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

**प्रेरणा**

**सेवा भाव से प्रेरित व्यक्ति अच्छे लोकोपयोगी व्यक्ति बन कर सामने आते हैं और का स्रोत बन जाते हैं**

# दुष्कर्म करने के दोषी को बीस साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को बीस साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 70 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। पुलिस ने लड़की को चरखी दादरी से बरामद किया था। खरखौदा थाना निवासी एक महिला ने गत 12 दिसंबर 2021 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया था। उसके बाद उनके पास फोन आया कि उसकी बेटी को नकुल दुबलधन बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए लड़की को चरखी दादरी से बरामद किया था। मामले की जांच अधिकारी एसआई उषा ने बच्ची का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। उसके बाद मामले में अलग-अलग धाराएं जोड़ी गई। जांच में नकुल के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला था। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए रामबीर निवासी शाहाबाद हरदोई यूपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपित पर बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया था।

# अनोखी पहल: इनोवेशन से होगा जीवन में 'उत्सव'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : गुरुग्राम के उत्सव फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को नवाचार के साथ जोड़ने की अनोखी पहल की है। देश भर से चयनित किए गए आठ प्रोजेक्ट के लिए उत्सव फाउंडेशन 10 लाख रुपए की स्पॉन्सरशिप देगा। तीन से चार महीने के भीतर विद्यार्थी इन प्रोजेक्ट को पूरा करेंगे। सभी ऐसे प्रोजेक्ट चयनित किए गए हैं, जिनका समाज के विभिन्न वर्गों को आने वाले दिनों में फायदा मिलेगा। उत्सव फाउंडेशन के इस प्रयास ने विद्यार्थियों को नवाचार को धरातल पर लाने का साहस और संसाधन, दोनों दे दिए हैं।
उत्सव फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. राज नेहरू ने बताया कि उन्होंने



अपने विकसित भारत इनोवेशन प्रोग्राम के अंतर्गत देश भर के विभिन्न स्कूलों से इनोवेशन प्रोजेक्ट के प्रस्ताव आमंत्रित किए थे। विभिन्न राज्यों के 28 स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपने-अपने इनोवेटिव आइडिया उत्सव फाउंडेशन के पास भेजे। चयन करने के लिए एक पैनल का गठन किया गया ताकि ऐसे नवाचार का चयन किया जा सके जिससे भविष्य में समाज के अलग-अलग तबकों को फायदा मिले। डॉ. राज नेहरू ने बताया कि 28 में से कुल 8 प्रोजेक्ट चुने गए हैं। इन सब पर उत्सव फाउंडेशन 10 लाख रुपये की स्पॉन्सरशिप देगा। इसकी पहली किस्त जारी कर दी गई है।

**स्पॉन्सरशिप**

**देश भर से चयनित आठ प्रोजेक्ट के लिए उत्सव फाउंडेशन 10 लाख रुपए की स्पॉन्सरशिप देगा**

साउथ दिल्ली के आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रोजेक्ट को दो लाख रुपए की स्पॉन्सरशिप प्रदान की जाएगी। विद्यार्थी आदित्य ऑटोमेशन पर डिवाइस ईजाद करेगा, जो तैराकों के लिए और पानी में काम करने वालों के लिए सेफ़्टी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होगा। बाबा रामदास एजुकेशनल सोसाइटी झज्जर के विद्यार्थी सोनी, अतुल और बलराम ब्यूटी केयर से संबंधित प्रोजेक्ट पर काम करेंगे उन्हें 2 लाख रुपये की स्पॉन्सरशिप मिलेगी।
बिहार के धनबाद के बीआइटी सिंदरी स्कूल के विद्यार्थी सैयद अदनान अहमद को सवा लाख रुपये का स्पॉन्सरशिप मिला है वो है एक्सिडेंट रोकने और रोड सेफ़्टी के प्रोजेक्ट पर काम करेगा।
एसीआईसी आईआईटी फाउंडेशन के राजीव शर्मा ईको फ्रेंडली फ्रेशनर के प्रोजेक्ट पर काम करेंगे और उन्हें डेढ़ लाख रुपए की स्पॉन्सरशिप दी जाएगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल के विद्यार्थी मुकुल शर्मा, नवीन रावत और दीपेश स्मार्ट एग्रीकल्चर सॉल्यूशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत किसानों के लिए एक डिवाइस बनाएंगे।

# किड्जी में जादू का खेल प्रस्तुत किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : किड्जी, सेक्टर-3 में जूनियर जादूगर सम्राट शंकर द्वारा जादू का खेल प्रस्तुत किया गया, जो न केवल मनोरंजक था बल्कि शिक्षात्मक भी। इस कार्यक्रम में जादूगर ने कई अनोखे जादू दिखाए, जिन्हें बच्चों ने उमंग और उत्साह के साथ देखा। यह कार्यक्रम सभी विद्यार्थियों के लिए रोमांच और उत्साह से भरा हुआ था। जादू का खेल विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी एवं सभी अध्यापकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जादूगर सम्राट ने विभिन्न जादू के करतब प्रस्तुत किए, जिनमें अखबार से छाता बनाना, 'वॉटर ऑफ



इंडिया' (कभी न खत्म होने वाला पानी का मटका), कागज के टुकड़ों से फूलों की माला बनाना, खाली बॉक्स से स्पार्कल पेपर निकालना, तथा बेल्ट से सांप बनाना शामिल थे। जिसमें मेज को धरती से ऊपर उठाने का अद्भुत खेल दिखाया गया। विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास आवश्यक है, जिसमें शिक्षा के साथ-साथ खेल और मनोरंजन भी शामिल हैं। खेल-खेल में सीखना या रोचक गतिविधियों से शिक्षा ग्रहण करना, ज्ञान प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में प्रचलित अंधविश्वास और कुरीतियों को तोड़ते हुए, बच्चों में हमारी पुरानी सांस्कृतिक विरासत को विकसित करना है।

# झुग्गी वासियों ने ठाना है, दिल्ली में भाजपा को लाना है: सुशील जोंटी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को झुग्गी बस्ती विस्तारक अभियान के अंतर्गत चांदनी चौक जिले के कलेक्टर नंबर-2, रेलवे लाइन चौकी नंबर-4 में सविधान दिवस पर रात्रि प्रवास कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सौरभ नैय्यर के साथ रहकर वहां के नागरिकों के साथ बाबा साहब जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। निगम पार्षद सुशील जोंटी ने आगे बताया कि जनता से संवाद किया गया और वहां की समस्याएं को जाना गया। साथ ही और बच्चों की कब्बडी प्रतियोगिता कराई गई। उन्होंने यह भी बताया कि बस्ती सम्पर्क किया गया और बूथ अध्यक्ष हरिराम जी के यहाँ रात्रि सहभोज किया गया। श्री जोंटी ने आगे बताया कि वहां के मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। श्री जोंटी ने आगे बताया कि बूथ अध्यक्ष जय करण मौर्या के यहाँ रात्रि विश्राम किया और सुबह का नाश्ता करने के बाद उनके परिवार को धन्यवाद किया गया। उन्होंने कहा कि झुग्गी वासियों ने ठाना है, दिल्ली में भाजपा को लाना है। इस मौके पर सुशील जोंटी के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राधा मोहन फाउंडेशन ने किया पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** 14 वर्ष से समाज सेवा में कार्यरत राधा मोहन फाउंडेशन द्वारा एक रचनात्मक पहल करते हुए नोएडा में पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें देश के नामचीन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के अलावा भारी संख्या में युवा पेंटरों ने शिरकत की और सैंकड़ों की संख्या में पहुँचे आर्ट लवर लोगों ने यहाँ पहुँचे कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

शहरी चकाचौंध से दूर प्रकृति की गोद में नोएडा सेक्टर-142 स्थिति फार्म हाउस पर जरूरतमंद बच्चों के साथ एक रचनात्मक पहल करते हुए राधा मोहन फाउंडेशन ने आई लाइट ग्लोबल सामाजिक संस्था के सहयोग से पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित व पिछड़े वर्ग से आने वाले जरूरतमंद बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए उन्हें पेंटिंग में आनंद के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास रहा।







पेंटिंग प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए राधा मोहन फाउंडेशन के मुखिया व समाजसेवी अशोक शर्मा ने बताया कि राधा मोहन फाउंडेशन उनकी पारिवारिक चैरिटी संस्था है। इसके माध्यम से हम अपने माता-पिता को सम्मान देते हैं। फाउंडेशन बीते 14 वर्षों से समाज के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जन कल्याणकारी कामों के माध्यम से मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास कर रहा है। राधा मोहन फाउंडेशन देश के विभिन्न हिस्सों में दर्जनों स्कूलों का संचालन करता है, इन सभी स्कूलों में स्वैच्छिक निःशुल्क कार्यकर्ताओं द्वारा जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देकर उनके हुनर को तराशने का प्रयास किया जाता है। राधा मोहन फाउंडेशन के कार्यक्रम में पहुँचे बच्चों को यहाँ आए दिग्गज कलाकारों से मिलने का मौका दिया गया।



झुग्गी विस्तारक योजना के निमित्त वजीरपुर झुग्गी-बस्ती में रात्रि प्रवास के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल व अन्य गणमान्य लोग।

# जहांगीरपुरी: नितिन गोयल ने कलस्टर में किया रात्रि प्रवास





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जी ब्लॉक कलस्टर में जिला केशवपुरम भाजपा जिला कार्यालय मंत्री नितिन गोयल ने रात्रि प्रवास किया। इस मौके पर उनके साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। नितिन गोयल ने बताया कि हम जहां पर भी जनसंपर्क और रात्रि प्रवास कर रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है। जनता भाजपा के साथ है। उन्होंने आगे बताया कि प्रवास के दौरान हम लोगों की समस्याओं से भी वाकिफ हो रहे है।

इस मौके पर जिला कार्यालय मंत्री नितिन गोयल ने आगे कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि लोग भाजपा की नीतियों व कार्यों से प्रभावित होकर बहुताय की संख्या में भाजपा से जुड़ रहे है।

# कांग्रेस ने हमेशा ही जनहित में किया कार्य: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बुधवार को जंगपुरा विधानसभा के अंगूरी देवी मंदिर, जीवन नगर, भोगल, भगवान नगर चौक, सनलाईट कॉलोनी, धर्मवीर मान रोड़, सनलाईट कॉलोनी-2, गुरुद्वारा रोड़, हरी नगर आश्रम, आश्रम फ्लाई ओवर, सम्मान बाजार, सेन्ट्रल रोड़ भोगल, भोगल जैन मंदिर, बाजार जंगपुरा, मिहिर चौक, अली गंज पिलंजी, सत्यनारायण मंदिर चौक, कोटला मुबारकपुर, कोटला मार्केट साउथ एक्स पार्ट -1 से निकलकर पार्ट-1 पेट्रोल पंप पर दिल्ली न्याय यात्रा का समापन हुआ।

दिल्ली न्याय यात्रा फेस-3 कैम्प में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने नव नियुक्त दिल्ली प्रभारी काजी निजामुददीन का स्वागत किया।



यात्रा में श्री यादव के साथ कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, सचिव प्रभारी सुखविन्दर सिंह डैनी, सचिव अभिषेक दत्त, पूर्व मेयर फरहाद सूरी, जिला अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार और विरेन्द्र कसाना, पूर्व विधायक आसिफ मौहम्मद खान, पूर्व निगम पार्षद दर्शना जाटव, नीतू वर्मा सोईन शामिल थी। डूसू चुनाव में एनएसयूआई उम्मीदवार रौनक खत्री अध्यक्ष और संयुक्त सचिव निर्वाचित लोकेश चौधरी भी कैंप पहुंचे। एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी और दिल्ली एनएसयूआई अध्यक्ष आशीष लाम्बा भी मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने जहां लोगों को हमेशा बांटने की कोशिश की है। चाहे जाति, वर्ग, समाज या क्षेत्र सभी को विभाजित करना भाजपा की नीति में निहित है, वहीं दिल्ली में पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण, स्वराज और जन लोकपाल जैसी जनता के समक्ष लोक लुभावनी बातें करके दिल्ली को बर्बाद करने वाले केजरीवाल आस्तीन का सांप साबित हुए है। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि जनता ने भाजपा और आम आदमी पार्टी को दिल्ली की बदहाली और बबार्दी का जिम्मेदार मानती है, जिसके कारण 2025 के विधानसभा चुनाव में बदलाव की ठान एक बार फिर कांग्रेस को दिल्ली के विकास की जिम्मेदारी सौंपना चाहती है।



झुग्गी-बस्ती में रात्रि प्रवास करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता धर्मवीर यादव साथ में है कई गणमान्य लोग।

# चांदनी चौक में फूंका गया आम आदमी पार्टी के विधायक का पुतला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल व जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह के नेतृत्व में चांदनी चौक से आप विधायक प्रहलाद सिंह सैनी का चांदनी चौक स्थित घंटाघर चौक पर पुतला फूंका गया।

इस दौरान सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। आप विधायक प्रहलाद सिंह सैनी के खिलाफ खोले गए मोर्चे में सांसद प्रवीण खंडेलवाल व जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, पूर्व महापौर अवतार सिंह सहित चांदनी चौक विधानसभा के संयोजक हरीश असड़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन गुप्ता, धर्मवीर शर्मा, व्यापारी नेता





गोपाल गर्ग, चांदनी चौक जिला उपाध्यक्ष अशोक तोमर, मंडल अध्यक्ष रोहित शर्मा चांदनी चौक, सिविल लाइन योगेश शर्मा, जामा मस्जिद, आशा वर्मा और विधानसभा प्रभारी अंजू जैन, विकास गहलोत, सतीश जैन, रीमा सरीन, चांदनी चौक युवा मोर्चा अध्यक्ष अमन वर्मा, सारिका श्रीवास्तव, महामंत्री राजा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने केजरीवाल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से दिल्ली में केजरीवाल की सरकार आई है तब से उसके विधायक भ्रष्टाचार में लिफ्ट है। चांदनी चौक का विधायक और उसका बेटा अधिगम पार्षद कोई भी काम क्षेत्र में नहीं कर रहा है, सिर्फ लूट खसोट के अलावा दोनों को कोई काम नहीं है तथा वह भी केजरीवाल के नक्शे कदम पर चल रहे हैं, भ्रष्टाचार करो और मौज करो।

# बुराड़ी: भाजपाइयों ने झुग्गी-बस्ती में किया रात्रि प्रवास, जनता की समस्याओं से हुए अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा किसी भी तरह से कोई वीक प्वांइट नहीं छोड़ना चाहती है। जिसके लिए भाजपा क्षेत्रीय जनता के बीच जाकर हाजरी दे रहीं है।

दिल्ली की सत्ता से लगभग 25 वर्ष तक बाहर रहने के बाद भाजपा किसी भी तरह से रिस्क नहीं लेना चाहती है, जिसको लेकर भाजपा दिल्ली प्रदेश के आदेश के बाद दिल्ली की सभी लोकसभाओं में स्थित झुग्गी-बस्तियों में भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित सभी सांसद, प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारी रात्रि प्रवास कर रहे है। इसी कड़ी में







बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ई ब्लॉक जहांगीर पुरी की झुग्गी-बस्ती में रात्रि प्रवास किया गया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कई बड़े पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा सागर त्यागी, विस्तारक प्रमोद विष्ट, मण्डल अध्यक्ष राम गोपाल शर्मा, बीएलए-1 रामकिशन बंशीवाल, इंदर सिंह, रामफल सिंघल, विक्रम कश्यप, सपना झुग्गी विस्तारक, झुग्गी प्रधान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें। इसी बीच गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि रात्रि प्रवास के दौरान लोगों से उनकी समस्याएं सुनी गई व पूरी रात जागकर उन सभी मुद्दों पर गहन चर्चा कर हल निकाला गया। उन्होंने कहा कि इस बार भ्रष्ट केजरीवाल सरकार को दिल्ली की सत्ता से उखाड़ कर हमेंशा के लिए दिल्ली से भगा देना है।

# गांवों में मिलेगी आनाज भंडारण की सुविधा

## जिन गांवों में सहकारी समिति नहीं वहां समिति का करें गठन: पंकज कुमार बंसल, केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी ने जिले के अधिकारियों के साथ की बैठक

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा: केन्द्रीय** सहकारिता विभाग के एडिशनल सेक्रेटरी पंकज कुमार बंसल ने जनपद की जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में जितनी भी ग्राम पंचायत में समिति नहीं है उनमें कार्य योजना बना कर समिति का गठन किया जाए। श्री बंसल ने कहा कि जो समितियां परिसपाधीन है। उनके परिसमापन की कार्रवाई प्राथमिकता से की जाए। जो निष्क्रिय समितियां हैं। उनके सक्रिय किया जाए। उन्होंने डेयरी विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक ग्राम में कलेक्शन सेंटर



स्थापित किए जाएं। मत्स्य विभाग को निर्देशित किया गया कि उन ग्राम सभाओं को चिन्हित कर लें जहां मत्स्य विभाग की समिति स्थापित की जा सकती है। सहकारिता विभाग को निर्देशित किया गया कि सर्वे करा कर उन समितियों को चिन्हित कर लें जहां कृषकों को अन्न भंडारण के लिए गोदाम निर्माण की आवश्यकता है। अधिक से अधिक समितियों को राष्ट्रीय जैविक समिति, राष्ट्रीय निर्यात समिति एवं राष्ट्रीय बीज समिति में सदस्यता ग्रहण कराई जाए। जिससे समिति की आय में वृद्धि हो सके। सीडीओ मनीष कुमार मीना, प्रदेश सहकारिता विभाग के एडिशनल रजिस्ट्रार देव मणि शर्मा, पीडी एके उपाध्याय, सीवीओ डॉ. विपिन गर्ग, सहायक निबंधक सहकारिता विवेक कौशल, मत्स्य के एडी राहुल कुमार, पराग डेरी जीएम राजेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक सुमित शर्मा आदि साथ थे।

**डीसीबी व सहकारी समिति औरंगाबाद का किया निरीक्षण**

केन्द्रीय सहकारिता विभाग के एडिशनल सेक्रेटरी ने डेम्पियर नगर स्थित जिला सहकारी बैंक के निरीक्षण में निर्देश दिया गया कि कॉस्ट ऑफ मैनेजमेंट को 1.5 प्रतिशत पर रखा जाए। विविधीकरण लोन को बढ़ाया जाए। साथ ही डिपाजिट को बढ़ाने के प्रयास किये जायें। उन्होंने सहकारी समिति औरंगाबाद के निरीक्षण के समय निर्देश दिया गया कि समिति के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए दलहन ,तिलहन एवं बाजरा की खरीद के क्रय केंद्र समितियों पर स्थापित किये जायें। समितियों का ऑडिट नियमित कराया जाए। यदि ऑडिट विभाग नहीं कर पा रहा है तो सीए से ऑडिट कराया जाए। उन्होंने कहा कि समितियां क्रॉप लोन के अतिरिक्त अन्य प्रकार के लोन भी करें।

# 150 कारोबारियों के जारी किये खाद्य पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: खाद्य** सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने हिंदू विश्रांति कुंज, सब्जी मंडी धर्मशाला, कोसीकलां तहसील छाता में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कोसीकलां के सहयोग से रेहड़ी, पटरी, खोमचे वाले एवं अन्य फेरी खाद्य व्यापारियों के लिए निशुल्क पंजीकरण शिविर का आयोजन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा द्वारा किया गया। शिविर में पांच खाद्य लाइसेंस एवं 150 खाद्य पंजीकरण जारी हुए। धीरेंद्र प्रताप सिंह सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय द्वारा मौके पर खाद्य कारोबार कताओं को खाद्य लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर में मुख्य



खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान पाल सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, अरुण कुमार, दलबीर सिंह,

खाद्य सहायक ताराचंद धारिया एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारी अंकित मालवीय, मनीष अग्रवाल, दामोदर अग्रवाल, अशोक बठैनियां भी उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह द्वारा घीया मंडी में घी, जयसिंहपुर से बेसन एवं विशाल मेगा मार्ट डैम्पियर नगर से साबूदाने का एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गजराज सिंह द्वारा वृंदावन में पेठे के दो एवं पेड का एक नमूना संग्रहित किया गया। उक्त सभी छह नमूनें जांच के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं, जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दवा की दुकान पर नोटिस किया चस्पा

**मथुरा।**

**गोवर्धन** रोड पर जिला औषधि प्रशासन की टीम की ओर से की गई कार्यवाही में एक थैले में नशीले इंजेक्शन मिले थे। टीम का कहना है कि आरोपी थैले को छोड़कर भाग निकला था। टीम को इस बात का शक है कि जिस मेडिकल स्टोर का संचालन यह आरोपी करता है उसमें और नशीले इंजेक्शन और दूसरी प्रतिबंधित नशीली दवाएं हो सकती हैं। हालांकि इस काम में जुटे व्यक्ति का टीम के आगे से भाग निकलना और टीम को सिर्फ थैला मिला इस कहानी ही कार्यवाही पर संदेह पैदा कर रही है। गोवर्धन रोड पर नशे के इंजेक्शन बेचे जाने की सूचना औषधि विभाग को मिली थी। इसके बाद कार्यवाही की योजना बनाई। टीम मौके पर पहुंची। मेडिकल स्टोर संचालक को टीम के आने की भनक लग गई। बताया जा रहा है कि कार्यवाही होने से पहले ही विभाग से ही सूचनाएं लीक कर दी जाती हैं। जिससे कि संदिग्ध सतर्क हो जाते हैं, जिन मामलों में कार्यवाही होती है उनमें भी घोलमाल सामने आता रहा है। इस कार्यवाही से इस तरह के कार्यों में लगे लोगों में बेचैनी है। औषधि निरीक्षक प्रेम पाठक ने बताया कि मां चंद्रावली मेडिकल स्टोर पर सील लगा नोटिस चस्पा कर दिया गया है। दुकान के अंदर और इंजेक्शन रखे होने की संभावना है। हम इसकी जांच करना चाहते हैं। इसके लिए मेडिकल स्टोर पर नोटिस चस्पा कर सील लगा दी गई है। घटना से उच्चाधिकारियों को भी अवगत कर दिया गया है। दवा विक्रेता को बुलाने का प्रयास किया गया है, दवा विक्रेता इसके बाद भी नहीं आया है। इसके बाद आगे की कार्यवाही की गई है।

### उमा भारती ने चौमुहां मे किये ब्रह्मा जी के दर्शन

**मथुरा।**

**बुधवार** को सृष्टि रचयिता ब्रह्मा जी की नगरी में स्थित प्राचीन ब्रह्मा जी के मंदिर के मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने दर्शन किए। उन्होंने यहां साधु संतों एवं क्षेत्रवासियों से मुलाकात की। ब्रह्मा जी के मंदिर की बाउंड्रीवाल करवाने का आश्वासन भी दिया। महंत बाबा धनीराम दास ने बताया कि



बुधवार को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ब्रह्मा जी के प्राचीन मंदिर में पधारी। उन्होंने मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मनौती मांगी। सभी साधु संतों से कुशल क्षेम पूछी। तथा ब्रह्मा जी के मंदिर के चारों ओर बाउंड्री वॉल करवाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, ईश्वरलाल स, विकास तरकर, हरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र पहलवान, नरेश, नैरो, पहलाद दादा, चंदन सिंह, भप्पा भगत, लखन सिंह, संदीप राजपूत, राम प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### दो वारंटी पकड़े

**मथुरा।** थाना सुरीर पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना सुरीर संजीवकान्त मिश्र के मुताबिक वा?ण्टी अभियुक्त रामू उर्फ रामप्रकाश पुत्र महेन्द्रदत्त निवासी ग्राम सुरीर कलां थाना सुरीर को पीरबाबा ग्राम परसौतीगढ़ी से गिरफ्तार किया एवं एक वारण्टी अभियुक्त वलवीर सिंह पुत्र चिरंजीलाल निवासी नगला पाती थाना सुरीर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

### सड़कों के किनारे ढाबे और फूड कोर्ट बनाने के लिए सरकार देगी सब्सिडी

**लखनऊ: राज्य** में पर्यटन बढ़ाने के लिए सड़क किनारे अच्छी पर्यटक सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए प्रदेश के सभी 12 टूरिस्ट सर्किट स्थित गंतव्य स्थलों तक प्रमुख सड़कों के किनारे ढाबों, मोटल, फूड कोर्ट आदि विकसित करने के लिए सरकार सब्सिडी देगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 पर्यटन नीति-2022 के तहत दी जा रही 25 से 30 प्रतिशत तक की छूट पाने के लिए जो आवेदक योग्य हैं, उन्हें इस योजना का लाभ अवश्य मिले। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में वे साइड एमिनिटीज जैसे- ढाबों, मोटल, फूड कोर्ट बनाने के लिए जमीन खरीदने पर रजिस्ट्री शुल्क, स्टांप ड्यूटी फ्री की सुविधा दी जा रही है। इकाइयों के निर्माण पर 30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। इसके अलावा, वर्तमान में संचालित वे साइड एमिनिटी में ओपन रेस्टोरेंट, फैमिली रेस्टोरेंट, एसी रूम, शौचालय, बच्चों के लिए प्ले एरिया, आरओ सिस्टम, माड्यूलर किचन, फ्रीजर, सोलर लाइट आदि लगाने पर सब्सिडी देने का प्रावधान है।

# जिला स्तरीय समिति के लिए किया जाएगा सूचीबद्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: मुख्य** विकास अधिकारी मनीष मीना ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, एनडीए, सीडीएस इत्यादि की तैयारी के लिए छात्रों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिये जनपद स्तर पर वर्चुअल एवं साक्षात कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। क्रम में इच्छुक अध्यापन कार्य के लिए योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाओं अतिथि व्याख्याताओं के रूप में ली जायेगी। योग्य, अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तर पर चयन समिति की अनुशासन से परीक्षण व्याख्यान, ट्रायल लेक्च र के उपरान्त परीक्षा केन्द्र में जिला स्तरीय समिति द्वारा सूचीबद्ध किया जायेगा। इच्छुक योग्य अतिथि व्याख्याता विषय विशेषज्ञ उक्त परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिए व्याख्यान हेतु वांछित योग्यता सहित संक्षिप्त विवरण कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी मथुरा के कक्ष संख्या पांच में अन्तिम दिनांक 10 दिसंबर 2024 तक प्रस्तुत कर सकते है।

# महिंद्रा ने लॉन्च किए दो नए इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी - बीई 6ई और एक्सईवी 9ई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा ।** महिंद्रा ने अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी बीई 6ई और एक्सईवी 9ई को लॉन्च करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दुनिया में एक नया बेंचमार्क कायम किया है। इन्हें क्रांतिकारी इलेक्ट्रिक ओरिजिन आर्किटेक्चर ह्यइनग्लोह्न पर बनाया गया है और इन्हें दुनिया की सबसे तेज ऑटोमोटिव कंपनी एमएआईए द्वारा संचालित किया जाता है। ये वाहन महिंद्रा के ह्यअनलिमिट इंडियाह्न के विजन को साकार करते हैं। ह्यअनलिमिट इंडियाह्न के विजन में एक ऐसे दौर की कल्पना की गई है, जहां भारतीय




इनोवेशन और डिजाइन न केवल ग्लोबल बेंचमार्क को चुनौती देते हैं, बल्कि नए बेंचमार्क भी स्थापित करते हैं। बीई 6ई और एक्सईवी 9ई की शुरूआती कीमतोंह्न की घोषणा आज ग्लोबल प्रीमियर में की गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव सेक्टर के प्रेसिडेंट और महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर वीजय नाकरा ने कहा, हमारी इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी, बीई 6ई और एक्सईवी 9ई अनलिमिटेड लव के बारे में हैं।

# थानाध्यक्ष के कार की टक्कर से घायल ऑटो चालक की मौत

**वाराणसी: बड़ागांव** थाना क्षेत्र के हरहुआ रिंगरोड चौराहे के समीप पिछले दिनों राजातालाब थानाध्यक्ष की कार से टक्कर में घायल ऑटो चालक देवीशंकर राय (55) की बुधवार अपरान्ह में इलाज के दौरान मौत हो गई। चालक की मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया। इस मामले में थानाध्यक्ष के खिलाफ पहले से ही मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के बाद नाराज लोगों ने राजातालाब थानाध्यक्ष की पिटाई भी की थी। मृत ऑटो चालक देवीशंकर राय के परिजनों का आरोप है कि पुलिस उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

# यस बैंक ने एमएसएमई को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को तेज किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** भारत में निजी क्षेत्र का छठा सबसे बड़ा बैंक और एमएसएमई बैंकिंग में अग्रणी यस बैंक उत्तर भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में विकास के साथ-साथ इनोवेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। क्षेत्र के एमएसएमई, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। उनका यह योगदान राष्ट्रीय जीडीपी को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में

YES BANK

75 जिलों में 96 लाख एमएसएमई हैं, जबकि दिल्ली-एनसीआर विनिर्माण से लेकर सेवाओं तक के विविध व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र बना हुआ है। उल्लेखनीय रूप से, उत्तर भारत में एमएसएमई क्षेत्र के 2030 तक 9 प्रतिशत से अधिक सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, जो इसकी अपार संभावनाओं को रेखांकित करता है। यस बैंक के कार्यकारी निदेशक डॉ. राजन पेंटल ने कहा, उत्तर भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और आर्थिक विकास को समर्थन देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता आज भी पहले की तरह कायम है। हमारे एमएसएमई ऋण पोर्टफोलियो का 36 प्रतिशत हिस्सा इस क्षेत्र से आता है और जमाराशियों में 27.5 प्रतिशत की मजबूत वार्षिक वृद्धि के साथ, उत्तर भारत यस बैंक के रणनीतिक विस्तार का आधार बना हुआ है। हमने वित्त वर्ष 2025 में टियर-2 और टियर-3 शहरों में आठ नई शाखाएँ खोली हैं अगले 3-5 वर्षों में देश भर में 350-400 नई शाखाएँ खोलने का लक्ष्य रखा है। हमने वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही के दौरान एमएसएमई ऋणों के पेटे 5,000 करोड़ रुपये वितरित किए, जिससे पहुँच और विकास को बढ़ावा मिला।

# चौकी इंचार्ज सडक हादसे में घायल

**मथुरा: थाना** हाईवे की की पुलिस चौकी बालाजीपुरम पर तैनात चौकी इंचार्ज संजय यादव सडक दुर्घटना में घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार की रात को वह अपनी बाइक से थाना हाईवे से चौकी बालाजीपुरम के लिए निकले थे। पुराना एआरटीओ कट पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसके बाद वाहन चालक भाग निकला। घायल अवस्था में उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश कर रही है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले हैं।

# जैंत क्षेत्र में मिला 15 फीट लंबा अजगर

## गौरक्षक दल कार्यकताओं ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: बुधवार** की सुबह 8 बजे थाना जैत क्षेत्र में एक अजगर सांप निकलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई। गौ सेवा रक्षकों ने सांप का रेस्क्यू किया। और बोरे में बंद कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। नेशनल हाईवे के समीप एक पेट्रोल पंप के बराबर एक विशालकाय अजगर आबादी की तरफ बढ़ रहा था। अजगर पर स्थानीय लोगों की नजर पड़ी। स्थानीय लोग काफी संख्या में एकत्रित हो गए। और उसे भगाने का प्रयास किया। लेकिन अजगर वहां से आबादी की तरफ बढ़ने लगा। वहीं सूचना पर कुछ गौ सेवक भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद श्याम सिंह, बनवारी एव खजान सिंह ने हिम्मत करते हुए अजगर सांप का रेस्क्यू किया। और काफी मशक्कत के बाद उसे पड़कर एक बोरे में बंद कर दिया। गौ सेवक श्याम सिंह के द्वारा बताया गया कि विशालकाय अजगर को पकड़ कर जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है। खजान सिंह ने बताया कि यह आजगर आबादी की तरफ आ रहा था। और निश्चित तौर पर किसी को अपना शिकार बना लेता। लेकिन गनी मत रही कि इस पर लोगों की नजर पड़ गई।

जिससे इसे पकड़ लिया ।और जंगल में छोड़ दिया। बताया गया है कि अजगर होने की सूचना मथुरा वन विभाग को दी गई थी लेकिन वहां से कोई भी टीम नहीं पहुंची। जिसके बाद लोगों में आक्रोश बना हुआ था।

# बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मथुरा टॉप टेन में

## 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने में मथुरा प्रदेश के टॉप टेन जनपदों में है। मथुरा जनपद ने प्रदेश में वाराणसी, लखनऊ, बरेली, सहारनपुर, आगरा, मेरठ के बाद मथुरा ने सबसे बेहतर काम कर के दिखाया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अब 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। सभी को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में जनपद मथुरा ने प्रदेश में सातवां स्थान हासिल किया है। जनपद में योजना शुरू होने के बाद से अब तक 7165 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि योजना के अंतर्गत जनपद आगरा के 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए समस्त राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों द्वारा विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं । कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल फोन में प्ले स्टोर से आयुष्मान भारत एप डाउनलोड कर एप की मदद से भी आयुष्मान कार्ड बना सकता है। इसके अलावा जन सेवा केंद्र, पंचायत सहायक, कोटेदार, आशा, आंगनबाड़ी एवं अन्य फील्ड लेवल वर्कर के माध्यम से आप अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने जनपद के सभी 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों से अपील की है कि वह अपना आयुष्मान कार्ड बनवाकर योजना का लाभ उठाएं। योजना के नोडल अधिकारी डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि अभी तक 7165 वरिष्ठ नागरिकों ने आयुष्मान कार्ड बनवाएं हैं। अन्य 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोग भी योजना का लाभ उठाएं।

### ऐसे बनवाएं आयुष्मान कार्ड

आयुष्मान भारत योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा, जहां पर विजिट करना होगा। आधार कार्ड में जन्मतिथि के आधार पर आवेदन हो सकेगा। इस पोर्टल पर स्पेशल कार्ड के लिए अलग से विंडो होगी। इसके साथ ही गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप डाउनलोड करके उसके जरिए भी आवेदन कर सकते हैं। इस ऐप में अलग से फीचर होगा, जिसके जरिए आवेदन किया जा सकेगा। ई केवाईसी विकल्प के बाद नया कार्ड जनरेट हो जाएगा।

# बालिकाओं को मौसमी फल और दूध मुहैया कराएगी सरकार

## दैनिक उपभोग और शिक्षण सामग्री की खरीद के लिए जेम पोर्टल का उपयोग अनिवार्य किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ : उत्तर** प्रदेश सरकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में अध्ययनरत छात्राओं के पोषण और समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्राओं को ताजे मौसमी फल, दूध और अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह पहल छात्राओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। सरकार का उद्देश्य छात्राओं के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करना है। इस पहल से न केवल बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव पड़ेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने में भी मदद मिलेगी। यह पहल उनके शैक्षिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के साथ-साथ उन्हें समाज में एक मजबूत और सशक्त भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगी।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के लिए सभी निविदाएं समाचार पत्रों और एनआईसी पोर्टल पर प्रकाशित की जाएंगी। प्रक्रिया को 28 फरवरी 2025 तक पूरा कर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी प्रकार की देरी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होगी।

**उद्देश्य**

**शारीरिक और मानसिक विकास के शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की जा रही है**

**जेम पोर्टल के माध्यम से अनिवार्य खरीदारी:** सरकार ने दैनिक उपभोग और शिक्षण सामग्री की खरीद के लिए जेम पोर्टल का उपयोग अनिवार्य किया है। यह कदम क्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करेगा। विशेष रूप से, छात्राओं को पराग, अमूल, ज्ञान और मदर डेयरी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स से दूध उपलब्ध कराया जाएगा। डिप्टी डायरेक्टर और वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. मुकेश सिंह ने बताया कि यदि आपूर्ति की गई सामग्री मानक के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो संबंधित फर्म की धरोहर राशि जब्त कर उसे काली सूची में डाल दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

**गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निगरानी समिति:** सामग्री की गुणवत्ता की जांच और निगरानी के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति नियमित रूप से आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण करेगी। आपूर्ति की गई सामग्री के नमूने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय और संबंधित विद्यालयों में संरक्षित किए जाएंगे।

**समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है योगी सरकार:** सरकार का यह प्रयास केवल पोषण तक सीमित नहीं है।

# पेंशन के लिए 54000 आवेदकों की सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण

## बगैर सत्यापन के नहीं मिलेगी किसी भी प्रकार की पेंशन

**टीम एक्शन इंडिाय**

**मथुरा: प्रदेश** सरकार के द्वारा विधवाओं एवं वृद्धाओं को जीवन यापन करने के उद्देश्य से पेंशन दी जाती है। जिससे कि पेंशन के माध्यम से जीवन यापन भली भांति व्यतीत कर सकें। यह पेंशन योजना समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वृद्ध एवं विधवाओं को दी जाती है। वहीं इस पेंशन के लालच में फजीर्वाड़ा भी पूर्व में किया जा चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार के द्वारा अब नए नियम लागू कर दिए गए हैं। जिसमें सभी पेंशन भोगी वृद्धाओं एवं विधवाओं को समाज कल्याण विभाग में सत्यापन कराना होगा तभी उनको पेंशन मिल पाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पाल ने बताया है कि अब तक 54000 आवेदकों का सत्यापन हो चुके हैं लेकिन और अन्य ऐसे पेंशन भोगी लोग हैं जिनका सत्यापन अभी नहीं हुआ है जिसके लिए सत्यापन करने के लिए निर्देश दिए हैं। वही समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पाल ने बताया है कि हर सोमवार को समाज कल्याण विभाग में आकर अपना सत्यापन कर सकते हैं तो वहीं नई पेंशन के लिए भी जन सुविधा केंद्र से आवेदन जमा कर सकते हैं। यह सत्यापन इस वजह से भी कराया जा रहा है कि पेंशन लेने वाले पेंशन भोगी इस दुनिया में नहीं रहे हैं लेकिन उनके खाते में पेंशन फिर भी पहुंच रही है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 नवंबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## ऋषिकेश में पर्यटन विकास के लिए 66 करोड़ जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने तीर्थनगरी ऋषिकेश में पर्यटन विभाग के अधीन विभिन्न परियोजनाओं के लिए योजना के तहत कुल एक सौ करोड़ रुपये मंजूरी किए हैं। जिसमें से प्रथम किश्त के रूप में 66 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट फॉर कैपिटल इनवेस्टमेंट 2024-25 योजना के तहत स्वीकृत एक सौ करोड़ में से 66 करोड़ रुपये के विशेष लोन (सहायता) की प्रथम किश्त जारी कर दी है। प्रथम चरण की इस सहायता राशि का 75 प्रतिशत तक खर्च करने पर जबकि दूसरी किश्त के 34 करोड़ रुपये जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री धामी इस विशेष वित्तीय सहायता के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। इस संबंध में उन्होंने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी बात की थी। मुख्यमंत्री धामी ने इस सहायता राशि के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्राप्त वित्तीय सहायता से सरकार ऋषिकेश को पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करेगी।

## मानसरोवर की परंपरागत यात्रा का स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कैलास मानसरोवर की यात्रा परंपरागत मार्ग से शुरू कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर की पहल का स्वागत किया है। कांग्रेस नेता रावत ने अपने सोशलमीडिया एक्स पर टवीट कर कहा है कि उन्हें एक अच्छी खबर पढ़ने को मिली है। कैलास मानसरोवर यात्रा अपने परंपरागत मार्ग अर्थात धारचूला, लिपुलेख होकर तकलाकोट मानसरोवर और कैलाश की परिक्रमा करेगी। विदेश मंत्री के हवाले से यह बात सामने आई है, मैं बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने लिखा कि 'यदि ऐसा होता है तो मैं यह कहूंगा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार का जो पाप था, इस यात्रा को यहां से स्थगित कर तवांग से शुरू करवाने का, वह पाप धुल जाएगा।' उन्होंने कहा है कि आंशिक रूप से गुंजी में तप कर प्रधानमंत्री ने उस पाप को धो दिया था, मगर पूर्णतः यह पाप तभी धुलेगा, जब कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने परंपरागत मार्ग से पुनः संचालित होने लगेगी। चीन युद्ध के समय में यह यात्रा खंडित हो गई थी। बड़ी कोशिशें से इंदिरा गांधी ने इस यात्रा को पुनः प्रारंभ करवाया था।

# अपराध और दंड नहीं बल्कि न्याय है तीन नये कानूनों का भाव : सीएम

साइबर सिक्योरिटी की भूमिका विषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस (26-27 नवंबर) में हुए शामिल

भाव आपराधिक

▸▸ पहले साक्ष्य जुटाए जाएंगे, उसके बाद अपराधी को कटघरे में खड़ा किया जाएगा: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से देश में एक जुलाई-24 से तीन नए कानून लागू किये गये। यह तीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 हैं। इन सभी का भाव आपराधिक संहिता और दंड संहिता नहीं है बल्कि न्याय संहिता है। यह नागरिक सुरक्षा की संहिता है। इसके तहत पहले साक्ष्य जुटाए जाएंगे, उसके बाद अपराधी को कटघरे में खड़ा किया जाएगा। सुशासन की पहली शर्त कानून का राज स्थापित करना होता है। पिछले साढ़े सात वर्षों से प्रदेश में कानून का राज दृढ़ता से स्थापित है। वहीं देश विदेश में प्रदेश के कानून के राज की चर्चा हो रही है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किये जाने की 75वीं वर्षगांठ पर नवीन आपराधिक कानूनों के तहत न्याय प्रक्रिया में फॉरेंसिक विज्ञान एवं साइबर सिक्योरिटी की भूमिका विषयक राष्ट्रीय कांफ्रेंस के शुभारंभ पर कही। इस दौरान सीएम योगी ने फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट में नये ऑडिटोरियम का उद्घाटन भी किया। साथ ही बच्चों को विभिन्न कोर्सेज के सर्टिफिकेट प्रदान किये।

### सपा सरकार में दुर्दांत भू माफिया ने इंस्टीट्यूट की जमीन पर कर लिया था कब्जा

**सीएम** योगी ने कहा कि इंस्टीट्यूट की जमीन पर प्रदेश के एक अंधकार युग (सपा सरकार) में दुर्दांत भू माफिया ने कब्जा कर लिया था। ऐसे में भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर जमीन को खाली कराया गया और आज उसी जमीन पर भव्य इंस्टीट्यूट खड़ा है, जहां विभिन्न पाठ्यक्रम की पढ़ाई हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति क्या थी, यह किसी से छुपी नहीं है। प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त थी। उस दौरान गुंडागर्दी चरम पर थी। एक शरीफ व्यक्ति सड़कों पर नहीं आ सकता था। वह घर से बाहर आने में डरता था। दुर्दांत अपराधी और माफिया स्वच्छंद होकर पैरेलल समानांतर सरकारें संचालित करते थे। उसका दुष्परिणाम यह था कि प्रदेश के नौजवानों और नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया। वहीं आज प्रदेश दंगा मुक्त, गुंडा मुक्त और माफिया मुक्त है। सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में पुलिस में खाली पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की है। इस दौरान 1,54,000 से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती पारदर्शी तरीके से की गयी। वहीं हाल ही में 60,200 पुलिस कार्मिकों की नई भर्ती की प्रक्रिया संचालित है, जिसका रिजल्ट भी आ गया है। सीएम योगी ने युवाओं को टेक्नोलॉजी से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक राजेश्वर सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, एडीजी जीके गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

**सकारात्मक सोच के लोग टेक्नोलॉजी से न भागें: सीएम योगी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 26 नवंबर 1949 की तिथि स्वतंत्र भारत के इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण तिथि है। भारत माता के सपूत बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को 75 वर्ष पहले भारत ने अंगीकार किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर 2015 से इस तिथि को पूरे देश में संविधान दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि टेक्नोलॉजी के प्रयोग से विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, लेकिन कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल कर लोगों को आर्थिक चोट पहुंचा रहे हैं। ऐसे में साइबर फ्रॉड्स और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं को रोकने के लिए टेक्नोलॉजी का सकारात्मक इस्तेमाल करना होगा। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के लोग टेक्नोलॉजी से भागेंगे तो नकारात्मक लोग उस पर हावी होंगे। ऐसे में हमे उन्हे हावी नहीं होने देना है। सीएम ने कहा कि साइबर फ्राड्स से निपटने के लिए पहले चरण में प्रदेश के 18 रेंज में साइबर थानों की स्थापना की गयी है। इसके बाद 75 जनपद में स्थापना की गयी। वहीं आज प्रदेश के सभी 1775 थानों पर एक-एक साइबर हेल्प डेस्क संचालित हैं। इसी के तहत प्रदेश में पहला उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की स्थापना की गयी ताकि बच्चे से साइबर फ्राड्स की पढ़ाई कर इसे रोकने में अपना सहयोग करें।



प्रयागराज दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के दिवंगत कुलाधिपति जस्टिस (सेवानिवृत्त) गिरिधर मालवीय के परिजनों से मुलाकात की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए गिरिधर मालवीय के योगदान को देश के लिए उपलब्धि बताया।

## गैरसैंण: हरक का सरकारों पर हमला, कहा- जनता के साथ धोखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने उत्तराखंड की सभी सरकारों पर गैरसैंण के मुद्दे पर जनता के साथ धोखा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सभी सरकारों ने गैरसैंण को राजधानी बनाने के वादे किए हैं, लेकिन हकीकत में कुछ नहीं किया है। पौड़ी मंडल मुख्यालय में अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर डॉ. रावत ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्य सचिव सुभाष कुमार और तत्कालीन डीआईजी कविराज सिंह नेगी को छोड़कर कौन सा अधिकारी पौड़ी में बैठकर जनता की समस्याएं सुनता है? उन्होंने कहा कि केवल इमारतें बनाने से राजधानी नहीं बनती।

विजय बहुगुणा के कार्यकाल का जिक्र करते हुए डॉ. रावत ने कहा कि उस समय उन्होंने मंच से ही कहा था कि देहरादून नियमित राजधानी और गैरसैंण ग्रीष्मकालीन राजधानी है। लेकिन हकीकत में गैरसैंण को राजधानी बनाने का सिर्फ दावा किया जा रहा है।

## पूर्व राजपरिवार विवाद: धूणी दर्शन नहीं हुए

अड़चन

▸▸ उदयपुर सिटी पैलेस में प्रवेश को लेकर सोमवार देर रात तक तनाव की स्थिति बनी रही थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुरः** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के विश्वराज सिंह मेवाड़ के चित्तौड़गढ़ के फतह प्रकाश महल में 25 नवम्बर को पाम्परागत राजतिलक की रस्म के बाद उदयपुर के सिटी पैलेस में प्रयागगिरि महाराज की धूणी के दर्शन में अड़चन के चलते बुधवार को एकलिंगनाथ महादेव के दर्शन कर शोक भंग की रस्म पूरी की गई। परम्परा है कि राजतिलक के उपरांत उदयपुर सिटी पैलेस में स्थित प्रयागगिरि महाराज की धूणी के दर्शन करने जाते हैं और वहीं पर कुलदेवता बाणनाथजी के दर्शन भी करते हैं। इसके बाद कैलाशपुरी स्थित एकलिंगनाथ महादेव मंदिर में दर्शन कर शोक भंग की रस्म की जाती है। पूर्व राजपरिवार में सम्पत्ति विवाद के चलते उदयपुर सिटी पैलेस में प्रवेश को लेकर सोमवार देर रात तक तनाव की स्थिति बनी रही थी। प्रशासन ने विवादित सम्पत्ति को कुर्क करने के साथ घंटाघर थानाधिकारी को रिसीवर नियुक्त किया था। लेकिन, मंगलवार को भी दोनों पक्षों में सकारात्मक स्थिति नहीं बन सकी और उदयपुर जिला कलेक्टर ने मंगलवार रात उदयपुर सिटी पैलेस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी। इन परिस्थितियों में राजतिलक के बाद विश्वराज सिंह ने दर्शन नहीं करा पाने को प्रशासन का फेल्योर बताते हुए बुधवार सुबह 10 बजे भगवान एकलिंगनाथ के दर्शन का तय कर लिया।

## निवेशकों को भायी योगी सरकार, तो खड़ी होने लगी उद्योगों की कतार

**टीम एक्शन इंडिया**

गोरखपुरः माहौल बदलने का असर क्या होता है, इसकी एक नजीर गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) में देखने को मिलती है। योगी सरकार की कानून व्यवस्था और इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियां ऐसी भायी हैं कि जिस गीडा क्षेत्र में निवेश करने से निवेशक कतराते थे, वहां उद्योगों की कतार खड़ी होने लगी है। बीते पांच सालों में गीडा द्वारा 297 एकड़ क्षेत्रफल में 333 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन इसका प्रमाण है। इस सिलसिले को



आगे बढ़ाते हुए गीडा के स्थापना दिवस पर 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी के 67 एकड़ के कुल 85 नए भूखंडों का आवंटन होने जा रहा है। इनमें से पांच बड़े निवेशकों को भूमि आवंटन का प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री अपने हाथों से सौंपेंगे।

भूमि आवंटन

▸▸ गीडा के स्थापना दिवस पर 67 एकड़ के 85 नए भूखंडों का होगा आवंटन, इससे 1068 करोड़ रुपये का आएगा

लंबे दौर तक पहचान को जूझता रहा गीडा क्षेत्र आज प्रदेश के औद्योगिक नक्शे पर चमक गया है।

## बालिकाओं को ताजे मौसमी फल और दूध मुहैया कराने की तैयारी में जुटी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में अध्ययनरत छात्राओं के पोषण और समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छात्राओं को ताजे मौसमी फल, दूध और अन्य आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह पहल छात्राओं के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-



साथ उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। सरकार का उद्देश्य छात्राओं के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित करना है। इस पहल से न केवल बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव पड़ेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनने में भी मदद मिलेगी।

समग्र विकास

▸▸ योगी सरकार में सत्र 2025-26 में केजीबीवी छात्राओं को मिलेंगी नई सुविधाएं, आदेश जारी

## डीएम की छापेमारी से हड़कंप, 73 कार्मिक मिले अनुपस्थित

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने नगर निगम कार्यालय में छापेमारी की। नगर निगम कार्यालय में पूर्वाह्न 10:10 बजे की गई छापेमारी के दौरान 73 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने छापेमारी के दौरान अनुपस्थित मिले सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सूचना का अधिकार से सम्बंधित पटल का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि रजिस्टर को अपडेट किया जाए।

दोगुने

इस साल (2024-205) के आंकड़े आने पर इसमें और बढ़त संभव है

## सात साल में दोगुने से अधिक बढ़ी तिलहन की उपज

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार के लगातार प्रोत्साहन से सात साल में तिलहन की उपज में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017-2018 में तिलहन की उपज 13.62 मिट्रिक टन थी, जो 2023-2024 में बढ़कर 28.15 मिट्रिक टन हो गई। इस साल (2024-205) के आंकड़े आने पर इसमें और बढ़त संभव है। यह सब मुमकिन हुआ योगी सरकार तिलहन के उत्पादन में वृद्धि की प्रतिबद्धता के चलते। साथ ही इसमें केंद्र सरकार का भी लगातार सहयोग रहा। तिलहन के



मामले में 2026-2027 तक उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो जाए, यह योगी सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इन फसलों की खरीद के साथ सरकार हर साल मिनी किट के रूप में किसानों को बेहतर उपज वाले उन्नत किस्म के निःशुल्क बीज भी मुहैया करवा रही है। इस क्रम में पिछले साल 10797.2 कुंतल बीज किसानों को दिए गए थे। इस साल 111315.6 कुंतल बीज मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। प्रगतिशील किसानों के यहां इन बीजों का खेतों में डिमांस्ट्रेशन (प्रदर्शन) और किसान पाठशालाओं के जरिए विशेषज्ञों द्वारा खेती के उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी भी सरकार लगातार मुहैया करा रही है। किसानों को यह भी बताया जा रहा है कि इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लागत कम, लाभ अधिक है। यही नहीं, रबी के सीजन में जो किसान दशहरे के बाद सरसों की बोआई कर चुके होंगे, उनको मार्च में फसल की कटाई के बाद रबी और खरीफ के बीच जायद की एक अतिरिक्त फसल लेने का भी मौका मिल जाता है। खासकर उड़द और मूंग की। इससे अतिरिक्त आय तो होती ही है।

